राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, सोमवार, 13 मई 2024
वर्ष 05, अंक 223, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लंबी पूंछतांछ के बाद अजीत सिंह व उसकी पत्नी को क्राइम ब्रांच की टीम ने लिया हिरासत में ...03

ईरान को खतरा हुआ तो देश में परमाणु बम बनाएंगे-कहा ...12

भारत की जेलों में ग़लत तरीके 9,600 से अधिक बच्चों को क़ैद रखा गया- अध्ययन

● लंदन के एक संगठन द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया है कि 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2021 के बीच भारत में लगभग 9,681 बच्चों को वयस्क लोगों की जेल में बंद रखा गया था. यह अध्ययन भारत की कुल 570 जिला और केंद्रीय जेलों में से 50 फीसदी पर आधारित है।

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- लंदन स्थित संगठन आईप्रोबोनो (iProbono) के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2021 के बीच छह वर्षों में लगभग 9,681 बच्चों को गलत तरीके से वयस्क जेलों में कैद रखा गया. वहीं, औसतन 1,600 से अधिक बच्चों को सालाना इन जेलों से बाहर स्थानांतरित किया जाता है।

हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, यह अध्ययन शोध और सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी पर आधारित है।

एक 'कानून से संघर्षरत बच्चे (सीसीएल)' नेहा ने कहा, 'छह साल तक मैं सोचती रही कि जेल ही मेरे जीवन का अंत होगा. मैंने अपना बचपन खो दिया।'

नेहा का मुश्किल वक्त साल 2018 में शुरू हुआ, जब 17 साल की किशोर उम्र में उसके पिता ने उस पर मां की हत्या का आरोप लगाया था. उसका मामला किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम के तहत आता था. इसके बावजूद वह वर्षों तक वयस्क जेल में बंद रही.

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष रवींद्र भट ने इस हालात के लिए राज्यों को जिम्मेदार ठहराया. उन्होंने कहा कि राज्य 'पैरेंस पैट्रिया' हैं यानी उन लोगों के कानूनी संरक्षक, जो खुद की रक्षा नहीं कर सकते. राज्य विफल हो गए हैं क्योंकि वे बच्चों की सुरक्षा करने में असमर्थ रहे हैं।

दिल्ली में शनिवार (11 मई) को जारी हुआ यह अध्ययन भारत की कुल 570 जिला और केंद्रीय जेलों में से 50 फीसदी पर आधारित है. विशेष रूप से, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, नागालैंड और लद्दाख जैसे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के जवाबों में महत्वपूर्ण चूक पाई गई. इन चारों जगह कुल 85 जिला और केंद्रीय जेलों से डेटा गायब मिला. प्रयास जेएसी सोसायटी के संस्थापक महासचिव अमोद कांत ने कहा, 'मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि पूरे भारत में जेलों में इतने सारे बच्चे कैसे बंद हैं, मुझे लगता है कि सभी हितधारकों और पुलिस के पास इसका समाधान खोजने के लिए अनेक अवसर हैं.'

कुछ विशेष जेलों से प्राप्त अतिरिक्त जानकारी जेल से स्थानांतरित किए जाने से पहले बच्चों द्वारा वहां हिरासत में बिताई गई अवधि पर प्रकाश डालती है. उदाहरण के लिए दिल्ली के तिहाड़ केंद्रीय कारागार की जेल नंबर 5 के आंकड़े इशारा करते हैं कि छह वर्षों में जेल से स्थानांतरित किए गए 730 बच्चों में से केवल 22 को एक सप्ताह या उससे कम समय के लिए वहां रखा गया था, जिनमें से अधिकांश ने हिरासत में तीन महीने से कम समय बिताया था।

इसी तरह के रुझान झुंझुनू जिला जेल में देखे गए, जहां जेल से स्थानांतरित किए गए 16 बच्चों में से केवल 3 ऐसे थे जिन्होंने एक सप्ताह या उससे कम समय हिरासत में बिताया.

इस संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति के अरुल वर्मा ने कहा कि जेजेबी (किशोर न्याय बोर्डों) के लिए जेलों के नियमित दौरों पर जाना कठिन होता है क्योंकि जेलों की संख्या काफी ज्यादा है और बोर्ड के ऊपर जरूरत से अधिक मामले संभालने का भी बोझ है. अध्ययन में आरटीआई अधिनियम के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों पर भी ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई है. ऐसे उदाहरणों का हवाला दिया गया जहां प्रारंभिक आवेदनों को गलत आधार पर खारिज कर दिया गया था।

आरटीआई आवेदन दाखिल करने में आने वाली प्रक्रियात्मक बाधाओं के बारे में भी चिंताएं व्यक्त की गईं, जिनमें से कुछ को गलत प्रारूप या भुगतान विसंगतियों के कारण खारिज कर दिया गया. उदाहरण के लिए, ओडिशा में आवेदनों को शुरू में निर्धारित प्रारूप का पालन नहीं करने के कारण खारिज कर दिया गया था, जबकि बाद के प्रयासों में भुगतान प्रतिबंधों के कारण बाधा उत्पन्न हुई, जिसमें नकद या मनीऑर्डर के अलावा कुछ भी स्वीकार करने से इनकार करना शामिल था. अपने प्रेस बयान में आईप्रोबोनो ने कहा कि ये अध्ययन, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम- 2015 (जेजे अधिनियम) के प्रभावी कार्यान्वयन की जांच करता है, जो कानूनी तौर पर यह अनिवार्य करता है कि किसी बच्चे पर अपराध करने का आरोप है या उसे दोषी पाया गया है, तो उसे उचित किशोर गृह में रखा जाना चाहिए।

संदेशखाली में फिर हुआ बवाल, TMC वर्कर को महिलाओं ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

संदेशखाली में लोकसभा चुनाव से पहले फिर से बवाल मच गया है. रविवार को टीएमसी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने एक टीएमसी वर्कर को न केवल दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, बल्कि टीएमसी विधायक का मोबाइल भी छीनने की कोशिश की.

स्वतंत्र प्रभात

लोकसभा चुनाव से पहले फिर से पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में फिर बवाल मच गया है. संदेशखाली में प्रदर्शनकारी महिलाओं ने टीएमसी वर्कर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है. टीएमसी कार्यकर्ता को पीटते हुए वीडियो वायरल हो गया है. रविवार को संदेशखाली थाने के सामने ग्रामीण महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया. महिलाओं की पुलिस से झड़प भी हुई. बीजेपी ने आरोप लगाया कि संदेशखाली के स्थानीय तृणमूल नेता दिलीप मल्लिक पीड़ितों को पैसे देकर और दबाव बनाकर कहानी बदल रहे हैं. बता दें कि पिछले कुछ दिनों में तृणमूल ने संदेशखाली के भाजपा नेता गंगाधर कयाल का एक वीडियो जारी किया है. इसमें पैसे लेकर पीड़ितों पर बयान देने के आरोप लगे थे. बीजेपी का आरोप है कि तृणमूल फर्जी वीडियो बनाकर पीड़ितों की कहानी बदल रही है. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दिलीप मल्लिक नाम का एक तृणमूल कार्यकर्ता पीड़ितों को प्रभावित कर रहा है.

रविवार को महिलाओं ने संदेशखाली थाने के सामने प्रदर्शन किया. इसके बाद महिलाओं के एक समूह ने एक तृणमूल नेता के घर पर हमला कर दिया. बाद में पता चला कि वह मकान तृणमूल नेता नारायण विश्वास का है. नारायण विश्वास के घर के पीछे सड़क किनारे दिलीप मल्लिक का घर है.

टीएमसी वर्कर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

वहीं, दोपहर में राजबाड़ी बाजार में बैठक से पहले तृणमूल विधायक सुकुमार महतो पार्टी नेतृत्व के साथ चर्चा कर रहे थे. वहां दिलीप मल्लिक भी थे. यह खबर सुनते ही थाने के सामने प्रदर्शन कर रही भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के समर्थक नारायण विश्वास के घर की ओर दौड़ पड़े.

प्रदर्शनकारियों ने नारायण विश्वास के घर के सामने गेट को घेरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया. महिलाओं ने टाटान नामक एक टीएमसी कार्यकर्ता पर हमला बोल दिया. वीडियो में देखा जा रहा है कि महिलाएं टीएमसी वर्कर को दौड़ा-दौड़ाकर पीट रही हैं. आरोप है कि उसके कपड़े फाड़ दिये गये.

विधायक सुकुमार महतो का भी घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया. आरोप है कि विधायक का फोन छीनने की कोशिश की गई थी. महिलाओं ने टाटान नामक एक तृणमूल कार्यकर्ता को विधायक के सामने खींच लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी. विधायक ने कहा, ÷लोग गुस्से में हैं. लोगों को गलत समझाया जा रहा है. स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश में पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ा. पुलिस से भी झड़प हुई. आरोप है कि महिलाओं ने विधायक का मोबाइल फोन भी छीनने की कोशिश की.

संदेशखाली में फिर हुआ विरोध प्रदर्शन

इस बीच रविवार को बीजेपी ने संदेशखाली थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया. वहां बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा भी थीं. रेखा पात्रा ने दावा किया कि यहां अब भी भ्रष्टाचार हो रहा है. वे हमारे नाम पर केस करने की धमकी दे रहे हैं. तृणमूल साजिश रच रही है. उन्होंने मां-बहनों पर अत्याचार किया है. हमारा आंदोलन राजनीतिक नहीं था. दिलीप मल्लिक, भक्त दास, बाबू मंडल यह सब भाजपा को बदनाम करने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि वह हमारे साथ खड़ी हैं. रेखा ने दावा किया कि राज्य पुलिस रात के अंधेरे में जेलखाली में एक व्यक्ति के घर गई और उसे परेशान किया. रोहिंग्याओं ने किसी के घर पर हमला कर दिया. उसका हाथ टूट गया है. लेकिन पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के बजाय उस घर के लोगों को ही गिरफ्तार कर लिया. ऐसा क्यों होगा? हम आज राज्य पुलिस से जवाब मांग रहे हैं. वे ऐसा क्यों करेंगे?

संक्षिप्त ख़बरें

सफाई कर्मी चुनाव ड्यूटी में और गंदगी के ढेर में तब्दील हो रहे हैं सरोजनी नगर के गांव

लखनऊ। सरोजनीनगर विकास खंड में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगने से गांवों में अब गंदगी का अम्बार लगने लगा है एक माह से भी ज्यादा समय से सफाई ना होने से नालिंया बजबजा रही है। रामदासपुर गाँव इसकी नजीर है लेकिन इस चीज से न खंड विकास अधिकारी को लेना देना है न ही सहायक विकास अधिकारी पंचायत को। रामदासपुर गाँव में लगभग एक माह से सफाई कर्मी नदारद है पूछने पर पता चला कि उनकी ड्यूटी चुनाव में लगी है। गाँव में गंदगी के कारण मच्छर पल रहे हैं लेकिन सरोजनीनगर विकास खंड के अधिकारी कुम्भकर्णी से अभी जाग नहीं रहे हैं। सरोजनीनगर विकास खंड में ऐसे तमाम गाँव है जहाँ सफाई कर्मचारी नदारद है जबकि चुनाव 20 मई को होना है लेकिन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी अभी से लगा दी गई है।

जंगली सूअर के हमले से किसान घायल

शाहाबाद हरदोई। काला गाड़ा गांव में खेत पर कर काम कर रहे एक किसान पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में किसान को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काला गाड़ा निवासी सोनपाल 45 वर्ष पुत्र बनवारी सुबह तकरीबन 9ः00 बजे अपने खेत पर काम कर रहा था। उसी समय गन्ने के खेत से निकले एक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। हमले के वक्त आसपास के किसान सूअर के ऊपर दौड़ पड़े जिससे वह भाग गया। जंगली सूअर ने किसान के पैर को निशाना बनाया। पैर में गंभीर चोट होने के कारण उसे तत्काल सीएचसी लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

निकासा में पुलिस बल पर हमला, भागकर बचाई जान

● रात में दुकानों को बंद कराने की कहने पर हुआ विवाद

20 नामजद 50 अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

मथुरा। कोसीकलां शहर के मोहल्ला निकासा में आधी रात को खुली दुकानों को बंद करने की कहने पर विवाद हो गया। हमलावरों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। जमकर पथराव हुआ और चौकी प्रभारी की गाडी तोड डाली। पुलिस को भागकर जान बचानी पडी। अतिरिक्त फोर्स पहुंचने के बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाया और करीब चार उपद्रवियों को अपने साथ ले आई। दरअसल पुलिस किसी भी घटना से बचने के लिए रात में दुकानों को बंद करा देती हैं। लेकिन बीती रात मोहल्ला निकासा की दुकानें आधी रात तक बंद नहीं हुई। टीम के साथ गस्त पर निकले कस्बा चौकी प्रभारी मोहित ने इसे देखकर दुकानों को बंद करने के लिए कहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब लोगों ने पुलिस की नहीं सुनी तो वहां कहासुनी हो गई। एक के बाद एक दुकानदार एकत्रित हो गया और विवाद बढ गया। पुलिस ने कहा कि देर रात में दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। जिससे लोग आक्रोशित हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस ने सख्ती दिखाई और लाठियां फटकारी तो उपद्रव शुरू हो गया। उपद्रवियों ने वहां पथराव कर दिया। जिससे कस्बा चौकी प्रभारी कार क्षतिग्रस्त हो गई। भीषण पथराव के बाद पुलिस बल को वहां से जान बचाकर भागना पडा। घटना के बाद अतिरिक्त फोर्स बुलाई और उपद्रवियों को खदेड़ा गया। बताते हैं कि पुलिस ने घंटों तक मोहल्ले में कार्रवाई की। करीब तीन से चार लोगों को हिरासत में भी लिया है। बताते हैं कि रविवार को पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर दोबारा कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस टीम पर मारपीट करने के आरोप लगे। जिसके विरोध में निकासा मोहल्ले की दुकानें बंद रही। इस मामले में चौकी प्रभारी मोहित राणा ने 20 नामजदों के अलावा 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी के जांच से बैखौफ एम्बुलेंस के जिला स्तरीय अधिकारी केस बढ़ाने का दे रहे टिप्स

● बिना गाड़ी चले ही बढ़ जाते हैं 10-15 केस

आखिर में क्यों चल रहा केस बढ़ाने का खेल

क्या जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के रेंज से बाहर है एंबुलेंस विभाग

मीडिया को केवल परेशान करने का फंडा बताते हैं एम्बुलेंस के अधिकारी

इसकी सेटिंग राज्य कार्यालय लखनऊ से होती

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। जिला में इस समय एम्बुलेंस के फर्जी वाड़ा का न्यूज बहुत जोर सोर से चल रहा है इसकी शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी से हुई और धीरे धीरे विकराल रूप रख लिया है और धीरे धीरे इसको छोटे बड़े सब मीडिया अपने अपने नजर से सच्चाई का उधेड़बुन कर रहे हैं परन्तु इसकी शुरुआत स्वतंत्र प्रभात ने की और स्वतंत्र प्रभात टीम को आज पुनः एक नया साक्ष्य प्राप्त हुआ और इससे साबित होता दिख रहा इसकी जाल बहुत बड़ी फैली हुई है और यह सब लखनऊ बैठे अधिकारी कराते है।

अब तक सभी लोगों ने फर्जी केस बनाने के लिए किस तरीके से गाड़ी चलाई जाती है और किस तरीके कागजों में गाड़ी के टाइमिंग और किलोमीटर का खेल होता है

इसी क्रम में आज स्वतंत्र प्रभात टीम को ऐसा साक्ष्य प्राप्त हुआ जिसमें स्पष्ट हो रहा दिमाग लगाओ बगैर गाड़ी चलायें नया केस तैयार।

साक्ष्य के रूप में प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी विनोद मिश्रा एवं अजहरुद्दीन का कुछ आडियो प्राप्त हुआ जिसको जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। हम सब पहले चर्चा करते हैं प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा के केस बढ़ाने के आइडिया का उन्होंने एक कर्मचारी के पास फोन पर वार्ता करते हुए केस बढ़ाने का दबाव डाल रहे हैं जबकि कर्मचारी द्वारा बताया जाता है हमारा टारगेट पूरा हो रहा है कुछ सही कुछ फर्जी केस से फिर अमित वर्मा के तरफ से जबाब आता है दो डबल करो जिससे केस की संख्या भी बढ़ जायेगी और गाड़ी भी नहीं चलेगी अब इस दो डबल आइडिया का क्या फंडा है बिना गाड़ी चलायें केस बढ़ जायेगा अब दो डबल आइडिया का क्या फंडा है इसकी पूरी जानकारी अमित वर्मा ही बता सकते हैं, अमित वर्मा का कहना है इस समय खोपड़ी कांउटर हो रहा है केस बढ़ाने का बिना गाड़ी चलायें।

अब क्षेत्रीय प्रभारी विनोद मिश्रा की बात करते हैं यह तो यहां तक बताते हैं जो केस पहले हुआ 10- 15 नाम और मोबाइल नम्बर लिखकर रख लो उसी नाम और मोबाइल नम्बर पर विनोद मिश्रा आई डी पास कराने का दावा किया जा रहा है और विनोद मिश्रा द्वारा इतना दावा किया जा रहा है गाड़ी मूव करा लो मैं सबकी आई डी शाम को पास करा दूंगा इससे साबित होता है इसका गैंग केवल अम्बेडकर नगर में ही इसका सबसे बड़ा खिलाड़ी खुद जीवीके है।

अब बात करने जा रहे हैं जिले के दूसरे क्षेत्रीय प्रभारी अजहरुद्दीन की ये तो अपने कर्मचारियों को केस बढ़ाने का दबाव इस प्रकार डालते हैं केस किसी भी तरीके से बढ़ाया जाए अगर मीडिया वाले मिलते हैं कुछ नहीं बोलना है अर्थात एक चुप हजार चुप मीडिया वाले फर्जी परेशान करते हैं बस किसी से कुछ नहीं बोलना बाद में हम देख लेंगे।

इस प्रकार अगर देखा जाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम और फील्ड में गाड़ी की जांच की तो उसके अधिकारी बिना गाड़ी चलायें ही 10-15 कैसे बढ़ाने का आइडिया दे डाला। अगर देखा जाए इनके द्वारा चलाए गए फड़े में जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी भी फेल हो जायेंगे,

जरा भी गलती की तो ये राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे - अमित शाह

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गोण्डा में पार्टी प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान को लेकर अखिलेश यादव पर सियासी तीर चलाए तो राहुल गांधी पर भी तंज कसे। उन्होंने कहा कि रामगोपाल यादव राम मंदिर को बेकार बताते हैं। इसलिए जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी, तब गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे, लेकिन जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से गुंडों को योगी आदित्यनाथ उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम कर रहे हैं।

शहर के टामसन इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने

राहुल गांधी पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को गरीबों की चिंता है। गरीबों के लिए आवास की व्यवस्था है। देश को मजबूत नेतृत्व चाहिए। यह मजबूत नेतृत्व नरेन्द्र भाई मोदी ही दे सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि पिछले दस साल में देश का तेजी से विकास हुआ है। हाईवे-एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। यह चुनाव लोगों को समृद्ध बनाने का चुनाव है। अमित शाह ने विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि जो राम काज से डरे, यूपी उसके साथ नहीं है। विपक्ष के नेता अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए, क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। विपक्ष के पास न नेता है न नीति है। राहुल गांधी पर हमलावर होते हुए गृहमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में राहुल की तारीफ होती है। राहुल गांधी मंदिर का विरोध करते हैं। राहुल गांधी धारा 370 का विरोध करते हैं। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब सिर्फ नरेन्द्र मोदी ही उसके घर में घुसकर दे सकते हैं। इसलिए किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि कीर्तिवर्धन सिंह को लगातार तीसरी बार भारी बहुमत से जिताकर भेजने का मतलब है नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना। कीर्तिवर्धन सिंह ने गोण्डा में सबसे ज्यादा विकास करने का काम किया है। 680 किमी सड़क बनाने का काम कीर्तिवर्धन ने किया है। 517 करोड़ रूपए रेलवे में कामों के लिए कीर्तिवर्धन सिंह लेकर आए। इन्होंने गोण्डा में सड़कों का जाल बिछाने का काम किया है। गरीबों को आवास से लेकर शौचालय, पेंशन, गैस सिलेंडर, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने का काम भी कीर्तिवर्धन सिंह ने किया है। गोण्डा के चहुंमुखी विकास के लिए, बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए, गुंडई, अराजकता, लूटपाट के खात्मे के लिए कीर्तिवर्धन सिंह को रिकॉर्ड वोटों से जिताकर भेजिए। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का है। यह चुनाव देश को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का है। यह चुनाव पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए मुंहतोड़ जवाब देने का चुनाव है। यह चुनाव आतंकवादियों की गोली का जवाब गोली से देने का है। यह चुनाव तीन लाख लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हरकतों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक करके उसके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। दुनिया जानती है कि यह कांग्रेस की नहीं, बल्कि नरेन्द्र मोदी की सरकार है। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब तक सपा, बसपा, कांग्रेस की सरकारें चलीं, कोई काम नहीं होते थे। भाजपा की सरकार बनी। गोण्डा में कीर्तिवर्धन सिंह को आपने सांसद बनाया। उन्होंने फ्लाईओवर बनाने का काम किया। सरयू नदी पर पुल बनाने, महादेवा क्रासिंग, मिश्रौलिया और सोनी गुमटी में तीन रेलवे ओवरब्रिज बनवाए और 517 करोड़ रूपए कीर्तिवर्धन सिंह गोण्डा के लिए रेलवे के कामों के लिए लेकर आए। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कहकर जा रहा हूं। दो साल बाद देख लेना नवाबगंज का रेलवे स्टेशन इंग्लैंड के रेलवे स्टेशन से कम नहीं होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

परिवार के सोते रहे चोरो ने साफ किया 25 लाख नकदी और जेवरात

बस्ती। बस्ती जिले में पैकोलिया थानाक्षेत्र के बरगदवा गांव में शुक्रवार की रात उमाशंकर सिंह के घर घुसक कर चोरों ने 25 लाख नकदी समेत लाखों के जेवरात उठा ले गए। शनिवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी गई।उमाशंकर सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनकी भाभी शकुंतला सिंह सुबह करीब चार बजे नींद खुली तो देखा मकान के एक कमरे में बाक्स के पास कुछ थैले इधर-उधर बिखरे पड़े हैं। जब बाक्स के पास पहुंची तो देखा कि बाक्स का ताला टूटा हुआ है। परिवार के लोगो जब बाक्स आलमारी देखा तो पता चला कि घर बनवाने के लिए रखे 25 लाख रुपये नकद समेत मंगलसूत्र एक, हार दो, सीकड़ दो, झाला दो, बिंदिया एक, नथुनी एक, अंगूठी आठ, पाजेब एक, पायल दो जोड़ी और बिछुआ गायब है।

अज्ञात बोलोरो की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति हुए घायल

बस्ती। बस्ती जिले में देर रात ब्लॉक हरैया श्रीपतपुर चौराहा अज्ञात बोलेरो ने पीछे से एक बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें नामदेव धर दुबे पुत्र श्री राम बक्स दुबे उम्र 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए दूसरे व्यक्ति को मामूली चोट आई। जिसको 108 एंबुलेंस द्वारा मदद मिली। घायल व्यक्ति ग्राम अगया थाना परशुराम अपने घर जा रहे थे।चौराहे पर मौजूद स्थानीय लोगों एंबुलेंस के लिए तत्काल 108 पर फोन किया और पुलिस को भी सूचना दी। 108 की एंबुलेंस कुछ ही समय में घटना स्थल पर पहुंच गई तत्काल 108 एंबुलेंस के ईएमटी अभय तथा चालक द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया भर्ती कराया गया। उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर द्वारा नामदेव धर दुबे की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें 108 एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया ,जहां उनका उपचार चल रहा है।

मौसम ने लिया अचानक करवट बदली मानसून

उतरौला(बलरामपुर) अचानक मौसम ने करवट ली और लोगों को गर्मी से राहत मिली। शनिवार को दोपहर में बादल घिरा व तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई जिससे मौसम सुहाना हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उतरौला, गैड़ास बुजुर्ग, महुआ बाजार, हुसैनाबाद, धुसवा बाजार में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। जिससे अचानक तापमान गिर गया। मई महीने में पिछले कई दिनों से सूरज की तपिश से लोग परेशान थे। जिसके चलते सुबह 11 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता था। लोग घरों से निकलने से बचते थे। कई दिनों से 40 डिग्री तापमान के बीच भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद खुशनुमा हुए मौसम से लोगों ने राहत की सांस ली है। लोगों ने बताया कि दिनभर चली हवाओं व आसमान में छाए बादल से लोगों को काफी राहत मिली है।नौनिहालों को स्कूल आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। मौसम के अचानक बादलव से बच्चों को राहत मिली। वहीं किसानों के अनुसार, बारिश से सब्जियों के साथ तरबूज, खरबूज और ककड़ी की पैदावार में इजाफा हुआ है। तोरई, लौकी, कद्दू, समेत अन्य सब्जियों में भी हरियाली लौट आयी है। फसल को फायदा होगा।

वाहनों की की जा रहा है चेकिंग गाड़ियों के हटवाए स्टीकर

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे के अतर्रा रोड हनुमान मंदिर के पास आज बांदा चित्रकूट लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु बांदा जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में सभी जगह मजिस्ट्रेट बनाकर लगाए गए हैं। जिसमें सभी आने-जाने वाले चार पहिया वाहन, बाइक, बस को खड़ा करवाकर सघन चेकिंग अभियान मजिस्ट्रेट के द्वारा कराई जा रही है। वहीं चार पहिया वाहन पर लगे राजनीतिक पार्टी के पोस्टर एवं स्टीकर को मजिस्ट्रेट के द्वारा हटवाये गए हैं। वही गाड़ियों में रखे बैग झोले की चेकिंग की गई है। इस मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

चुनाव बाद ढहेगा 60 साल पुराना एफसीआई गोदाम, नए कलेवर से तैयार होगा नया गोदाम

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में 60 साल पुरानी गोदाम को लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय खाद्य निगम यानी कि एफसीआई के 60 साल पुराने गोदाम को ढहाकर नया व आधुनिक बनाया जाएगा। इसके लिए निगम के प्रस्ताव पर शासन की मंजूरी मिल चुकी है और कार्यदायी कंपनी इसे ढहाने की तैयारी कर रही है। इसके माडर्नाइज्ड होने से जहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनाज को सुरक्षित किया जा सकेगा, वहीं यहां स्थापित क्रय केंद्र पर जिले के हजारों किसान भी अपना अनाज आसानी से बेच सकेंगे। रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर पर भारतीय खाद्य निगम ने 1963-64 में अपना गोदाम स्थापित किया था। जहां एक क्रय केंद्र के अलावा 5600 एमटी के दो गोदाम बनाए गए थे। इन गोदामों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनाज के अलावा क्रय केंद्र पर खरीदे गए गेहूं का भी भंडारण होता है। यहां एफसीआई के प्रबंधक के कार्यालय समेत कर्मचारियों के आवास व मजदूरों के टिनशेड भी बनाए गए हैं। दशकों पूर्व बने यह संसाधन अब पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। यहां तक कि क्रय केंद्र व उसके गोदाम भी खस्ताहाल हो चुके हैं। यही नहीं यहां बनाई गई चार मीटर पतली सड़क पर जब ट्रकों व अनाज लदे भारी वाहनों का रेला निकलता है तो एक तरफ से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। यहां अनाज के तौल के लिए स्थापित धर्मकांटा का फाउंडेशन भी अपनी दुर्दशा बयान कर रहा है। एफसीआई के जिला प्रबंधक धीरज सिंह ने उच्चाधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया तो इसके नवीनीकरण की योजना तैयार हो गई और मंजूरी देकर टेंडर भी फाइनल हो गया है। चुनाव बाद गोदाम व कार्यालय के नवीनीकरण करवाकर आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। बताया कि यहां 20 मीटर चौड़ी सड़क व 8340 एमटी क्षमता के दो गोदामों के निर्माण की योजना है

मेडिकल कॉलेज के सीटी स्कैन रूम में शार्ट-सर्किट से लगी आग

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा ईकाई ओपेक अस्पताल कैली के सीटी स्कैन रूम में शार्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई। आग से सीटी स्कैन रूम में लगा यूपीएस जल गया। गनीमत रही कि यूपीएस से धुंआ उठता देखकर कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति बंद कर आग को भड़कने से रोक लिया। फॉल्ट आने के बाद सीटी स्कैन के इंतजार में बैठे 18 मरीजों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। वहां मौजूद लोगों का कहना है कि सुबह 11 बजे के बाद जब सीटी स्कैन मशीन को चालू किया गया, उसी दौरान यूपीएस में शार्ट-सर्किट के बाद हुई तेज आवाज के बाद तेजी से धुंआ उठने लगा। ड्यूटी पर मौजूद रेजीडेंट चिकित्सक कमरे से बाहर की ओर भागे। उन्हें भागता देख बाहर मौजूद मरीजों और तीमारदारों में हड़कंप मच गया। धुंआ उठता देखकर मरीज भी भागने लगे। सीटी स्कैन कक्ष के पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद छरदही निवासी गंगाराम ने बताया कि तेज आवाज के साथ अंदर कमरे में धुंआ उठता देख मरीज डर गए। सोनहा से आए इज्जत अली ने बताया कि शार्ट-सर्किट के कारण आज जांच नहीं हुई, अगली तारीख दी गई है। इस बाबत सीएमएस डॉ. एन प्रसाद ने बताया कि शार्ट-सर्किट के कारण सीटी स्कैन रूम में लगा यूपीएस जल गया है। इस वजह से सीटी स्कैन सेवा प्रभावित हो गई।

एफ सीआई गोदाम के गार्ड ने आपसी विवाद में चलाई गोली

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के थाना पुरानी बस्ती अंतर्गत रेलवे स्टेशन एफ सीआई गोदाम में गार्ड की नौकरी कर रहे रामायण तिवारी ने आपसी विवाद में अनुराग दुबे को बंदूक से मारी गोली। गोली चलने के बाद अनुराग दुबे के दाहिने बाह एवं पीठ में एक-एक छर्रा लगा। गोली लगते ही मौके पर मौजूद लोगों ने अनुराग दुबे को जिला अस्पताल में कराया भर्ती जहां इलाज चल रहा है स्थिति सामान्य बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों ही पक्षों द्वारा अभी तक किसी ने थाने पर प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। विजय कुमार दुबे निवासी लगनहट थाना नगर एफसीआई गोदाम में गार्ड की नौकरी करते हैं देर रात्रि अपने ड्यूटी पर जा रहे थे कि रेलवे स्टेशन के करीब इनका एक ठेले वाले से टक्कर हो गया जिसकी वजह से इन्हें चोट आई जिन्हें जिला अस्पताल बस्ती में इलाज के लिए ले जाया गया। पिता को चोट लगने की सूचना मिलते ही पुत्र अनुराग दुबे जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने इलाज करने के बाद घर जाने के लिए छोड़ दिया। अनुराग दुबे अपने पिता का मोबाइल और मोटरसाइकिल लेने के लिए मध्य रात्रि एफसीआई गोदाम पर पहुंचे जहां पर गेट बंद था। गेट बंद होने के कारण गेट पर तैनात रामायण तिवारी निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली ने कहा की विजय कुमार दुबे के आने के बाद ही मोटरसाइकिल व मोबाइल मिल पाएगी उसके बाद दोनों में विवाद गाली गलौज शुरू हुआ। जिस पर एफसीआई के गार्ड रामायण तिवारी ने अनुराग दुबे के ऊपर गोली चला दी गोली का छर्रा दाहिने बांह वा पीठ पर लगी अनुराग दुबे का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है अभी खतरे से बाहर है खबर लिखे जाने तक स्थानीय थाना पर किसी भी तरह का अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है।

शिक्षण कार्य छोड़ भोला गुरुजी बने भाजपा के प्रचारक

●द्वविभाग के लिए चुनौती बने भोला गुरुजीट्ट

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती।बस्ती लोक सभा चुनाव 2024 का प्रचार प्रसार अपने चरम पर है । इसी कड़ी में कप्तानगंज ब्लाक प्रमुख मिथिलेश निषाद के पति/ प्रतिनिधि भोला गुरुजी विभाग से दुरभि संधि करके सत्तापक्ष अर्थात भाजपा के प्रचार - प्रसार में व्यस्त हैं।

मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड कप्तानगंज में मिथिलेश निषाद पत्नी भोला निषाद वर्तमान में ब्लाक प्रमुख हैं । ब्लाक प्रमुख मिथिलेश निषाद के पति / प्रतिनिधि भोला विकास क्षेत्र बनकटी के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात हैं लेकिन ये कभी कभार ही विद्यालय जाते हैं अधिकांशतः राजनीतिक रोटियाँ ही सेंकने में व्यस्त रहते हैं । वर्तमान में लोक सभा चुनाव की सरगर्मियां चरम पर हैं ऐसे में प्रमुख प्रतिनिधि भोला बच्चों का भविष्य दॉव पर लगाकर सत्तापक्ष अर्थात् भाजपा के प्रचार में लीन से हो गए हैं । जनपदीय जिम्मेदार भी भोला गुरुजी के आगे घुटने टेकने के लिए मजबूर हैं क्योंकि मामला सत्ता व रोजी रोटी से जुड़ा है । सूत्रों व स्थानीय जागरूक लोगो की माने तो भोला गुरुजी साप्ताहिक ड्यूटी यानी सप्ताह में एक ही दिन विद्यालय जाते हैं बाकी दिनों का मामला सेटिंग के सहारे निपटाया जाता है ।

मतदान केंद्र का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

उतरौला(बलरामपुर) मतदान केंद्र भरवलिया,मझारी,नंदौरी में गोंडा लोकसभा पर्यवेक्षक पुलिस आर्जर्वर अर्नो घोष,सीओ प्रमोद कुमार यादव,तहसीलदार उतरौला शैलेन्द्र कुमार सिंह, गैंड़ास बुजुर्ग थानाध्यक्ष दुर्विजय चौधरी के निरीक्षण में शौचालय टूटे पाए गए। इस पर उन्होंने पंचायत सचिव व प्रधानाध्यापक को इसको तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया।? चुनाव आयोग के निर्देश पर पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्र भरवलिया,मझारी व नंदौरी विकास खण्ड गैंड़ास बुजुर्ग के मतदान केन्द्र का शौचालय टूटा हुआ पाया। वहां मौजूद प्रधानाध्यापक ने बताया कि शौचालय के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इसमें विकलांगों के लिए शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर पर्यवेक्षक ने सभी निर्माण कार्य चुनाव के मतदान तिथि के पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। मतदान केन्द्र मझारी के निरीक्षण में गन्दगी पाए जाने पर साफ सफाई कराने का निर्देश पंचायत सफाई कर्मचारी को दिया। भवन में खराब पड़े बिजली स्विच व पंखे का मरम्मत कराकर उसे ठीक कराने को कहा। तहसीलदार उतरौला ने बताया कि मतदान केन्द्रों के लिए समुचित व्यवस्था मतदान के लिए की जा रही है।?

अनुसूचित जाति सम्मेलन कर दलित वोटरों को साधने में लगी है भाजपा

● सपा-कांग्रेस को दलित-वंचित से कोई मतलब नहीं, अपना परिवार बचाने से मतलब- संजय गौड़

मोदी ने गरीबों, दलितों और वंचितों को उनका अधिकार देने का काम किया हरीश द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती।बस्ती लोकसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है बस्ती में भाजपा ताबड़तोड़ सम्मेलन कर रही है। पिछले कुछ ही दिनों के भीतर युवा, पिछड़ा, किसान सम्मेलनों के बाद भाजपा अब दलितों को साधने में जुट गई है। लोकसभा मीडिया प्रभारी अमृत कुमार वर्मा ने बताया की रविवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से महादेवा विधानसभा के कुदरहा में अनुसूचित एवं अनुसूचित जन जाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम चन्द्र कन्नौजिया और अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गौड़ शामिल हुए। सांसद हरीश द्विवेदी के समर्थन में पहुंचे अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम चन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति के दृष्टि से सामाजिक न्याय के मंत्रालय का 90त्न बजट बढ़ा दिया गया है, यानी दोगुना बजट कर दिया गया है। भाजपा ने अंत्योदय का कार्यक्रम चलाया था। उस समय कांग्रेस बोलती थी कि, ये अंत्योदय क्या होता है। उसी समय हमने कहा था कि जब अंत का उदय होगा, तभी भारत का उदय होगा, तभी भारतीय समाज आगे बढ़ेगा। पीएम मोदी ने उसी को आगे बढ़ाते हुए कहा- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास।

अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गौड़ ने कहा आज भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियां जेल में हैं या तो बेल में हैं। उन्होंने कहा कि, सपा-कांग्रेस को दलित-वंचित से कोई मतलब नहीं। इन्हें सिर्फ अपना परिवार बचाने से मतलब है। उन्होंने कहा कि, पंचतीर्थ की याद कांग्रेस को क्यों नहीं आई। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की कांग्रेस द्वारा उपेक्षा की गई, उनका उपहास किया गया, उनके योगदान को हमेशा कम आंका गया। यही कांग्रेस का चरित्र है, यही कांग्रेस का इतिहास है।÷

सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि, ÷भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान का मतलब देश के संविधान का सम्मान, भारत की संसदीय प्रणाली का सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, दलितों और वंचितों को उनका अधिकार देने का काम किया। उत्तर प्रदेश के अंदर अनुसूचित जाति से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तय किया गया है कि जो छात्र अनुसूचित जाति से चुने गए हैं, उनकी छात्रवृत्ति की राशि 2016 तुलना में दोगुनी कर दी गई है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की दलितों की उपेक्षा सदैव होती रही है, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व भाजपा सरकार ने हमेशा प्राथमिकता के आधार पर महत्व दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहां नवंबर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि के शिलान्यास में पहली ईट बिहार के कामेश्वर चौपाल जी के द्वारा रखी गई थी, जो अनुसूचित जाति के थे, कांग्रेस ने उस समय भी विरोध किया था। कांग्रेस ने 2019 में रामजन्म भूमि पर सुप्रीम कोर्ट के आए निर्णय का भी विरोध किया था। कांग्रेस 22 जनवरी 2024 को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में मुख्य भूमिका निभाने का भी विरोध किया था, क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ओबीसी समाज से आते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चन्द्रशेखर मुन्ना ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व विधायक रवि सोनकर, राजेंद्र गौड़, ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, बाल कृष्ण त्रिपाठी पिन्टू, सुखराम गौड़, राम चरन चौधरी, प्रभात गौतम, जतिन गौड़, अभिषेक कुमार, सतीश सोनकर, ओम प्रकाश क्रन्तिकारी, हरि कृष्ण त्रिपाठी, उर्मिला देवी, मेवाती देवी, महेश सोनकर, सुनील कुमार, प्रेम प्रकाश चौधरी, दुर्गेश अग्रहरी, परमानन्द सिंह, रणविजय गौतम सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

दल बदला प्रत्याशी फिर वही आमने-सामने, हर जगह एक ही सवाल अबकी बार किसके सिर ताज

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। लोक सभा सीट पर 2019 वाले प्रतिद्वंदी आमने-सामने है मगर फर्क सिर्फ इतना है की प्रतिनिधि का दल बदल गया।

पिछली बार हाथी की सवारी कर रहे थे इस बार साइकिल की सवारी कर भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने आए हैं तो इस बार बसपा से चुनाव मैदान में उतरकर लवकुश पटेल ने ऐसा दावा पेश किया कि भाजपा के लिए मुश्किलें हो रही हैं ।

2019 का परिणाम
हरीश द्विवेदी भाजपा = 471163मत
राम प्रसाद चौधरी बसपा= 440808
राजकिशोर कांग्रेस = 86920

बस्ती 2019 में भाजपा ने हरीश द्विवेदी को प्रत्याशी बनाया था, और वह चुनाव जीते थे इस बार भी भाजपा ने उन्हें मौका दिया है उनके मुकाबले में सपा से गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी है राम प्रसाद चौधरी कुर्मी बिरादरी के बड़े नेता हैं और वह प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रह चुके हैं वह लंबे समय तक बसपा की राजनीति करते रहे हैं मगर लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी का दामन थाम लिए हैं। तो वहीं बसपा के पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी के पुत्र भी इस बार चुनाव मैदान में है उन्होंने बसपा से टिकट हासिल कर लिया है इसलिए यह चुनाव और दिलचस्प हो गया है। बस्ती में अति पिछड़ों की संख्या अधिक है, ब्राह्मणों की भी तादाद काफी है और वह पिछले चुनाव में भाजपा के साथ ही बताए जाते थे, यादव और मुस्लिम में मगर उनका वोट निर्णायक नहीं होता है बल्कि जीत हार के अंतर को प्रभावित करता है।

बस्ती में चुनावी लड़ाई दिलचस्प होने के आसार हैं, पिछले चुनाव में राम प्रसाद चौधरी मात्र 30000 वोट से ही हारे थे लेकिन तब सपा बसपा का गठबंधन भी था, मगर अब बसपा भी चुनाव मैदान में है इसलिए इस चुनाव के हिसाब से आकलन करना गैर मुनासिब होगा।

पिछला चुनाव हरीश द्विवेदी व राम प्रसाद चौधरी के बीच था मगर इस बार बसपा से लवकुश पटेल ने इस त्रिकोणीय बना दिया है, वैसे जानकार भी मान रहे हैं कि अगर लव कुश पटेल मजबूती से चुनाव लड़ गए तो फिर नुकसान भाजपा प्रत्याशी को ही ज्यादा होगा क्योंकि वह उनके ही वोट बैंक में हमला करेंगे।

बस्ती संसदीय सीट पर कुर्मी बिरादरी की संख्या ज्यादा है और वह भी निर्णायक भूमिका में होते हैं लेकिन स्वर्ण भी कम नहीं ब्राह्मण व क्षत्रियों की संख्या भी अच्छी खासी है, और वह चुनाव का रुख तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं यह चुनाव पिछले चुनाव से थोड़ा अलग है पिछड़ों का रुख और स्वर्णो का रुझान इस चुनाव में जीत हार की इबारत लिखेगा।

धड़ल्ले से बिक रहा है एक्सपायरी डेट खाद्य पदार्थ

स्वतंत्र प्रभात

उतरौला (बलरामपुर) खाने पीने का सामान अगर खरीद रहे हैं तो उस पर एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। नगर समेत क्षेत्र भर के ग्रामीण इलाकों में कई जगह ऐसे सामानों की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।

कस्बे के विभिन्न चौराहों व ग्रामीण क्षेत्रों के हासिम पारा, हुसेनाबाद, जाफराबाद, चमरूपुर, महदेइया बाजार, बकसरिया, पेहर बाजार सहित आसपास के बाजारों में नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बिक्री चल रही है।माना जा रहा है कि दुकानों व गुमटियों पर खासकर एक्सपायरी बिस्किट, दालमोट, कोल्ड ड्रिंक व चिप्स की बिक्री दुकानदारों की ओर से जानबूझ कर की जा रही है।स्थानीय विद्यार्थियों ने बताया कि लंच के दौरान खाने पीने के सामानों की खरीदारी करनी पड़ती है।जिसका फायदा दुकानदार उठाते हैं ज्यादातर बच्चे जल्दी के चक्कर में एक्सपायरी डेट नही देख पाते हैं और इस गोरखधंधे का शिकार हो जाते हैं।स्थानीय ग्रामीण भी इस तरह के सामान को खरीद लेते हैं।बाद में उन्हें इस बात की जानकारी होती है।जिम्मेदारों की मानें तो स्वास्थ के लिए एक्सपायरी दवा घातक हो सकता है।इससे पेट सहित क?ई बीमारियां हो सकती है इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से ध्यान नही जा रहा है।इस बाबत में स्वास्थ अधीक्षक डा0चन्द्र प्रकाश सिंह का कहना है कि खाने पीने का कोई भी सामान की खरीदारी करते समय एक्सपायरी डेट अवश्य देख लें,गर्मी में एक्सपायरी सामान समस्या बन सकता है।

सरयू नदी में नहाने गए नौ लड़के लड़कियां पानी में डूबे, मची अफरातफरी

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले केदुबौलिया थाना क्षेत्र के मौजपुर घाट पर 9 लड़के लड़कियां सरयू नदी में दोपहर लगभग एक बजे नहाने गई जहां पर गहराइयों का अंदाजा नहीं लगा पाई और पानी में डूबने लगी। जिसमें चार बच्चे बच्चियां मिली जानकारी के अनुसार पार्वती शालिनी सोहन काजल नदी में डूब गई स्थानीय लोग एवं गोताखोरों की मदद से पार्वती और काजल की डेड बॉडी मौके पर नदी से निकली गई। और अन्य बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है हरि ओम द्वारा शिवम कालू राम प्रसाद को डूबने से बचाया गया। पार्वती शालिनी काजल सोहन श्वेता हरि ओम शिवम कालू यह सभी बच्चे दोपहर में सरयू नदी में नहाने गए थे मौके पर स्थानीय थाना की पुलिस गोताखोर और उच्च अधिकारी मौजूद है क्षेत्राधिकारी हरैया ने दिए जानकारी।

संक्षिप्त ख़बरें

कानपुर जोन चार सीटों और कमिश्नरेट में मतदान आज

चुनाव आयोग और प्रशासन के अधिकारियों ने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की की अपील

कानपुर। कानपुर शहर और कानपुर जोन की चार सीटों पर मतदान आज होना है जिसके कारण प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव आयोग और प्रशासन लगातार मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील कर रहा है। आज लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कानपुर, अकबरपुर, इटावा, फर्रुखाबाद और कन्नौज सहित उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर मतदान होना है। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह व पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बताया कि मतदान के लिए सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं और मतदाताओं से अपील है की वह अधिक से अधिक मतदान करके पुराने रिकार्ड को तोड़ दें। सुरक्षा बल और पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो चुकी हैं। जिला प्रशासन ने अपील की है कि मतदाता बिना किसी भय के मतदान केन्द्र पर पहुंच कर मतदान करें। वृद्ध जन और दिव्यांग जनो के लिए घर पर ही मतदान की व्यवस्था की गई है। ताकि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे

दुल्हन की तरह सजाए गए आदर्श मतदान केन्द्र

मिश्रिख (सीतापुर) तहसील मिश्रिख में आदर्श मतदान केंद्रों को दुल्हन की तरह सजाया गया है । मतदाताओं के लिए पेय जल के साथ ही जल पान की व्यवस्था के साथ ही वोटरों के बैठने कै बंदोबस्त किया गया है । आपको बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक न्याय पंचायत में एक आदर्श मतदान केन्द्र तैयार किया गया है । इन आदर्श मतदान केंद्रों पर पेयजल , शौचालय के साथ ही साथ मतदाताओं के बैठने की सुबिधा की गई है । आदर्श मतदान केंद्रों को दुल्हन की तरह सजाया गया है । मतदाताओं की सुविधाओं को देखते हुए पेय जल के साथ ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था । मतदान परिसर में मैट आदि बिछाई गई है । दूर से आए मतदाताओं के बैठने का भी प्रबंध किया गया है । ब्लाक मिश्रिख की न्याय पंचायत सहादतनगर , कुतुबनगर , गुलरिहा , सरसंई , बलियापुर , ठाकुर नगर , रामशाला , दधनामाऊ , बरमी आदि के साथ ही कस्बा मिश्रिख में ब्लाक कार्यालय , नगर पालिका कार्यालय आदि बूथों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।

शत- प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत

सीतापुर 12 मई मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने नगर पंचायत बक्शी का तालाब भौली वार्ड को गोद लिया है। महाविद्यालय ने शत् प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया है महाविद्यालय के सह आचार्य एवं समाजसेवी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने स्वयं यह जुम्मा लिया है कि मैं अपने वार्ड में जाकर एक-एक मतदाता से स्वयं मुलाकात करूंगा उन्होंने यह पहल रविवार से शुरू की है डॉ सिंह ने बताया कि भौली 27 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बसा है जिसमें लगभग 15000 आबादी है और 5000 के आसपास वोटर हैं सभी वोटर से मिलकर शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए उन्हें जागरूक करेंगे जिससे एक सशक्त और लोकतंत्र भारत का निर्माण हो सके और यह कार्य तीन कार्य दिवस में पूर्ण कर लेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा अपेक्षा की गई थी कि महाविद्यालय एक गांव गोद लेकर वहां पर शत प्रतिशत मतदान कराये इस परिप्रेक्ष्य में नगर पंचायत बक्शी का तालाब के सबसे बड़े गांव भौली को गोद लिया गया है वहां पर महाविद्यालय से शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए टीमें भी भेजी जा रही हैं । नगर पंचायत बक्शी का तालाब की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने बताया कि पूरे नगर पंचायत में शत प्रतिशत मतदान के लिए डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह से भी मदद ली जा रही है यह हमारे नगर पंचायत के ब्रांड एंबेसडर भी हैं उनके कार्यों और सलाह से नगर में खुशी का माहौल है।

लंबी पूंछतांछ के बाद अजीत सिंह व उसकी पत्नी को क्राइम ब्रांच की टीम ने लिया हिरासत में

● - कानपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर मतदान आज, सभी प्रत्याशियों ने लगाया जोर

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद- सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर गांव में शुक्रवार की देर रात्रि हुए सामूहिक नरसंहार के बाद आज पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। कुछ जगहों पर लोग इस घटना में पुलिस द्वारा मृतक अनुराग को आरोपी घोषित किये जाने का प्रबल विरोध करते मिले। तो वहीं कुछ लोग इस घटना को पुलिस द्वारा पूरी तरह से गलत मोड़ दिए जाने की भी बात करते मिले। गाँव वालों ने बताया कि मृतक अनुराग सिंह अपने पिता स्व. वीरेंद्र सिंह का बड़ा लड़का था। जो प्रमुख रूप से खेती में रुचि रखता था। छोटा भाई अजीत सिंह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरई जगतपुर में सरकारी अध्यापक है। पिता की मृत्यु के बाद अनुराग सिंह और अजीत सिंह की खेती का भी बटवारा हो गया था। अनुराग सिंह के पास कुल अपनी निजी 50 से 60 बीघे जमीन है। वह लीज पर लेकर लगभग 250 बीघे खेती कर रहा था। जिसमे केला, तरबूज सहित मौसमी सब्जी की भी खेती करता था। मृतक अनुराग सिंह पाली हाउस में भी सब्जियों की खेती कर चुका है। गांव में चर्चा है कि मृतक अनुराग सिंह के पिता वीरेंद्र सिंह और आरपी सिंह जब एक साथ रहते थे तो उस समय जो भी जमीन व घर खरीदे गए उसमें बड़े भाई आरपी सिंह चालाकी से अपनी व पत्नी के नाम करवाते रहे। दिखावे के लिए नाम की पट्टियां घरों पर लगवाई गई थी। ग्रामीणों की माने तो इसका खुलासा तब हुआ जब वीरेंद्र सिंह ने अपनी लड़की निशा का विवाह वर्ष 2016 में कमलापुर से किया और लखनऊ के विकासनगर में खरीदा गया प्लॉट भी दहेज में दिया। उन्हें भरोसा था कि लखनऊ के खुर्रमनगर में खरीदा गया प्लाट अभी बटवारे में आधा मिलेगा। आरपी सिंह और वीरेंद्र सिंह के बीच वर्ष 2016-17 मर खेत का बंटवारा हो गया। उसी के बाद मृतक अनुराग सिंह शराब का सेवन करने लगा था। मृतक अनुराग सिंह पिता के साथ कि गयी चालाकी की वजह से अपने ताऊ आरपी सिंह को गालियां भी देता रहता था। मृतक अनुराग सिंह के पिता की मौत एक वर्ष पहले हार्ट अटैक से हो गई।

इसके बाद मृतक अनुराग सिंह ने शराब का सेवन कम कर दिया था। लगभग पूरे गांव वालो तथा मृतक अनुराग सिंह के रिश्तेदारों को अभी भी भरोसा नहीं हो रहा है कि एक प्रगतिशील किसान पुलिस की थ्योरी के अनुसार इतना विक्षिप्त होकर अपने पूरे परिवार की निर्मम हत्या कैसे कर सकता है? मृतक अनुराग सिंह का 2 करोड़ रु का बीमा था और बच्चो का भी 50-50 लाख का था। ग्रामीणों के अनुसार घटना क्रम में जो हथियार प्रयुक्त हुआ वह पुलिस अधीक्षक के आने तक नहीं मिला और पुलिस अधीक्षक के आने बाद अवैध असलहा सोफे के नीचे तुरंत कैसे बरामद कर लिया गया? यह बात गांव वालो और रिश्तेदारों को भी रास नही आ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 2 - 3 वर्ष से मृतक के घर नौकरी कर रहे सर्वेश व वीरेश के अलावा 3 लोगो को बीती रात्रि 8 बजे पुलिस ले गई थी और पूछताछ के बाद रात्रि ढाई बजे छोड़ा गया है । आज भी मौके पर इंस्पेक्टर रामपुर मथुरा ,क्राइम ब्रांच की टीम व फोरेंसिक टीम कई घंटे तक मृतक के भाई उसकी पत्नी, चाचा व अन्य नौकरों से जांच व पूछताछ करती रहीं। लंबी पूंछतांछ के बाद क्राइम ब्रांच की टीम मृतक के छोटे भाई अजीत सिंह व उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर रामपुर मथुरा थाने को चली गयी । मृतक के साले अंकित सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मृतक अनुराग सिंह के छोटे भाई अजीत सिंह पर हत्या का आरोप का प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा को दिया है जिस पर कार्रवाई का आश्वाशन दिया गया है। क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि मामले के शीघ्र खुलासे के लिए सर्विलांस टीम, क्राइम ब्रांच की टीम और एक पुलिस की टीम लगाई है।थानाध्यक्ष महेश चंद्र पांडेय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट स्पष्ट नहीं है। देर रात्रि करीब 12 बजे मां व बेटे का गांव में एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अनुराग की पत्नी प्रियंका सिंह, बेटे आद्विक ,बेटी अरना व अश्वि के शव को अनुराग के साले अंकित ने सीतापुर से लखनऊ अपने घर ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

कानपुर में स्थानीय नहीं नेतृत्व का मुद्दा हावी है

● - कानपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर मतदान आज, सभी प्रत्याशियों ने लगाया जोर

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कानपुर में आज दोनों सीटों अकबरपुर और कानपुर की लोकसभा सीट के लिए चुनाव होना है लेकिन जिन दो प्रत्याशी रमेश अवस्थी और आलोक मिश्रा के बीच मुकाबला है दोनों को राजनैतिक अनुभव अत्यधिक नहीं है। रमेश अवस्थी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं जो पत्रकारिता जगत से संबंध रखते हैं जब कि आलोक मिश्रा जो गठबंधन में कांग्रेस के प्रत्याशी हैं वो दिल्ली पब्लिक स्कूल के मालिक हैं। अब सवाल यह उठता है कि आम जनता इनको अच्छी तरह से जानती भी नहीं है तो फिर किस तरह चुनाव करेगी। रमेश अवस्थी पर तो बाहरी होने का आरोप भी लग रहा है। लेकिन रमेश अवस्थी पिछले दस वर्षों से कानपुर में ही रह रहे हैं जब कि उनकी जन्म भूमि फर्रुखाबाद है। यह तय है कि रमेश अवस्थी को नरेंद्र मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व का लाभ मिलेगा क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी मायने नहीं रखता यदि समीकरण उसके मुफीद हैं तो कोई भी प्रत्याशी जीत सकता है। कानपुर सीट को ब्रह्मण बाहुल्य सीट माना जाता है। पिछले दो चुनावों में ब्रह्मण प्रत्याशी ही चुनाव जीते हैं। लेकिन इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी ही ब्रह्मण हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में जो जनसैलाब उमड़ा था वह किसी से छिपा नहीं है लेकिन अखिलेश और राहुल की रैली ने भी अपने प्रत्याशी के लिए काफी हद तक माहौल बनाने की कोशिश की है। और अब मुकाबला टाइट दिख रहा है। कानपुर लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीट में से 3 सीट समाजवादी पार्टी के पास हैं जबकि दो विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के पास है। अब देखना यह है कि मतदाता किस ओर अपना मत देने का मन बनाता है।

15 दिवसीय निःशुल्क ताइक्कांडो एवम सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

फतेहपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर जनपद में 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन करने जा रहा है ताइक्कांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के चेयरमैन किशन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 15 मई 2024 से जनपद के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर एक साथ निःशुल्क ताइक्कांडो एवम सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण का आयोजन करेगा।

एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण अमर मान सिंह विद्यालय (नप्पी हाता, हरिहरगंज), बचपन स्कूल (कलक्टर गंज), मां चंद्रानी इंटर कॉलेज (रेल बाजार), सुंदरमती बालिका इंटर कॉलेज (अंदौली पुलिया राधा नगर), महादेवन टोला (चौक फतेहपुर), ज्ञानस्थली विद्या मंदिर (देव गार्डन,वर्मा चौराहा) आदि स्थानों पर दिया जाएगा। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक प्रतिभागी नीलकंठ पैलेस, पटेल नगर चौराहा से फॉर्म प्राप्त करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं इसके अतिरिक्त सभी प्रशिक्षण स्थलों में भी फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त9580157709,9807779506,7007112011 मोबाइल नंबरों पर संपर्क करके अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ ताइक्कांडो कोच भारत वर्मा, मनीषा राजपूत, रिचा राजपूत, कुनाल, अनुराग कुमार, श्रेया वर्मा तथा तनुज बाजपाई उपस्थित रहे।

हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से बेजुबान की मृत्यु

स्वतंत्र प्रभात

कछौना, हरदोई। विद्युत उपकेंद्र कछौना के अंतर्गत ग्राम टिकारी से आंट सांट तक जर्जर विद्युत लाइन व विद्युत पोल झुके होने के कारण जनहानि, पशुहानि की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने व ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का कार्य चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार विद्युत उपकेंद्र कछौना के अंतर्गत ग्राम भुतहैया (टिकारी) निवासी पशुपालक कल्लन रविवार को बच्चे भैंस चराने गए थे। इसी दौरान ग्राम टिकारी से आंट सांट तक जर्जर विद्युत लाइन है। हाईटेंशन विद्युत लाइन काफी जर्जर है, तार काफी नीचे तक है। जिसके कारण भैंस चपेट में आ गई, अन्य भैंसे पशुपालकों के बच्चे बाल बाल बच गए। भैंस की मृत्यु हो गई। पशुपालक दुग्ध व्यवसाय कर परिवार का भरण पोषण करता है। पशुपालक की माली हालत ठीक नहीं है। पशुपालक ने जर्जर विद्युत लाइन की सूचना विभाग को दी। विभाग की उदासीनता के चलते कार्य अवधि में न होने के कारण जिसका खामियाजा आम जानमानस को

उठाना पड़ा। पशुपालक ने पूरे मामले की सूचना विभाग को देती है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कागजी कार्यवाही पूर्ण कराके आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा।

मोक्ष का मूर्तिमान स्वरूप है श्रीमद्भागवत - अनूप महाराज

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई के ग्राम मिरकापुर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत के विश्राम दिवस पर असलापुर धाम से पधारें सुप्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य अनूप ठाकुर जी महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इसमें ऊषा चरित्र, सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष की कथा का बड़े ही रोचक ढंग से वर्णन किया। कथा के दौरान व्यास अनूप महाराज ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया।

अनूप ठाकुर महाराज ने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए इसके के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। इसी के साथ ठाकुर जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा जीने के साथ साथ मरना सिखाती हैं! श्रीमद्भागवत मोक्ष का साकार स्वरूप है! महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया! इस मौके पर परिक्षित विजय सिंह ने सपत्नीक सपरिवार व्यास पूजन किया कथा श्रवणार्थ आयोजक देवी सिंह, रक्षपाल सिंह, कलेक्टर सिंह, अजीत सिंह रठूर, अमन सिंह रठूर, दुर्गेश सिंह समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

केजरीवाल ने 10 गारंटी का पासा फेंका

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी की गारंटियों के ऊपर 10 गारंटियों को पासा फेंक दिया है। उन्होने तो यहां तक कह डाला कि मोदी की गारंटी के वादों के आगे आप की गारंटी सौ फीसदी खरी है। केजरीवाल शुक्रवार 10 मई को जेल से 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत पर बाहर आने के बाद से ताबड-तोड रैलियां, सडक यात्रा के अलावा प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए वोटरों तक अपनी बात पहुंचाने की जुगत में जुट गए है। उन्होंने रविवार को चुनावी 10 गारंटियों को मतदाताओ के सामने रख दी है। केजरीवाल ने कहा कि सबसे पहली गारंटी भ्रष्टाचार को खत्म करना है। (2)दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना।(3) अग्नीवीरों को पक्की नौकरी देना।

(4)किसानों को उनकी फसलों पर एमएसपी देना। (5) रोजगार की व्यवस्था की गारंटी।(6)24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना। (7) हर बच्चे को मुफ्त शिक्षा,(8) गरीब को फ्री बिजली मुहैया करने का वादा। (9) जीएसटी का सरलीकरण करना शामिल है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल कथित दिल्ली की शराब नीति घोटाले में 21 मार्च से तिहाड जेल में बंद है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दी है। उनकी सरकार के डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया, सत्येंद्र जैन पहले से ही न्यायिक हिरासत में पिछले 1 साल से अधिक समय से जेल में बंद है। सभी पर मनी लॉन्डिरिंग समेत शराब घोटाले के आरोप लगे है।

ट्रैक्टर ने बाईक मे मारी टक्कर, गोदरेज कम्पनी के मुनीम की मौत

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रताप नगर हरदोई मार्ग पर कुइया पेट्रोल पंप समीप ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी।मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुचे ईएमटी रामप्रसाद पायलट जितेंद्र ने तत्काल सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को लाये जहा पर चिकत्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा।

हरदोई कोतवाली देहात क्षेत्र के लालतापुरवा निवासी संदीप मिश्रा 32 गोदरेज कम्पनी हरदोई मे मुनीम का कार्य करता था। शनिवार दोपहर को बाईक से गोदरेज कम्पनी का पैसा लेने के लिए कोथावा आया हुआ था।यह शाम को बाईक से हरदोई जा रहा था।प्रताप नगर हरदोई मार्ग पर कुइया पेट्रोल पंप समीप ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी।मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुचे ईएमटी रामप्रसाद पायलट जितेंद्र ने तत्काल सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को लाये जहा पर चिकत्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी डाली मिश्रा व दो बेटे दिव्यांश (8),अनुरुद्ध (6) व अपनी मा सुनीता मिश्रा को पीछे छोड़ गया। मृतक पांच भाई बहनो मे अकेला था।कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि बाईक मे टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर को पकड कर थाने लाया जा चूका है। शव का पंचानामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा गया।परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

एम्बुलेंस के कर्मचारीयों ने लूटी वाहवाही

हरदोई। प्रतापनगर मार्ग पर कुइया पैट्रोल पम्प पास दुर्घटना मे संदीप मिश्रा की मौत हो जाने पर उनकी जेब मे मिले लगभग 15 हजार रूपये मृतक के पिता रामप्रकाश मिश्रा को ईएमटी रामप्रसाद पायलट जितेंद्र के द्वारा वापस किये गए। ऐसे मे मृतक के परिजनों व आसपास के लोगो द्वारा नेक काम करने के लिए एम्बुलेंस कर्मचारीयो की खूब तारीफ़ की गयी

लोकसभा चुनाव- फलौदी सट्टा बाजार नहीं दिखा रहा 400 पार, भाजपा की माधवी लता-ओवैसी पर भारी

स्वतंत्र प्रभात

लोकसभा चुनाव का महाभारत,2024 का चौथे चरण का मतदान 13 मई सोमवार को है। इस फेज में 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोट डाले जाएगें। लोकसभा चुनाव समेत सभी चुनावों में फलौदी सट्टा बाजार के भावों से चुनावों की नब्ज टटोली जाती है। इस बार के चुनाव में फ़ौलादी सट्टा बाजार भाव काफी नीचे-ऊपर हो रहा है।अब तक तीन चरणों में लोकसभा की आधी से ज्यादा सीटों पर वोट डाले जा चुके है। देश में तीसरी बार मोदी सरकार? के साथ अबकी बार 400 पार ? के नारे की राजस्थान के फलौदी सट्टा बाजार ने हवा निकाल दी है। भाजपा के दावे के उलट सटीक अनुमान के लिए पहचान बना चुका राजस्थान का फलौदी सट्टा बाजार इससे आधा ही इत्तेफाक रखता है। अभी तक के चुनावी चरण की फौलादी सट्टा बाजारी में भाजपा की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है।अब तक का अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा को 300 सीट भी आसानी से नहीं मिलने जा रही है। दरअसल देश में लोकसभा की कुल 543 सीटें है।तीन चरणों में 283 सीटो पर वोटिंग पूरी हो चुकी है।अब तक के मतदान के आधार पर फलौदी सट्टा बाजार का अनुमान है कि भाजपा 296-300 सीट जीत सकती है।जबकि एनडीए को मिलाकर यह आंकडा 329-332 पहुंच सकता है। हैरानी की बात है कि 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान से पहले फलौदी सट्टा बाजार के सटोरिये कांग्रेस को 58 से 62 सीटें दे रहे हैं। जबकि दूसरे चरण के मतदान के बाद तक फलौदी सट्टा बाजार भाजपा को 307से 310 सीटें दे रहे थे। मगर कई जगहों के कम मतदान को सत्ता विरोधी लहर के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में फलौदी सट्टा बाजार 300 से कम सीटों का अनुमान लगा रहा है। फलौदी सट्टा बाजार सटोरियों के मुताबिक भाजपा को राज्यवार अनुमानों में गुजरात-26,मध्यप्रदेश-27-28,राजस्थान 18-20,आओडिसा-11-12,पंजाब-2-3 तेलंगाना-5-6,हिमाचल-4,पश्चिम बंगाल-20-22,छत्तीसगढ-10-11,उत्तराखंड-5,दिल्ली-5-6, हरियाणा- 5-6,उत्तर प्रदेश 64-65,झारखंड-10-11,तमिलनाडु में-3-4,सीटें भाजपा की झोली में डाल रहा है। लेकिन ताज्जुब कि बात है कि फलौदी सट्टा बाजार सटोरिये ने हैदराबाद संसदीय क्षेत्र असदुदीन ओवैसी एवं भाजपा की माधवी लता की टक्कर में माधवी लता जीत दर्ज कर सकती है।

खेलकूद प्रतियोगिता से ग्रामीण अंचलों की निखरती है छिपी प्रतिभा..राजवर्धन सिंह राजू

● - जनियामऊ की टीम ने 43 रनों से जीता मैच

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। सांडी ब्लाक का ग्राम रौरा में पांडेय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। टूर्नामेंट के पहले दिन शनिवार जनियामऊ की टीम ने एकनौरा की टीम को 43 रनों से शिकस्त दी है। बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए जनियामऊ टीम के खिलाड़ी मनुज को मैन ऑफ द मैच चुना गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी राजवर्धन सिंह राजू ने किया। राजू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाएं निखरती हैं जो एक दिन देश का प्रतिनिधित्व करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। जिससे देश को अच्छे खिलाड़ी मिल सके।

टूर्नामेंट में एकनौरा टीम के कप्तान ओमजी मिश्रा ने टॉस जीत कर पहले गेदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जनियामऊ टीम ने अपने निर्धारित 15 ओवरों में 154 रन बनाएं।मनुज ने तीन छक्के चार चौके लगाकर 46 रनों की बेहतरीन पारी खेली वहीं जीतू ने एक छक्का तीन चौके लगाकर 22 व राजू ने पांच चौके लगाकर 33 रनों की पारी खेली। 154 रनो का पीछा करने उतरी एकनौरा की टीम 12 ओवर में मात्र 111 रन ही बना सकी।

बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी मनुज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूभिका आशीष पांडेय व सुधीर पाठक ने व कमेंट्री प्रेम पांडेय व प्रशांत द्विवेदी ने की।इस मौके पर आयोजक प्रधान श्रीपाल फौजी,मनीष सिंह,पवन मिश्रा,हिमांशु पांडेय,सौरव पांडेय,शुभम पांडेय आदि रहे।

मतदान करने के लिए आवश्यक दस्तावेज

कछौना, हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 में मतदान करने के लिए आवश्यक कागजात आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक व डाकघर की फोटो युक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा भारतीय पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज फोटोग्राफ सहित, फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र सांसदों/राज्य सरकार/लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी विशिष्ट दिव्यांकता पहचान पत्र आदि किसी एक अभिलेख से मतदान कर सकते हैं। कोई सुझाव व समस्या होने पर हेल्पलाइन 1950 व 18001801950 पर कॉल करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें। आपके मतदान से राष्ट्र मजबूत होगा। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी करें।

संक्षिप्त ख़बरें

नशे में धुत युवको ने होटल के सामने युवक को पीटा

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के गुरबक्शगंज चौराहे के निकट मेराज होटल के सामने नशे में धुत यवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कार्यवाही की है। नवरंग सिंह का पुरवा मजरे आलमपुर गांव निवासी रिशु सोनी पुत्र राजेश सोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह होटल के सामने खड़ा था। तभी चारों युवक नशे की हालत में उससे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपितों ने लात घुसो और डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। शोर गुल मचाने पर वहां मौजूद लोगों ने उसे दौड़कर बचाया। पीड़ित ने बताया कि जाते वक्त आरोपितों ने उसे जान से मार देने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई।

दो पक्षों में मारपीट मुकदमा दर्ज

भीटी अंबेडकरनगर । स्थानीय थाना क्षेत्र की यशोदा पाठक स्वर्गीय केदारनाथ पाठक पाठक का पूरा थाना भीटी की मूल निवासी है पीड़िता के विपक्षी राम पूजन पाठक व कामाख्या पाठक पुत्र देवनारायण पाठक निवासी बौरे में कुछ दिनों पूर्व में पीड़िता यशोदा पाठक व उसकी बेटिया सुनीता व अर्पिता को मारा पीटा था जिसमें आपके यहां मुकदमा पंजीकृत है व एसडीएम भीटी के यहां 151 में जमानत हुई है परंतु पुनः दिनांक 8/5/20 24 की शाम को आते आते जाते समय रोक कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं हमारे व बेटी के साथ कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है अतः श्रीमान जी से प्रार्थना है कि जमीनी विवाद को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की कृपा करें इस विषय पर जब थाना अध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राम पूजन पाठक पुत्र देवनारायण पाठक कामाख्या पाठक पुत्र देवनारायण पाठक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है विवेचना जारी है।

दुष्कर्म के मामले में दो पर केस

अंबेडकरनगर। किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला गत दिवस सामने आया है। पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी व उसके एक मित्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सम्मनपुर थाने में शुक्रवार देर शाम दी तहरीर में एक महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री शाम साढ़े सात बजे घर से कुछ दूर नहर के किनारे शौच के लिए गई थी। वहां गांव निवासी युवक अनुराग व उसके साथ रिंकू ने किशोरी का मुंह दबाया और जबरन सूखी पड़ी नहर में खींच ले गए। वहां अनुराग ने उसके साथ दुष्कर्म किया जबकि शोर मचाने से रोकने के लिए रिंकू ने उसका मुंह दबाए रखा।महिला के अनुसार जब उनकी पुत्री आरोपियों के चंगुल से छूटी तो आवाज लगाई। इसके बाद वह तथा अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे। महिला ने आरोप लगाया कि जब वह वहां पहुंची तो दोनों आरोपी उसे धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

कई गांवों में पानी का संकट, ग्रामीण परेशान

बांदा। ब्लाक जसपुरा के अंतर्गत किसान यूनियन के पैलानी तहसील अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि जसपुरा,गौरीकला, गड़रिया,नरौली, आदि गांव में कई माह से नमाम गंगे के द्वारा खोदाई कर पाईप डाला गया है जिस से अभी तक काम पूर्ण नही कराया गया है नालियां खोदी पड़ी है।जगह- जगह पाईप चोक हो रहे है।जिस से निकलने चलने में लोगो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मनोज द्विवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि नमामि गंगे के द्वारा जला पूर्ति न मिलने के कारण ग्रामीण परेशान हैं।

जहर खाने से दो की हालत बिगड़ी

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी 16 वर्षीय प्रियंका पुत्री रामचंद ने रविवार को घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह शहर कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी 25 वर्षीय राजरानी पत्नी सुधीर कुमार ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी में विशाल जनसभा को किया संबोधित

● कांग्रेस और सपा पर जमकर साधा निशाना कहां रामद्रोही और राम के अस्तित्व को नकारने वालों को जनता देगी नकार

अबकी बार 400 पार जो राम को लाए हैं हम उनको लेंगे कांग्रेस देती है गौ हत्यारों को संरक्षण

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज अमेठी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा अबकी बार 400 पार, उन्होंने कहा जनता साफ-साफ कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे , देश में तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे। जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे हजारों की संख्या में एकत्रित जन मानस ने जय श्री राम, बुलडोजर बाबा जिंदाबाद के उद्घोष के साथ सूबे के अति लोकप्रिय मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनता का अभिवादन किया और कहा कि जब अच्छा जनप्रतिनिधि चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। और सर्वांगीण विकास होता है आप सभी अमेठी वासियों ने अच्छे जनप्रतिनिधि के तौर पर 2019 में स्मृति इरानी को चुना और परिणाम आप सबके सामने रहा इस बार फिर आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर स्मृति इरानी को भारी मतों से विजई बनाएं, तथा डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गति को बनाए रखें। उन्होंने कहा यही अपील करने के लिए हम आप लोगों के बीच आए हैं पूरे देश के अंदर आधा चुनाव संपन्न हो चुका है, और अब चौथे चरण का चुनाव कल है कल फिर 10 राज्यों में 96 सीटों पर चुनाव है, यानी अब तीसरे चरण तक जो देश में मोदी लहर थी वह सुनामी का रूप लेने जा रही है। उन्होंने कहा फिर एक बार मोदी सरकार , अबकी बार 400 पार जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है, की 400 पार कैसे आना है। कांग्रेस समर्थन के लिए पूर्ण बहुमत के लिए273 सीट चाहिए, जबकि 273 सीटों पर कांग्रेस चुनाव ही नहीं लड़ रही है तो कैसे सरकार बनाएगी, जो कांग्रेस मॉडल देना चाहती है उससे बचना है जब देश के अलग-अलग राज्यों में मुझे जाने का अवसर मिलता है ,पहले, दूसरे और तीसरे चरण के बाद जब भी मैं जनता के बीच गया और जनता के बीच कहता था अबकी बार 400 पार कैसे आएगी, तो जनता बोलती थी जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे। और यह तो अवध क्षेत्र है मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की भूमि है, अवध क्षेत्र के लिए तो एक नया इतिहास है एक नया सवेरा है, 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ है अयोध्या में प्रभु राम लला विराजमान हुए हैं। इसके लिए जनता को विशेष रूप से बधाई पूरी लड़ाई को आप देश के अंदर देखेंगे तो मोदी जी को तीसरी बार आने का विरोध प्रधानमंत्री बनने का विरोध वही लोग कर रहे हैं, वह लोग कौन हैं एक रामद्रोही हैं, और एक पाकिस्तान हैं उन्होंने कहा पाकिस्तान को भी अच्छा नहीं लग रहा है क्योंकि कांग्रेस सरकार में जब बम विस्फोट होते थे आतंकी हमले होते थे तो कांग्रेसी कहते थे सीमा पर से हुआ है। आज तो नहीं है सीमा पार आज अगर जोर से पटाखा फट जाता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है, यह नया भारत है, यह मोदी जी का सशक्त भारत है, यह छेड़ता नहीं है लेकिन जब कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता नहीं है। तुलसी बाबा ने पहले ही लिख दिया है होगा वही जो राम रच राखा और भगवान राम की इच्छा क्या है, भगवान राम की इच्छा है मेरा भक्त तीसरी बार फिर से देश का प्रधानमंत्री बने, भगवान राम के परम भक्त मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है तो फिर से इतिहास रचना है, मोदी जी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ रहा है, देश की सीमाएं सुरक्षित है, आतंकवाद पूरी तरह नियंत्रित हुआ है, विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं, हर घर नल की योजना, हर तहसील में फायर स्टेशन, आईआईटी, आईआईएम, एन आई टी, एक्सप्रेसवे, फोरलेन ,सिक्स लेन,एम्स,हाईवे रेलवे, मेट्रो, वर्ल्ड क्लास की यूनिवर्सिटी, और गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बाढ आई है।जो पाकिस्तान का राग अलाप रहे हैं ना इन कांग्रेसियों से पूछिए जिन्हें पाकिस्तान से प्रेम है पाकिस्तान जाएं लेकिन हिंदुस्तान में मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के अंदर उतने गरीबों को करीबी रेखा से बाहर निकाला है जितनी पाकिस्तान की आबादी है, पाकिस्तान में 23 से 24 करोड़ की कुल आबादी भूखी मर रही है, और भारत में मोदी जी की सरकार 80 करोड लोगों को निशुल्क प्रति माह राशन दे रही है, यह है नया भारत 5 लाख की आयुष्मान भारत की योजना देश के अंदर करोड़ों लोगों को मिल रही है, 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की योजना मिल रही,12 करोड़ घरों में शौचालय देने का कार्य किया है,प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर मिला है ,जल जीवन मिशन के तहत 11.8 करोड़ घरों में पहुंचा नल से जल और 100 परसेंट घरों में बिजली पहुंची है। ,2014 के बाद से प्रतिदिन 37 किलोमीटर के औसत से 1.46 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ, 3.28 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ, उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में तीन नए विश्वविद्यालय, गोरखपुर व रायबरेली में एम्स ,65 मेडिकल कॉलेज संचालित 22 निर्माणाधीन ,प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1.37 करोड़ युवाओं का प्रशिक्षण व रोजगार मेले के अंतर्गत 4. 33 लाख नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। धारा 370 के हटने के बाद जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में कमी आई, मेक इन इंडिया से देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी विनिर्माण क्षेत्र में विकास हुआ, लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के तहत 220 करोड़ कोविड वैक्सीन डोज दिए गए। उन्होंने कहा जब लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे तब कांग्रेसी लोग अपने घरों में बैठे थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की जान बचाने का कार्य कर रहे थे, उन्होंने कहा राम भक्तों पर गोली चालवाने वाले, राम मंदिर का विरोध करने वाले, भगवान राम से द्रोह रखने वाले, पाकिस्तान से प्रेम रखने वाले पाकिस्तान से इन कांग्रेसियों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं, जब कांग्रेस और सपा राम का विरोध कर रही थी, राम के अस्तित्व को नकार रही थी, राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा रही थी, तो सपा के कुछ ऐसे विधायक जिन्हें राम से प्रेम था, उन्होंने अंतर आत्मा की आवाज से अखिलेश यादव को राम का विरोध करने से रोका, और अंतरात्मा की आवाज पर राम का समर्थन किया, जिसमें सपा से गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप और रायबरेली से मनोज पांडे ने राम में आस्था जताई। उन्होंने कहा कांग्रेसी गौ हत्या को संरक्षण देती है, और ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गौ हत्या का पाप लगेगा, उन्होंने कहा 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह हैं। और यह तभी संभव हुआ जब आप लोगों ने कमल का बटन दबाया भाजपा को मतदान किया और मोदी सरकार बनाई , हम इतिहास बना रहे हैं राम मंदिर निर्माण के साथ क्योंकि हमने मोदी को चुना है, उन्होंने कहा यह अवध क्षेत्र है, भगवान राम का क्षेत्र है ऐसे में एक बार फिर 400 पार जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे। मंच से अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने भी जनता का अभिवादन करते हुए जनता को संबोधित किया, इस दौरान उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व सांसद श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, पूर्व विधायक तेजभान सिंह,जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सलोन विधायक अशोक कोरी, जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी,जगदंबा त्रिपाठी मनीषी जी पूर्व विधायक जंग बहादुर सिंह,प्रदीप जडेजा पूर्व गृहमन्त्री गुजरात,पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्रा मटियारी,जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, सहित हजारों की संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।संचालन ज़िला महामंत्री सुधाँशु शुक्ला ने किया। 333

पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा सशक्त भारत का निर्माण - दद्दन मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज अमेठी। श्रावस्ती के पूर्व सांसद उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री तथा मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा इन दिनों अमेठी में भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के दोबारा ऐतिहासिक विजय को लेकर चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। तथा आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी के लिए मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान चुनावी जनचौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विकास कार्य देश में हुआ है, मोदी के नेतृत्व में भारत एक विश्व शक्ति के रूप में उभरा है, आज पूरा विश्व भारत की तरफ टकटकी लगाकर देख रहा है, बड़े-बड़े उद्योगपति भारत में निवेश करने को आतुर हैं, विश्व समुदाय आशा भरी नजरों से भारत की तरफ देख रहा है। ऐसे में सर्व समावेशी विकास के कार्य हुए हैं, सबको शिक्षा और अच्छी शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है, सर्वे संतु निरामया- के तहत स्वस्थ देश और सुखी देश का संकल्प लिया गया है, नारी शक्ति वंदन मातृशक्ति को संबल प्रदान करने का कार्य बीजेपी सरकार कर रही है। अपराध और अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर भाजपा सरकार काम कर रही है ।अंतोदय का मूल मंत्र देते हुए देश के 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकल गया है। 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है, 51 करोड़ से अधिक जन धन खाता खोले गए हैं, 11 करोड़ से अधिक लोगों को किसान सम्मन निधि का लाभ दिया जा रहा है , उन्होंने कहा अमेठी सांसद के नेतृत्व में अमेठी का सर्वांगीण विकास किया गया है ऐसे में अबकी बार 400 पार।

विश्व नर्स डे पर स्टार वूमैन आचीवमेंट आवार्ड से सम्मानित किया

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरैनी में संचालित नर्स प्रशिक्षण केन्द्र की प्रिंसपल श्रमती शिवनन्दनी को आज डीपीएमआई कौशल केन्द्र अतर्रा पैरामेडिकल साइंस वोकेशनल इंस्टीट्यूट बांदा डायरेक्टर व सीताराम समर्पण महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. रमाकान्त द्विवेदी द्वारा एएनम प्रशिक्षण केन्द्र प्रिंसपल श्रीमती शिवनन्दनी को स्टार वूमैन अचीवमेंट से नर्स डे पर सम्मानित किया इस अवसर पर डा द्विवेदी ने कहा कि हाथ जो देखभाल को कार्रवाई में बदल देता है, स्पर्श जो करुणा को आराम में बदल देता है, मुस्कुराहट जो प्यार को उपचार में बदल देती है ऐसे नर्स को हम कोटि कोटि नमन करते है इनकी सेवा समाज में सर्वोपरी है जिसको न कभी भूला जा सकेगा इस मौके पर नर्सिंग प्रशिक्षण की छात्राऐं वोकेशनल इंस्टीट्यूट और अपोलो अस्पताल समूह टेलीक्लिनिक क्वाडिनेटर कुमारी अंजली तिवारी मौजूद रही इंस्टीट्यूट डायरेक्टर बताते हैं कि आज हर घर में नर्सिंग की जानकारी हर बहू-बेटी को होनी चाहिये जिससे वह अपने आस-पास दिन या रात की आपातकाल में मरीज स्वास्थ्य स्थिति की ले कर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिये मार्गदर्शन कर सके।

होमियोपैथिक की दवाओं के अर्क तो है लेकिन गोली नहीं

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। जिला अस्पताल परिसर स्थित आयुष विंग में मरीजों को परामर्श तो मिल रहा है लेकिन दवाएं नहीं। यहां न तो आयुर्वेद और न ही यूनानी दवाएं हैं। ये हालात एक साल से बने हुए हैं। और तो और होमियोपैथिक की दवाओं के अर्क तो हैं लेकिन गोली नहीं। इससे मरीजों को तगड़ा झटका लग रहा है। शनिवार को यहां पहुंचे मरीजों ने नाराजगी जताई और कहा कि प्रशासन को इस बारे में तुरंत प्रभावी इंतजाम करना चाहिए।होम्योपैथिक, अयुर्वेदिक व यूनानी पद्धति में मरीजों के बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए जिला अस्पताल में आयुष विंग की स्थापना लगभग एक दशक पहले हुई थी। तब इससे मरीजों को बड़ी राहत मिली। समय बीतने के साथ ही मरीजों की उम्मीदों पर पानी फिरता गया।दरअसल लगभग एक वर्ष से आयुर्वेद व यूनानी की दवाएं आयुष विंग में उपलब्ध नहीं हैं। होमियोपैथिक की ज्यादातर दवाओं का अर्क तो है लेकिन गोलियां नहीं हैं। इससे इस पैथ की दवाएं भी मरीजों को नहीं मिल रही हैं। नतीजा यह है कि आयुर्वेद के डॉ. चंद्रेश, यूनानी के डॉ. एम बेग व होमियोपैथिक के डॉ. प्रदीप गुप्ता आने वाले मरीजों को सिर्फ परामर्श देते हैं। मरीजों को दवाएं बाहर से लेनी पड़ती हैं। इससे उन्हें आर्थिक चपत लगती है।दवाएं न होने का असर मरीजों की ओपीडी पर भी पड़ रहा है। प्रतिदिन डेढ़ सौ से अधिक मरीज यहां पहुंचते हैं। लेकिन दवा न होने के चलते चिकित्सक से परामर्श भी नहीं लेते। जिन मरीजों को एलोपैथिक दवाएं नहीं लेनी होती सिर्फ वह मरीज ही परामर्श लेते हैं। ऐसे मरीजों की संख्या भी कम हो रही है।उपलब्ध कराई जाएं दवाएं,जहांगीरगंज निवासी बृजेश कुमार शनिवार को आयुष विंग में भटकते मिले। कहा कि उन्हें पेट की बीमारी है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. चंद्रेश से इलाज कराया लेकिन दवा न होने पर अब बाहर से खरीदना पड़ रहा है। महरुआ निवासी शकुंतला ने कहा कि उन्हें सांस की समस्या है। यूनानी पैथ में उनका इलाज चल रहा है। कहा कि चौथी बार इलाज के लिए आई हैं। डॉ. एम बेग ने इलाज तो किया लेकिन दवा अस्पताल से नहीं मिल सकी। ऐसे में अब इसे बाहर से लेना पड़ रहा है। कहा कि दवाएं काफी महंगी होती हैं। ऐसे में बड़ी आर्थिक चपत लगती है।परामर्श तक सीमित है विंग,दवाओं की अनुपलब्धता के चलते सामान्य मरीज कम हुए तो आयुष विंग में तैनात चिकित्सक एंटी रैबीज इंजेक्शन की जरूरत वाले मरीजों को देखने लगे। यहां मौजूद चिकित्सक उन्हें देखने के बाद घाव को देखते हुए डोज लगने के बारे में लिखते हैं। इसके बाद ही संबंधित व्यक्ति को जिला अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन लग पाता है ,नहीं है आरएल व डीएनएस,अरबन अस्पताल मोहसिनपुर मंसूरपुर में डॉयरिया से संबंधित आरएल व डीएनएस दवाएं नहीं हैं। डायरिया पीड़ित मरीज को इन दोनों दवाओं की बोतल चढ़ाई जाती है। लगभग एक पखवारे से नदारद संबंधित दवाओं के बोतल न होने से डायरिया से पीड़ित मरीज को भर्ती नहीं किया जा रहा है। यदि सामान्य दवाओं से मरीज की तबियत में सुधार नहीं होता तो उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है, या फिर मरीज को संबंधित दवाओं की बोतल बाहर से मंगानी पड़ती है। प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि संबंधित दवाओं की बोतल की उपलब्धता के लिए सीएमओ कार्यालय को पत्र भेजा गया है।निदेशालय को भेजा गया पत्र,आयुष विंग में आयुर्वेद व यूनानी की दवाएं नहीं हैं। इसके अलावा होमियोपैथिक में दवाओं का अर्क है लेकिन गोली नहीं है। इनकी उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य निदेशालय को पत्र भेजा गया है। - डॉ. ओमप्रकाश सीएमएस

इस्वच्छ छवि के युवा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया जिनके ऊपर एक भी मुकदमा नहीं-त्रयंबक तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकर नगर। भाजपा ने नगर के एक होटल में अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भाजपा प्रत्याशी के साथ बैठक कर उन्हें सम्मानित कर आशिर्वाद प्राप्त किया। भाजपा लोक सभा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय,भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिवत बैठक का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और अबकी बार 400 सीट पार के नारे को रितेश पाण्डेय को जिता कर पूरा करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने कहा कि आपके परिवार का बेटा हूं।आपके खून पसीने से सींच कर बड़ी हुई विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर जिस तरह से आशा और विश्वास कर लोक सभा का प्रत्याशी बनाया है।उसे आपके आशिर्वाद और समर्थन से ही जीत में बदला जा सकता है। कहा कि वह हमेशा अपने बड़ों का सम्मान और छोटों को यथोचित प्यार देते हुए उनके मान सम्मान की रक्षा करते रहेंगे।उन्होंने वरिष्ठ भाजपा जनों से मार्गदर्शन देते रहने का आवाहन किया।कहा कि भाजपा एक विचार धारा के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि अंबेडकर नगर लोक सभा क्षेत्र से ईमानदार और स्वच्छ छवि के युवा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। जिनके ऊपर आज तक किसी भी प्रकार का कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं है।उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेताओं से चुनावी समर में जीतोड़ मेहनत कर रितेश पाण्डेय को लाखों मतों से विजई बनाने के लिए आशिर्वाद देने का अनुरोध किया। संचालन जिला महामंत्री/बैठक संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने एवम अतिथियों और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार और बैठक के समापन की घोषणा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी/बैठक सह संयोजक बाल्मीकि उपाध्याय ने किया। बैठक को कार्यकारी जिला प्रभारी शिव नायक वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह,चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा ने संबोधित किया। बैठक में शामिल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान माला पहना कर किया गया।

नुक्कड़ सभा में अपने भाई राहुल के लिए प्रियंका ने मांगे वोट

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली।। लोकसभा के लिए व देश की राजनीति के लिए मेरे पिता राजीव गांधी व मेरी दादी इंदिरा गांधी ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए इसी के बदौलत आज गांधी परिवार रायबरेली की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए हमेशा रायबरेली के विकास के लिए तत्पर रहा है। आज हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कठवारा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव उमड़े जन सैलाव को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने अपने विचार व्यक्त किए। बताते चलें कि आज रविवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में अपने भाई राहुल गांधी के लिए चुनाव प्रसार शुरू कर दिया है। वह आज रविवार को कठवारा, अचलेश्वर, गुरबक्श गंज, जमादार का पुरवा, खीरो, सेमरी चौराहा, सुल्तानपुर खेड़ा, टिकरा के आदि स्थानो पर नुक्कड़ सभाएं कर के सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कठवारा की नुक्कड़ सभा में मौजूद जन सैलाब की ओर मुखातिब होकर कहा कि, मोदी ने आपकी मुश्किलें कम करने की जगह आपको 5 किलो राशन का बोरा पकड़ा दिया है। आपको बता दें कि, हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कठवारा और अचलेश्वर, गुरबक्शगंज, जमादार के पुरवा, खीरो, सेमरी चौराहा, सुल्तानपुर खेड़ा, टिकरा, में आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि, मोदी सरकार में जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है।हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र में अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि, यह लोग बेरोजगारी और महंगाई जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करते हैं। कांग्रेस की सरकार आई तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और ग्रेजुएट को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे।

श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुन झूम उठे श्रोता

● संगीतमयी श्रीराम कथा के छठवें दिन मनाया गया रामजन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात

शिवगढ़,रायबरेली। नगर पंचायत के शिवगढ़ कस्बा स्थित श्रीराम-जानकी मन्दिर परिसर में चल रही संगीतमयी 7 दिवसीय श्रीराम दिव्य कथा के छठवें दिन श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। कथा वाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने कहाकि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। कथा वाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने उत्कृष्ट आचरण से अखिल विश्व को मानवता, प्रेम, भाईचारे तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मर्यादा का संदेश दिया, भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया।

उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य से विचलित मानवता को युग-युगांतर तक सत्य का मार्ग दिखाता रहेगा। भगवान श्रीराम सहित चारों भाईयों के जन्म की कथा सुन श्रोता भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे। श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे श्रीराम लला के जयकारों से समूचा शिवगढ़ कस्बा गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर कथा के मुख्य यजमान महन्त गुरुप्रसाद यज्ञसैनी,समाजसेवी राज भैया उर्फ राजू दीक्षित हरियाणा वाले,राकेश त्रिवेदी, ज्योति यज्ञसैनी,कोमल यज्ञसैनी, सानू यज्ञ सैनी,सुनीता यज्ञसैनी,शिवांशी यज्ञसैनी,लाडो यज्ञसैनी,कान्हा यज्ञसैनी शिवदेवी शर्मा,कपिल गुप्ता,भोला कश्यप आदि मौजूद रहे।

ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा मौके पर मौत।

रायबरेली। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बाँदा- बहराइच राजमार्ग पर स्थित डोमापुर गाँव बाजार के समीप एक ट्रक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में साइकिल सवार ब्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मो0 शब्बीर अहमद(58) पुत्र स्व0 खलील अहमद निवासी ग्राम सहजौरा थाना गुरुबक्सगंज जनपद रायबरेली अपने घर से साइकिल से बसहा नाला डोमापुर बाजार आ रहे थे। जैसे ही शब्बीर बसहा नाला के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यूपी90ए टी 8287 ने उसे टक्कर मार दी। इस घटना में शब्बीर की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। मौके पर पुहँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

चौथा चरण: उन्नाव में मतदान आज, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में होगा मतदान

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। लोकसभा में चौथे चरण में आज 13 मई को मतदान होना है। रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। डीएम, एसपी व सीडीओ की निगरानी में पोलिंग पार्टियां मतदान सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों के लिए पुलिस सुरक्षा में रवाना किया गया है। पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर भीषण गर्मी के बीच अवव्यस्थाओ का भी बोलबाला रहा। मतदान कार्मिकों को पानी से लेकर छांव तक की मुश्किलों से जूझना पड़ा।

शहर के दोस्ती नगर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में इवीएम और वीवीपैट मशीने कड़ी सुरक्षा में रखी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। लोकसभा क्षेत्र में 2498 पोलिंग बूथ बनाये गए है। मतदेय स्थलों पर 12 हजार से अधिक मतदान कर्मी लगाए गए है। मतदेय स्थलों की सुरक्षा में 11 हजार से अधिक पुलिस कर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स को मतदान केंद्रों की सुरक्षा में लगाया गया है। वहीं 123 संवेदनशील व 19 अति संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। पोलिंग केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे से निगरानी होगी। मतदान जागरूकता के लिए 6 पिंक बूथ जिन पर सभी महिलाएं मतदान कार्मिक रहेंगी। 6 मॉडल बूथ बनाए गए हैं, जिन पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। 6 युवा बूथ जिनमें युवा मतदाता मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2341470 हैं जिसमे कुल पुरुष मतदाता 1244747 व कुल महिला मतदाता 1096625 हैं एवं थर्ड जेंडर 92 हैं। जिले मे सुरक्षा के व निष्पक्ष और निर्भीक मतदान के पुख्ता इंतेजाम किये गए है। बताया कि मध्य स्थलों का अर्धसैनिक बल के अलावा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट चुनाव पर बारीकी से नजर रखेंगे। चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गंगा नहाने के दौरान 4 छात्र डूबे, गोताखोरों ने 3 को बचाया, 1 लापता

उन्नाव। कानपुर के रहने वाले चार छात्र रविवार को साइकिल से गंगा नहाने के लिये रेलवे पुल के नीचे पहुंचे। जहां गंगा नहाने के दौरान चारों छात्र गहरे पानी में जाने के कारण डूब गये। यह देख तट पर मौजूद गोताखोरों ने तीन को सकुशल बाहर निकाल लिया। वही एक छात्र गहरे पानी में जाने के कारण लापता हो गया। गोताखोर लापता की खोजबीन कर रहे है। बताते चलें कि दीपक कश्यप 17, प्रिंस कुमार 16, आदित्य कुमार 17 के साथ गंगाघाट कोतवाली के क्षेत्र के पुराने यातायात पुल और रेलवे पुल के बीच में गंगा नहाने के लिये साइकिल से पहुंचे। जहां तट के किनारे साइकिल खड़ी कर चारों गंगा नहाने लगे। इसी दौरान विशाल गहरे पानी में चला गया। यह देख दीपक, प्रिंस और आदित्य उसे बचाने के लिये दौड़े और चारों गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। चारों छात्रों को डूबता देख तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने दीपक, प्रिंस और आदित्य को सकुशल बाहर निकाल लिया। वही विशाल गहरे पानी में जाने के कारण लापता हो गया। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोताखोरों को बुलाकर लापता विशाल की खोजबीन शुरू करायी। काफी प्रयास के बावजूद भी विशाल का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने डूबे छात्र के परिजनों की सूचना दी है। छात्र के डूबने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

संक्षिप्त ख़बरें

सी.ओ. ने ग्राम प्रहरियों के साथ किया गोष्ठी

संतकबीरनगर। क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर ने थाना मेंहदावल परिसर में ग्राम प्रहरियों की लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत गोष्ठी की। क्षेत्राधिकारी ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों को बताया कि चौकीदार पुलिस विभाग की प्रथम कड़ी हैं व गांव के रक्षक के रुप में ग्राम प्रहरी की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, गांव की प्रत्येक छोटी-बड़ी घटनाओं की सूचना थाने पर समय से देकर गांव में शांति व्यवस्था कायम करने में मदद करें, जिससे कि लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता अपनी पैठ ना बना सके व गलत कार्य करने वालों के मन में हमेशा डर बना रहे।

महिला थाने पर आये सभी मामलो में हुआ सुलह-समझौता



संतकबीरनगर। टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल के तहत रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थानाध्यक्ष पूनम मौर्या की अध्यक्षता में आये मामलो में कराया गया सुलह-समझौता। पहला मामला संतोषी देवी पत्नी दिलीप निवासी ग्राम उसकाकला तितौवा रोड, थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष दिलीप वर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम उसकाकला तितौवा रोड थाना कोतवाली खलीलाबाद। जबकि दूसरा मामला रुखसाना खातुन पत्नी नईमुद्दीन निवासी ग्राम महराबारी, थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर व द्वितीय पक्ष समसुल कमर पुत्र आस मुहम्मद निवासी ग्राम झिंगुरापार, थानामहुली। इसी प्रकार तीसरा मामला रेखा पुत्री प्रभारु निवासी ग्राम पायली, थाना बखिरा व द्वितीय पक्ष सोनू पुत्र बेचू निवासी ग्राम मनवापुर, थाना बखिरा। इसी प्रकार चौथा मामला पुष्पा देवी पत्नी प्रमोद कुमार निवासी ग्राम महादेवा, थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष प्रमोद कुमार पुत्र लालधर निवासी ग्राम महादेवा, थाना कोतवाली खलीलाबाद को काफी समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

चकबंदी अधिकारियो ने फर्जी तरीके से किया अभिलेख में नाम दर्ज, वृद्ध का आरोप

संतकबीरनगर। खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के निवासी सोहरा माफी गांव के राजदेव पुत्र पुद्दन ने बीते दिनो आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र सौपा। पीड़ित ने शिकायती पत्र में चकबन्दी विभाग के अधिकारियो पर आरोप लगाया है कि मेरे गाटा संख्या-81, 82स, 56व, 56अ, 59, 53स, व 6 खाता संख्या-160 पर भरोस पुत्र बेकारु का नाम फर्जी तरीके से दर्ज करा दिया गया है। राजदेव ने चकबंदी विभाग के अधिकारियो पर यह भी आरोप लगाया कि भरोस पुत्र बेकारू अधिकारियो की मिली भगत से हमारी जमीन हड़पना चाहता है और उस पर कब्जा करना चाहता है। पीड़ित ने बताया कि मैने कई बार जिले के आलिधिकारियों से इस बात की शिकायत किया लेकिन कोई भी अधिकारी इस बात पर ध्यान नही दिया। अधिकारियो के कार्यालयो के चक्कर काट-काट कर थक चुका हूं।

मदर्स डे पर सम्मानित की गई माताएं

धनघटा/संतकबीरनगर। अमर पब्लिक स्कूल व राजपति बाबू राम स्मारक इंटर कॉलेज के प्रांगण में मदर्स डे का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन प्रत्यासी हैंसर श्रीमती मनीषा पासवान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा संगीत, रंगोली और नाटक के माध्यम से अपने अभिभावकों और समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा पासवान ने कहा कि मां की ममता दुनिया में अनमोल है। मां को संदर्भित नहीं किया जा सकता, क्योंकि ईश्वर का दिया गया नायाब तोहफा हैं मां। हर सफल बच्चे के पीछे एक मां की मेहनत छिपी होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक श्रीवास्तव ने अभिभावकों को बताया कि मां ही एक ऐसी ईश्वर की प्रतिमूर्ति है जो बच्चों द्वारा समाज को सही दिशा में ले जाने का संदेश देती हैं। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशिका विभा यादव, प्रधानाचार्य आलोक श्रीवास्तव, उपप्रधानाचार्य योगेंद्र यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर कनीज सैयदा जैदी, अविनाश श्रीवास्तव, आराधना कसौधन, सुष्मिता वर्मा, रूबी गुप्ता, विनीता यादव, जूही चौधरी, दानिश खान, उषा कुमारी, निशा कुमारी, सौम्या यादव, प्रीति कसौधन, राहुल राय, प्रदीप यादव, अवधेश कुमार, राजन श्रीवास्तव, अर्जुन यादव आदि शिक्षक व शिक्षिकाए उपस्थित रहें।

दबंगो ने जमीन पर किया कब्जा, आरोप

धनघटा/संतकबीरनगर। धनघटा तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़गो टोला चकिया निवासी सुबाष चौहान पुत्र फेरन ने अपनी जमीन पर दबंगो द्वारा कब्जा किये जाने के सम्बंध में आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को शिकायती पत्र सौपा। शिकायती पत्र में लिखा है कि मेरे ही गांव के छोटेलाल पुत्र जोगी ने मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जमीन की पैमाईश कराने के लिए उपजिलाधिकारी धनघटा को लिखित पत्र दिया था लेकिन गांव के हल्का लेखपाल द्वारा खानापूर्ति कर उक्त जमीन की पैमाईश कर दिया गया तथा सादे कागज पर अंगूठा लगवाकर हल्का लेखपाल ने तहसीलदार धनघटा को सौप दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को दिये गये ज्ञापन में आगे लिखा है कि उक्त लोग मेरी जमीन पर कब्जा जमाये हुए है जब जमीन खाली करने के लिए कहते है तो मारपीट पर उतारु हो जाते है और जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित ने लिखा है कि तहसील और जिले का चक्कर लगाते-लगाते थक चूका हूं जिससे तहसील व जिले के अधिकारियों से न्याय की उम्मीद खत्म हो गयी है।

प्लास्टिक को गंगा नदी मे फेकना बंद करे और गंगा को स्वच्छ बनाने मे सहयोग करे

मीरजापुर। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन युवा प्रकोष्ठ जिला प्रमुख व स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के नेतृत्व मे रविवार को शाम 5ः00 बजे से मिर्जापुर क्षेत्र के नारघाट पर सिंगल युज प्लास्टिक ना युज करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। बाल संरक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रुपा गुप्ता ने लोगों से अपील किया कि माँ गंगा को स्वच्छ रखे, प्लास्टिक को गंगा घाटो पर ना फेके एवं गंगा को स्वच्छ बनाने मे आम जन मानस सहयोग करे, प्लास्टिक को गंगा नदी मे फेकने से काफी गंदगी हो रही है, यही नही गंगा मे जीव जन्तु भोजन समझकर उसे खा जाते है जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। स्वच्छता को ध्यान मे रखते हुए युवा टीम साथी ने प्लास्टिक को इकठ्ठा करके स्वच्छ भारत, स्वच्छ गंगा घाट का संदेश देने का काम किया। जिला प्रमुख युवा प्रकोष्ठ राहुल गुप्ता की पहल की सराहयना किया गया। राहुल गुप्ता ने सभी से अपील की है कि हम सभी को अपने जिवन से धीरे धीरे प्लास्टिक को दूर करना होगा और मिलकर पर्यावरण को बचाना होगा क्योकि इसका असर जलवायु परिवर्तन मे दिखने को मिल रहा है । कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला प्रमुख युवा प्रकोष्ठ राहुल गुप्ता व संचालान जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह एडवोकेट , सत्यम अग्रहरी नगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ , टिल्लू कुमार , आदि लोग उपस्थित रहे।

चौथा चरण: उन्नाव में मतदान आज, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में होगा मतदान

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। लोकसभा में चौथे चरण में आज 13 मई को मतदान होना है। रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। डीएम, एसपी व सीडीओ की निगरानी में पोलिंग पार्टियां मतदान सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों के लिए पुलिस सुरक्षा में रवाना किया गया है। पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर भीषण गर्मी के बीच अवव्यस्थाओ का भी बोलबाला रहा। मतदान कार्मिकों को पानी से लेकर छांव तक की मुश्किलों से जूझना पड़ा।

शहर के दोस्ती नगर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में इवीएम और वीवीपैट मशीने कड़ी सुरक्षा में रखी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। लोकसभा क्षेत्र में 2498 पोलिंग बूथ बनाये गए है। मतदेय स्थलों पर 12 हजार से अधिक मतदान कर्मी लगाए गए है। मतदेय स्थलों की सुरक्षा में 11 हजार से अधिक पुलिस कर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स को मतदान केंद्रों की सुरक्षा में लगाया गया है। वहीं 123 संवेदनशील व 19 अति संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। पोलिंग केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे से निगरानी होगी। मतदान जागरूकता के लिए 6 पिंक बूथ जिन पर सभी महिलाएं मतदान कार्मिक रहेंगी। 6 मॉडल बूथ बनाए गए हैं, जिन पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। 6 युवा बूथ जिनमें युवा मतदाता मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2341470 हैं जिसमे कुल पुरुष मतदाता 1244747 व कुल महिला मतदाता 1096625 हैं एवं थर्ड जेंडर 92 हैं। जिले मे सुरक्षा के व निष्पक्ष और निर्भीक मतदान के पुख्ता इंतेजाम किये गए है। बताया कि मध्य स्थलों का अर्धसैनिक बल के अलावा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट चुनाव पर बारीकी से नजर रखेंगे।

कई गांवों में पानी का संकट, ग्रामीण परेशान

बांदा। ब्लाक जसपुरा के अंतर्गत किसान यूनियन के पैलानी तहसील अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि जसपुरा,गौरीकला, गड़रिया,नरौली, आदि गांव में कई माह से नमाम गंगे के द्वारा खोदाई कर पाईप डाला गया है जिस से अभी तक काम पूर्ण नही कराया गया है नालियां खोदी पड़ी है।जगह- जगह पाईप चोक हो रहे है।जिस से निकलने चलने में लोगो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मनोज द्विवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि नमामि गंगे के द्वारा जला पूर्ति न मिलने के कारण ग्रामीण परेशान हैं।

आजादी के बाद से अब तक प्राथमिक विद्यालय से महरूम है मोहम्मदपुर कठार गांव

● शिक्षा के लिये ब'चों को जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पर कर मगहर जाना पड़ता है

ग्रामपंचायत द्वारा दो वर्ष पूर्व दिये गये प्रस्ताव व भूमि आवंटन के बावजूद नही बना

स्वतंत्र प्रभात

मगहर/संतकबीरनगर। विकास खण्ड खलीलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार गांव आजादी के बाद से अबतक प्राथमिक शिक्षा की सुविधा से महरूम है।गांव में प्राथमिक विद्यालय,धोबी घाट,श्मशान घाट के निर्माण को लेकर एक साल पूर्व ग्राम पंचायत की खुली बैठक हुई थी। जिसमे प्राथमिक विद्यालय के निर्माण के सम्बंध में बीएसए को प्रस्ताव भेजकर अवगत कराया गया था। इसके बावजूद एक साल बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग विद्यालय के निर्माण कार्य को शुरू नही करा सका है।जिसके कारण गांव के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिये जान को जोखिम में डाल कर रेलवे लाइन पार कर लगभग दो किमी दूर मगहर कस्बे में जाना पड़ता है। विकास खण्ड खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कठार गांव स्थित है। जिसमें वर्ष 2015 तक मोहिउद्दीनपुर, इस्लामनगर ग्राम पंचायत में समाहित थे। इस गांव में यादव, मुस्लिम, दलित, निषाद आदि जातियों के लोग निवास करते हैं। आजादी के बाद प्रधानी का चुनाव हुआ तो गांव के पहले प्रधान के रूप में जैफुल्लाह खां को ग्रामीणों ने चुना था। वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कठार का विभाजन कर गरम्पनचेत से मोहिउद्दीनपुर व इस्लामनगर गांव को अलग कर दिया गया था।इसतरह से ग्राम मोहम्मदपुर कठार के पहले प्रधान रविन्द्र यादव चुने गये।वर्तमान समय में ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कठार की कुल आबादी लगभग 3200 है।

इतनी बड़ी जनसंख्या के बीच आजादी से लेकर अबतक एक भी प्राथमिक विद्यालय नहीं है।जिसके कारण शिक्षा सुविधा से मोहम्मदपुर कठार के लोगों के बच्चों को महरूम होना पड़ रहा है। ग्रामीण अपने बच्चों को शिक्षा के दिलाने के लिये लगभग दो किमी दूर मगहर कस्बे में स्थित प्राथमिक विद्यालयों में भेजने को मजबूर हैं। मगहर कस्बे में स्थित विद्यालय जाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करना पड़ता है।ग्राम प्रधान पति रविन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बीते वर्ष 22 सितंबर 2022 को पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की खुली बैठक हुई थी।जिसमें प्राथमिक विद्यालय, धोबी घाट,श्मशान घाट और स्वास्थ केंद्र की स्थापना सम्बंधी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ था।विद्यालय निर्माण के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा गया था।जिसके क्रम में एसडीआई खलीलाबाद अर्जुन प्रसाद ने 17 जनवरी 2023 को एसडीएम सदर को पत्र लिख कर विद्यालय निर्माण सम्बंधी समस्या से अवगत कराया था।उसके बाद सीडीओ संत कुमार ने 17 फरवरी 2023 को बीएसए को स्थली निरीक्षण करने को निर्देशित किया था।भूमि आवंटन के सम्बंध में चकबन्दी विभाग ने 20मार्च 2023 को प्राथमिक विद्यालय भवन के निर्माण के लिए गाटा संख्या 184,185 और 186 में कुल 0.122 हेक्टेयर भूमि सुरक्षित किये जाने की जानकारी दी है।इसके बावजूद लगभग एक साल ब्यतीत होजाने पर भी प्राथमिक विद्यालय का निर्माण शुरू नहीं हो सका है।

क्या कहते हैं ग्राम पंचायत अधिकारी

मगहर/संतकबीरनगर। मोहम्मदपुर कठार के ग्राम पंचायत सिकरेट्री विपिन चन्द्र यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत कमेटी के द्वारा प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण सम्बंधी प्रस्ताव किया जा चुका है। इसकी सूचना बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र के माध्यम से दे दिया गया है। चकबन्दी विभाग ने विद्यालय के भवन के लिए भूमि भी आवंटन कर राजस्व अभिलेख में दर्ज कर दिया है।जिससे विद्यालय भवन के निर्माण में अब कोई बाधा उत्पन्न न हो सके।

मदर्स-डे पर सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने मां का सम्मान करके बढ़ाया मान

● बच्चे एक कच्चे घड़े के समान होते है-जय चौबे

माँ ही बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है-डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी

मां अपने आप में संपूर्ण पाठशाला है-सविता चतुर्वेदी

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीनगर। जनपद के प्रतिष्ठित सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में रविवार कोष्मदर्स डेष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्लेवे से विभिन्न कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सूर्या परिवार की मुखिया श्रीमती चंद्रावती देवी (माताजी) पूर्व विधायक जय चौबे, प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी व प्रबंध निदेशिका सविता चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, शिखा चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं विद्यालय के संस्थापक स्मृतिशेष पं. सूर्य नारायण चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। तदपश्चात विद्यालय के बच्चों नें उपस्थित सभी माताओं को तिलक लगाकर और पुष्प प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फजय चौबे ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वैसे तो प्रत्येक दिवस मां का दिवस होता है सभी के जीवन में मां का विशेष महत्व होता है हम सभी को मां का सम्मान करना चाहिए। मातृ दिवस एक ऐसा दिन है जिस दिन बच्चे अपनी मां के सम्मान के लिए उन्हें स्पेशल फील करवाते हैं। मां का ऋण कोई भी कभी नहीं उतार सकता है। पूर्व विधायक ने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते है। श्री चौबे ने कहा कि बच्चे एक कच्चे घड़े के समान होता है इस लिए शुरुआत में जो शिक्षा बच्चों को दी जाती है वही आगे चलकर काम आता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने माँ की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि माँ ही बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती हैं जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए नैतिकता एवं कर्तव्य का बोध कराती है जिससे वह भविष्य में एक अच्छा मनुष्य बनकर समाज की सेवा कर सके। इसी क्रम में विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि मां अपने आप में संपूर्ण पाठशाला है जो किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के चतुर्दिक विकास के लिए समर्पित रहती है अतः हम सभी को मां का सम्मान करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने कहा कि त्याग और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है माँ और माँ ही ऐसी कुंजी है जो सभी समस्याओं का समाधान कर सकती है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, नितेश द्विवेदी, अशोक चौबझे, बलराम उपाध्याय, अविनाश श्रीवास्तव, बबीता त्रिपाठी, अर्चना त्रिपाठी, आरती चौधरी, अनीता गुप्ता, आंशी जायसवाल, शर्मिला मिश्रा समेत तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक मौजूद रहे।

माताओ को तिलक लगाकर किया गया सम्मानित

सन्तकबीरनगर। सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में मदर्स डे के अवसर पर मौजूद महिलाओं को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौजूद महिलाओं ने कहा कि जिस प्रकार से सूर्या एकेडमी में छात्राओं का शिक्षा के साथ संस्कार दिया जा रहा है वह काबिले तारीफहै।

नाश्ता व भोजन का रहा पर्याप्त व्यवस्था

सन्तकबीरनगर। सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में मदर्स डे के अवसर पर सभी छात्र-छात्राएं व पेरेंट्स के लिए नाश्ता हुआ भोजन का रहा पर्याप्त व्यवस्था।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में चलाया गया जागरुकता अभियान

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज थाना मानव तस्करी निरोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल संरक्षण विभाग, जनसाहस सस्था की संयुक्त टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट पुलिस लाइन बांदा में मानव तस्करी, बच्चा चोरी, बाल विवाह, नशा मुक्ति व बाल भिक्षावृत्ति उन्मुलन जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में बालक/बालिकाओं को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह, बच्चा चोरी व बच्चो के साथ घटित होने वाले अपराध एवम् अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में जागरूक किया गया साथ ही इससे सम्बन्धित कानूनी प्रावधानों व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जानकारी देकर गुड टच व बैड टच के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

मतदाता जागरूकता के साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर, पचपेड़वा बाजार में रविवार को वंदे भारत न्यूज़ चैनल के शुभारंभ पर कार्यालय पहुंचे नगर पंचायत पचपेड़वा अध्यक्ष रवि वर्मा ने मतदाता जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास के पर्यावरण को हम अगर स्वच्छ अथवा सुरक्षित नहीं रखेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसके भयंकर परिणाम भुगतने होंगे। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रदूषण को कम करना अति आवश्यक है। इसके लिए हम सब को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। ताकि हमारा पर्यावरण हरा-भरा बना रहे। जिला वनाधिकार समिति और पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल थारू ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए,इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। कार्यालय शुभारभ पर ब्यूरो चीफ राजीव मिश्रा ने कहा कि जागो मतदाता जागो और 25 मई को मतदान अवश्य करे। जन समुदाय को बताया कि मतदान उनका अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। तेज पाल सिंह परियोजना अधिकारी ने कहा कि अपने मत का प्रयोग करके एक अच्छे प्रतिनिधि को चुन सकते हैं। समाज सेवी और भाजपा नेता ने कहा कि जातिगत भावना से ऊपर उठकर स्वयं के लाभ के बारे में न सोचते हुए समाज के विकास के बारे में सोचें। साथ ही समाज को उन्नत बनाने के लिए प्रयत्नशील हों। मतदाताओं को चाहिए कि जाति, धर्म व समुदाय को ध्यान में रखकर मतदान न करें। बल्कि ऐसे प्रतिनिधि को चुनें जो वास्तव में समाज का हित चाहने वाला हो। पत्रकार रमेश यादव ने आए हुए अतिथि पूर्व प्रमुख भोला जायसवाल, अजय जायसवाल, लतीफ मास्टर, डॉक्टर विकास, प्रधान रोहित, संतोष सिंह प्रधान प्रतिनिधि, रामगोपाल तिवारी, निजाम भाई , वसीम भाई, सहित कई पत्रकार लोगो को सम्मानित किया ।

गंगा नहाने के दौरान 4 छात्र डूबे, गोताखोरों ने 3 को बचाया, 1 लापता

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। कानपुर के रहने वाले चार छात्र रविवार को साइकिल से गंगा नहाने के लिये रेलवे पुल के नीचे पहुंचे। जहां गंगा नहाने के दौरान चारों छात्र गहरे पानी में जाने के कारण डूब गये। यह देख तट पर मौजूद गोताखोरों ने तीन को सकुशल बाहर निकाल लिया। वही एक छात्र गहरे पानी में जाने के कारण लापता हो गया। गोताखोर लापता की खोजबीन कर रहे है।

बताते चलें कि दीपक कश्यप 17, प्रिंस कुमार 16, आदित्य कुमार 17 के साथ गंगाघाट कोतवाली के क्षेत्र के पुराने यातायात पुल और रेलवे पुल के बीच में गंगा नहाने के लिये साइकिल से पहुंचे। जहां तट के किनारे साइकिल खड़ी कर चारों गंगा नहाने लगे। इसी दौरान विशाल गहरे पानी में चला गया। यह देख दीपक, प्रिंस और आदित्य उसे बचाने के लिये दौड़े और चारों गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। चारों छात्रों को डूबता देख तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने दीपक, प्रिंस और आदित्य को सकुशल बाहर निकाल लिया।

वही विशाल गहरे पानी में जाने के कारण लापता हो गया। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोताखोरों को बुलाकर लापता विशाल की खोजबीन शुरू करायी। काफी प्रयास के बावजूद भी विशाल का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने डूबे छात्र के परिजनों की सूचना दी है। छात्र के डूबने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

संक्षिप्त ख़बरें

एक्टिविटी डे पर गुरुकुल एकेडमी में हुआ ड्राइंग काम्पटीशन

पलियाकलां- खीरी ऐक्टिविटी डे 'मनाते हुए गुरुकुल ऐकेडमी, पलिया में ड्राइंग कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। कक्षा पाँच से बारह तक के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा पाँच से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने 'मेरे जीवन का उद्?देश्य विषय पर चित्रकारी की तथा रंग भरे। कक्षा नौ, दस , ग्यारह व बारह के लिए कमशः 'भविष्य में जल की कमी तथा जीवन के दो पहलू' विषय थे। इस प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर कैटेगरी में पचास बच्चों ने प्रतिभागिता की। जिसमें से कक्षा 6 की मुस्कान शुक्ला प्रथम, श्रेया शर्मा द्वितीय व अनिकेत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 से धृति अग्रवाल, योग्यता पाण्डेय व अरणव गप्ता क्रमश- पहले, दूसरे व तीसरे स्थानों पर रहे। कक्षा आठ से अरणव शर्मा ने पहला जैसमीन कौर ने दूसरा, परनीत कौर व विवेक सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ व दस से शगुन सिंह, नमन सोनी व अभय सिंह, कक्षा ग्यारह व बारह से गुरताज सिंह, नवनीत सिंह व काजल साहनी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थानों पर रहे। विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन कला शिक्षक शोभित कटियार की देखरेख में हुआ। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने सभी बच्चों के प्रयासों को सराहा तथा अपने रुचिकर क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने हेतु सदैव प्रयासरत रहने की सलाह दी।

वाहनों की की जा रहा है चेकिंग गाड़ियों के हटवाए स्टीकर

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे के अतर्रा रोड हनुमान मंदिर के पास आज बांदा चित्रकूट लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु बांदा जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में सभी जगह मजिस्ट्रेट बनाकर लगाए गए हैं। जिसमें सभी आने-जाने वाले चार पहिया वाहन, बाइक, बस को खड़ा करवाकर सघन चेकिंग अभियान मजिस्ट्रेट के द्वारा कराई जा रही है। वहीं चार पहिया वाहन पर लगे राजनीतिक पार्टी के पोस्टर एवं स्टीकर को मजिस्ट्रेट के द्वारा हटवाये गए हैं। वही गाड़ियों में रखे बैग झोले की चेकिंग की गई है। इस मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

पैदल जा रहे वृद्ध को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, वृद्ध गंभीर रूप से घायल

बबेरू/बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के बाद गांव के रहने वाले इंद्रपाल उम्र 60 वर्ष यह आज बबेरू में घरेलू सामान खरीदने के लिए आया था। जो समान खरीदने के बाद पैदल तिंदवारी रोड होते हुए घर जा रहा था। तभी ई रिक्शा ने टक्कर मार दिया, जिससे वृद्ध इंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही राहगीरों ने देखा तो सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार किया गया।

दबंगों ने वृद्ध पति पत्नी के साथ किया मारपीट, पुलिस ने कराया मेडिकल

बबेरू/बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भदेहदू गांव के रहने वाले राम भवन पटेल पुत्र रामाधार पटेल उम्र करीब 70 वर्ष व कमला देवी पत्नी राम भवन उम्र 65 वर्ष को गांव के ही दबंगों ने दोनों के साथ मारपीट किया है। तभी दोनों पति-पत्नी बबेरू कोतवाली पहुंचकर मारपीट करने वाले दबंग के खिलाफ तहरीर दिया है। पुलिस के द्वारा तहरीर लेते हुए घायल दोनों पति-पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज कर मेडिकल उपचार कराया है, वहीं पुलिस के द्वारा इस मारपीट की घटना की जांच में जुट गई है।

करंट की चपेट में आकर दो झुलसे

बांदा। करंट लगने से दो सगी बहने झुलस गई। मौके पर पहुंचे परिजनो ने दोनो को करंट से मुक्त कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मटौध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव निवासी 16 वर्षीय शाहिस्ता पुत्री लतीफ शनिवार की रात दरवाजा बंद कर रही थी। दरवाजे के बगल से निकली केविल कट कर दरवाजे में छू गई जिससे करंट की चपेट में आकर झुलस गई। छोटी बहन को चिपका देख 18 वर्षीय बड़ी बहन कैकशा बचाने आई तो वह भी चिपक गई। मौके पर पहुंचे घरवालो ने देखा तो दोनो को करंट से मुक्त कराया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

मार्ग हादसे में युवक घायल

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के दोहा गांव निवासी 21 मोहित पुत्र राजकमल शनिवार की शाम ई रिक्शा में बैठकर घर जा रहा था। तभी रास्ते में ईरिक्शा पलट गया। जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

भ्रष्टाचार को रामलोक से खत्म करना गरीबों का हक दिलाना हमारा दायित्व संरक्षक सर्वेश दीक्षित राम लोक कल्याण समिति

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी तहसील धौरहरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा रामलोक मैं जो सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही है ना उनके बारे में किसी को जानकारी है ना उसका किसी को लाभ मिल रहा है जिसकी राम लोक कल्याण समिति प्रतिदिन हर गांव में अपनी चौपाल लगाकर ग्राम सभा वासियो को जानकारी दी जा रही है वह उच्च अधिकारियों से जिनको लाभ नहीं मिला है, बात करके उनके निस्तारण की भी बात की जा रही, राम लोक कल्याण समिति के द्वारा अधिकारियों से बात की जा रही है जो यह लोग लाभ के पात्र हैं उनको क्यों नहीं लाभ मिला, इसकी प्रतिनिधि की जिम्मेदारी होती है लेकिन प्रतिनिधि घूंघट में दिखाई पड़ रहा है, राम लोक कल्याण समिति के द्वारा समिति के माध्यम से जो जिसकी मदद हो सकती है वह बराबर की जा रही है, लेकिन सरकार के द्वारा दी गई योजनाओं का राम लोक में किसी को लाभ नहीं मिल रहा है, ना कोई भी अधिकारी इसके बारे में जानकारी देता है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामलोक ग्राम सभा के लोगों ने बताया ना तो हम ग्राम पंचायत अधिकारी को जानते हैं, न विकासखंड अधिकारी को जानते हैं ,न हमारे ग्राम सभा में जो सफाई कर्मी है उसको जानते हैं, ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक हम लोगों ने उनको देखा ही नहीं है तो अपने हक की बात किस से करें, भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी ग्राम सभा रामलोक अपनी भाषा में बताया भैया जी जो गौशाला बने थे जानवरों के लिए उसमें अपना भूसा रखकर लोग अपना बैठक बना लिए हैं हम लोग रात भर खेत में जागते हैं की जानवर हमारी हरियाली को ना खा जाए अगर गौशाला चेक कराया जाए तो एक भी गौशाला में कोई भी जानवर नहीं है जहां पर गौशाला बने हैं वह बैठने का अपना अड्डा बना लिए हैं आधा पैसा अधिकारियों को गया आधा पैसा जिनके घर पर गौशाला बना फिर भी बैठने का अड्डा बना लिया जानवर हम लोगों की हरियाली की विनाशलीला कर रहे हैं जब पत्रकारों ने जानकारी चाही तो जानकारी से यह पता चला फर्जी फॉर्म भरवा कर पैसा वसूल लेते हैं, प्रधान प्रतिनिधि आवास के नाम पर अवैध वसुली करते हैं जो कि भ्रष्टाचार में उनके प्रतिनिधि व प्रधान के ऊपर मुकदमा भी लिखा गया है लेकिन अभी तक भ्रष्ट अधिकारियों की आंखें नहीं खुली हैं, अब यह देखना है क्या राम लोक कल्याण समिति इनको न्याय दिला पाएगा ,यह खबर छापने का कोई असर भी होगा सूत्रों से जानकारी के अनुसार राम लोक कल्याण समिति ने शपथ ली है कि रामलोक को बिहार नहीं बनने देंगे चाहे जितना संघर्ष करना पड़े राम लोक को भ्रष्टाचार से मुक्त करवा कर ही रहेंगे बिहार में तो चारा घोटाला हुआ था यहां तो चारा भी नहीं छोड़ते ,पत्रकारों की टीम मौके पर पहुंचकर जानकारी ली जो प्रधान को काम करना चाहिए वह राम लोक कल्याण समिति कर रही है जानकारी से यह भी पता चला कि राम लोक कल्याण समिति निस्वार्थ काम कर रही है उसको किसी राजनीतिक दल से लेना-देना नहीं है वह कल्याण समिति इसलिए बनी है की अपनी ग्राम सभा वासियो कि हम लोग मदद कर सकें यह जो समिति बनी है इसकी चर्चा पूरे जिले लखीमपुर खीरी में हो रही रामलोक कल्याण कि लोग तारीफ कर रहे हैं!

मतदान दिवस पर निरन्तर पुलिस एवं मजिस्ट्रेटों के द्वारा भ्रमण किया जायेः प्रेक्षक

● चुनाव को शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष सम्पन्न कराने को लेकर हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग से आए विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय वी. नायक, विशेष पर्यवेक्षक व्यय राजेश टुटेजा तथा विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में एवं 48-बाँदा सांसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीमती वी.कलाईराशि, पुलिस प्रेक्षक जाय विश्वास तथा व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती एवं हमीरपुर सांसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक श्रीमती प्रियंका दास एवं व्यय एवं पुलिस प्रेक्षकों की उपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार में मण्डल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विशेष प्रेक्षकों ने जनपद बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट व महोबा जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शान्तिपूर्वक, निष्पक्ष व कुशलता से सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों से समीक्षा करते हुए, निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने तथा मतदान दिवस पर निरन्तर पुलिस एवं मजिस्ट्रेटों के द्वारा भ्रमण किये जाने के निर्देश दिये। किसी एक स्थान अथवा मतदान केन्द्र पर अनावश्यक भीड एकत्रित न रहे। बीएलओ मतदाताओं को सहायता उपलब्ध करायें। उन्होंने ईवीएम मशीन की कमिशनिंग कार्य को समय से कराये जाने स्ट्रांग रूम में समुचित सुरक्षा की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने ट्रान्सपोर्ट बसों सहित अन्य वाहनों की सघन चेकिंग एवं अवैध शराब व नगदी पर नजर रखने के निर्देश दिये। किटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए एवं वेबकास्टिंग भी करायी जाए। किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना पर नजर रखते हुए तत्काल कार्यवाही की जाए। निर्वाचन के सम्बन्ध में पुलिस द्वारा की कार्यवाही, चेकिंग एवं बॉर्डर पॉइंटों पर नियमित रूप से चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए। प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा विधिवत समय से परीक्षण भी किया जाए। मतदान दिवस पर सेक्टर पुलिस, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य जोनल अधिकारी ईवीएम मशीन के खराब होने की सूचना पर बदलनों की शीघ्र कार्यवाही की जाए।निर्वाचन कार्य में निष्पक्षता के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर रखते हुए शान्तिपूर्वकढंग से निर्वाचन को सम्पन्न करायें। बैठक में उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों से निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में गहनता से जानकारी ली। बैठक में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्य को सम्पन्न कराये जाने तथा कर्मियों की पोस्टल वैलेट के द्वारा मतदान हेतु फैसिलिटेशन सेंटर की व्यवस्था आदि कार्यो की जानकारी प्राप्त की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रेक्षकों को निर्वाचन कार्यों की तैयारी के संबंध में प्रेजेंटेशन के द्वारा जानकारी दी गयी, जिसमें मतदान केंद्रों का विवरण, कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने मतदान केंद्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, जिला सुरक्षा प्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बांदा राजेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकूट, हमीरपुर सहित निर्वाचन कार्यों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

घरेलु मारपीट में घायल अधेड़ की मौत

● - पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। रूपयो के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दो पुत्रो ने पिता को बेरहमी से मार पीट कर घायल कर दिया था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के सुतरखाना निवासी 55 वर्षीय अरविंद पुत्र मेवालाल गुरूवार की शाम अपने पुत्रो से रूपया लेने अतर्रा गया था। रूपयो के लेन देन को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनो पुत्रो ने पिता के अतर्रा स्थित एक विद्यालय के मैदान में डंडो से पीट कर बेदम कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मरणासंन्न स्थिति में अरविंद को छोड़कर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिलस ने घायल को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान शनिवार की शाम उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई राजेद्र कुमार ने बताया कि अरबिंद के दो पुत्र कंचन और चंदन अपनी मां पुष्पा के साथ लुधियाना में रहते है। चार दिन पहले ही वह लोग अपनी मां के साथ ननिहाल अतर्रा आ गए। अरबिंद के नाम कालोनी आई थी। ज्वाइट खाता होने की वजह से कालोनी का दो लाख रूपया पुत्रो ने निकाल लिया था। अरबिंद रूपया लेने पुत्रो के पास गया था। रूपयो के लेन देन के विवाद में पिता को मार डाला। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पिता पुत्रो में विवाद हुआ था। फिर हाल किसी ने तहरीर नही दी है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार प्राथमिका में शामिलः मयंक

स्वतंत्र प्रभात

- बसपा प्रत्याशी ने जनसम्पर्क कर मांगे वोट

बांदा। रविवार को लोकसभा क्षेत्र बांदा चित्रकूट के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी प्रातः 10 बजे अतर्रा स्थित कैंप कार्यालय से जनसंपर्क हेतु रवाना हुए जहां नरैनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनगरा, गौर शिवपुर होते हुए ग्राम रिसौरा पहुंचा जहां पहले से ही टेंट पांडाल लगाकर प्रतीक्षा कर रहे श्री लखवीर सिंह, रंजीत वर्मा, संदीप पाण्डेय एवं सर्वसमाज के सैकडों ग्रामवासियों ने मयंक द्विवेदी का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। बसपा प्रत्याशी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करने के उपरांत ग्राम पाडादेव, मऊ, देवरार बांसी, मुरवा, हुसैनपुर, गिरवां, नई दुनिया, रसूलपुर, नंदवारा, नौहाई, तरखरी, पहाड़पुर, मऊ, हजारीपुर, बहेरी, बंडे होते हुए ग्राम अनथुआ में सैकड़ों की संख्या में पधारे ग्रामवासियों से आगामी 20 मई को चुनाव चिन्ह हाथी में बटन दबाकर भारी बहुमत से जिताने की अपील की, सभी ने हांथ उठाकर एक स्वर में बसपा प्रत्याशी को समर्थन देने की हुंकार भरी। आज के इस मैराथन जनसंपर्क अभियान में कुल 19 ग्राम कवर करते हुए हजारों लोगों से संपर्क किया गया। सर्वसमाज की माताओं, बहनों, बुजुर्गो और युवाओं से मिल रहे अपार जनसमर्थन के लिए मयंक द्विवेदी ने जगह जगह उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया और वादा किया कि इस बार यदि आपने सांसद चुन कर सेवा का अवसर दिया तो चित्रकूट बांदा जनपद के विकास एवं कृषि, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए आप सभी के मान संमान और गौरव के लिए अपना जीवन खपा दूंगा साथ ही यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ, सिंचाई समस्या, सुधरेगी यह मेरी अभीष्ट प्रतीज्ञा है।

हिंदू कालेज के मैदान में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी

● - पुलिस ब्रीफिंग कर आला अफसरों ने पुलिस बल को बांटी जिम्मेदारियां ,दिए दिशा निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात

अतर्रा/बांदा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अतर्रा नगर के हिंदू इंटर कॉलेज प्रांगण में एक विशाल जनसभा को संबोधित करने एवम बांदा चित्रकूट लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने हेतु दोपहर लगभग 1:00 बजे पधार रहे हैं।जिसको लेकर एडीजी प्रयागराज तथा डीआईजी चित्रकूट धाम परिक्षेत्र मंडल बांदा सहित पुलिस कप्तान बांदा ने आकर जनसभा की तैयारियो का जायजा लिया और ग्राउंड सहित कार्यक्रम स्थल की पूरी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करते हुए एक प्रेस ब्रीफिंग कर पुलिस बल के सभी लोगों को उनके दायित्व सौंपे और अनुपालन हेतु उचित दिशा निर्देश जारी किए।

ज्ञातव्य हो कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उड़न खटोला दोपहर हिंदू इंटर कॉलेज के ग्राउंड में उतरेग और वहां से सीधे वे जनसभा मंच पर पहुंचकर बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र के उपस्थित हजारों की भीड़ को संबोधित करेंगे। वह पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के पक्ष में आम जनता से बोट की अपील करेंगे।वही प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। थाना कोतवाली अतर्रा के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस उप महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह अजय कुमार सिंह के अलावा पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल श हित चुनावी जनसभा स्थल पर पहुंचकर पंडाल सहित प्रांगण की सुरक्षा व्यवस्था और सभी प्रकार की तैयारी को जांचा परखा और ड्यूटी पर लगाए गए पुलिस के अधिकारियों, निरीक्षको को उपनिरीक्षकों सहित सैकड़ो की संख्या में सभी जवानों को अपनी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की सभा के 2 दिन बाद 15 मई को बसपा सुप्रीमो मायावती की जनसभा भी इसी ग्राउंड में होना सुनिश्चित हुआ है वही सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की चुनावी जनसभा का कार्यक्रम 16 मई 2024 को अतर्रा पीजी कॉलेज के मैदान में हैं।

बैंक सोसाइटी ने मातृ दिवस पर कपड़ों का किया वितरण

● -ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। रविवार को मातृ दिवस के मौके पर जनाब शेख़ सादी जमा के संरक्षण में, रिज़वान अली की अध्यक्षता में राहुल अवस्थी शाखा प्रमुख क्योटरा बाँदा रोटी बैंक के नेतृत्व में ग्राम प्रधान छोटा पुरवा भूरागढ़ देवनारायण निषाद की उपस्थिति में ग्राम छोटा पुरवा भूरागढ़ के ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें आदि का वितरण किया गया।साथ ही श्रीमती तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष बाँदा रोटी बैंक के द्वारा ग्राम छोटा पुरवा भूरागढ़ के ग्रामीणों को अधिक मतदान 90. के बारे में तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी।ग्रामीणों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया।उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारी, सदस्य एवं शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग किया।मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,मुईनुद्दीन फ़ारूक़ी उपाध्यक्ष,सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, इरफ़ान खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अज़हर महामंत्री,अखूतर किरमानी सोशल मीडिया प्रभारी, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखण्डी नाका, इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार,नग्गो खातून,शाहान अली, अलीमुददीन, महेंद्र पाल,राज गुप्ता, सुशील सिंह सदस्य आदि मौजूद रहे।

सपा नेता ने फर्जी दस्तावेज पर करवाया ये काम, खुलासा होने पर पुलिस हैरान, गिरफ्तार कर भेजा जेल

● सपा के पूर्व पदाधिकारी ने फर्जी दस्तावेज लगाकर दो शस्त्र लाइसेंस बनवा लिए। जब मामले की जांच कराई गई तो खुलासा हुआ। इसके बाद एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत में फर्जी पता दर्शाकर कूटरचित अभिलेख लगाकर सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने दो शस्त्र लाइसेंस बनवा लिए। जांच में जब मामला सामने आया, तो एसपी के आदेश पर गजरौला थाने में तैनात दरोगा ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है

गजरौला थाने में एसपी अविनाश पांडेय के आदेश पर एसआई मोहम्मद आरिफ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 मई को कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने एक बीट सूचना अंकित कराई थी। जिसकी जांच उनके द्वारा की गई। इसमें सामने आया कि क्षेत्र के गांव पौरखास के रहने वाले सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र रविंदर सिंह वर्तमान में सदर कोतवाली के एकता नगर कॉलोनी में रहता है। उसके पास दो शस्त्र लाइसेंस हैं।

एक लाइसेंस डीबी बीएल गन 12 बोर और दूसरी रिवॉल्वर/पिस्टल 32 बोर का है। उक्त दोनों शस्त्र लाइसेंस वर्ष 2007 में अपना आवासीय पता जिला शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम प्रसादपुर दर्शाकर आवेदन कर बनवाए गए थे। वर्ष 2018 में सतनाम सिंह उर्फ सत्ता ने अपना पता एकता नगर कॉलोनी पीलीभीत अंकित करके प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र सहित डीएम को दिए।

ऐसे हुआ खुलासा

दोनों शस्त्र लाइसेंस शाहजहांपुर जनपद से पीलीभीत स्थानांतरित कराकर अभिलेखों में पंजीकृत कराए गए। पुलिस ने सतनाम सिंह की ओर से दर्शाए गए पते पर ग्राम प्रसादपुर जाकर ग्रामीणों से जानकारी की तो पता चला कि प्रसादपुर में कभी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नहीं रहता था। इस संबंध में वर्तमान प्रधान ग्राम पंचायत धनसिंहपुर स्वामी दयाल ने लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। इसमें बताया कि ग्राम पंचायत धनसिंहपुर का मजरा प्रसादपुर है। उसमें सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र स्व.रविंदर सिंह नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता है, न ही पहले कभी रहता था।

ऐसे में स्पष्ट है कि आरोपी द्वारा अपना फर्जी पता दर्शाकर कूटरचित अभिलेखों की मदद से दोनों लाइसेंस फर्जी पते पर 2007 में प्राप्त किए गए। 2019 में शस्त्र लाइसेंस पीलीभीत स्थानांतरित कराकर अभिलेखों में दर्ज करा लिए गए। जबकि जिले के अलग-अलग थानों में सतनाम सिंह उर्फ सत्ता का आपराधिक इतिहास भी है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी ने फर्जी पता दर्शाकर दूसरे पते दो शस्त्र लाइसेंस जारी करा लिए थे। जांच में में मामला प्रकाश में आने पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बांदा पुलिस डायल-112 में शामिल हुए 29 नये पीआरवी वाहन

● - पीआरवी वाहनों को पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। रविवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद बांदा को प्राप्त 29 नये पीआरवी वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । गौरतलब को कि लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आपाताकालीन पुलिस सेवा के और प्रभावी तथा बेहतर बनाने हेतु डायल-112 मुख्यालय से जनपद बांदा को 19 नये चार पहिया वाहन (स्कार्पियो) तथा 10 दो पहिया वाहन प्राप्त हुए हैं । पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा विधिवत नारियल फोड़ कर तथा हरी झण्डी दिखाते हुए पीआरवी वाहनों को रवाना किया गया । डायल-112 में नये पीआरवी वाहनों के शामिल होने से जनपद बांदा में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में काफी मदद् मिलेगी साथ ही आपातकालीन पुलिस सेवा और बेहतर तथा प्रभावाशाली होगी । नये पीआरवी वाहनों के आने् से तैनात पीआरवी वाहनो की सघनता में वृद्धि होगी जिससे रिस्पांस टाइम काफी कम करने में मदद् मिलेगी ।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर रिश्वत लेकर ऑडिट कराने का लगा आरोप

जिन विद्यालयों ने पैसा नहीं दिया उनका ऑडिट नहीं हुआ,टीम गयी वापस

अम्बेडकर नगर। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर रिश्वत लेकर ऑडिट कराने का लगा आरोप।इलाहाबाद से आडिट टीम आई थी प्रत्येक विद्यालय से सुविधा शुल्क लेकर ऑडिट कराया गया जिसने रिश्वत नहीं दी उसके विद्यालय का ऑडिट नहीं हुआ। रिश्वत कलेक्ट करने में लेखाकार का नाम आ रहा है रिश्वत न देने वाले विद्यालयों का वेतन पास करने से इनकार कर दिया। राष्ट्रीय सुभाष इंटर कॉलेज सैदही के कर्मचारी वेतन पास कराने आया था परंतु लेखाकार मैडम ने कहा कि आपके विद्यालय में ऑडिट नहीं कराई इसलिए आपके विद्यालय का वेतन पास नहीं किया जाएगा। जिस के बाद बाबू और लेखाकार में कहा सुनी हो गई इसी तरह यह प्रकरण आम जनता के सामने आ गया। बाबू ने बताया की पत्रावली लेखाकार के यहां जमा की गई थी पैसा नहीं दिया था इसलिए आडिट नहीं कराया। सुनने में आया है कि प्रत्येक विद्यालय ?12000 की वसूली की गई है जिन विद्यालयों ने पैसा नहीं दिया उनका ऑडिट नहीं हुआ और ऑडिट टीम वापस चली गई। अब वह विद्यालय जिनका ऑडिट नहीं हुआ उनका वेतन यह कहकर रोका जा रहा है कि जब तक आप पैसा नहीं देंगे तब तक आपका ऑडिट नहीं होगा और जब तक ऑडिट नहीं होगा तब तक अध्यापकों कर्मचारियों का वेतन पास नहीं किया जाएगा। जिले के अधिकारियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री योगी जी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी की धज्जियां उड़ाई जा रही है प्रशासन मूक दर्शक बना बैठा है।

गुप्तांग काटकर किन्नर बनाने के मामले मे अभी तक नहीं हो पाया मेडिकल परीक्षण

अम्बेडकरनगर। हंसवर थाना क्षेत्र के नारायनपुर प्रीतमपुर में दो लोगों का नाजुक अंग कटवाकर किन्नर बनाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग अभी तक पीड़ितों का मेडिकल नहीं कर पाया है। वहीं पुलिस मेडिकल रिपोर्ट के अभाव में अभी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। मेडिकल रिपोर्ट के इंतजार में सिर्फ जांच करने तक ही सीमित है।हंसवर थाना क्षेत्र के नारायनपुर प्रीतमपुर में रेखा नाम की किन्नर पर अजय पुत्र रामसूरत निवासी दिलावलपुर तथा दिलीप पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर निवासी भदयां आलापुर ने नशीला पदार्थ खिलाकर नाजुक अंग कटवाकर किन्नर बनाने का आरोप लगाया था। बंधक बनाकर मार पीटकर प्रताड़ित करने का भी आरोप है। दोनों पीड़ितों ने रेखा के चंगुल से छूटकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं पुलिस ने प्रार्थना पत्र मिलने के बाद दोनों पीड़ितों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज कर जांच पड़ताल भी शुरू कर दी थी, लेकिन दो दिन का समय बीत जाने के बावजूद अभी तक पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण नहीं हो सका है। दोनों पीड़ितों के मेडिकल परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग उलझा हुआ है। सीएचसी अधीक्षक केसी यादव के मुताबिक यह एक अलग तरीके का मेडिकल परीक्षण है। जिस विषय पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट मांगी गई है, उस विषय का पता लगाना थोड़ा सा कठिन कार्य है, जिसकी वजह से समय लग रहा है। उच्च अधिकारियों से वार्ता की जा रही है। जल्द ही टीम गठित कर दोनों पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण किया जाएगा।

संक्षिप्त ख़बरें

प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता

काउंसिलिंग के माध्यम से 05 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷अभिनन्दन÷ के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । आज दिनांकः12.05.2024 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 05 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे । परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक-सीमा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव तथा परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य पार्वती पाण्डेय, सलिल पाण्डेय, सुरेश कुमार जायसवाल तथा कृष्ण श्रीवास्तव मौजूद रहें ।

गर्मी में सफेद हाथी दात साबित हो रहा है जल नल योजना

लक्ष्य के सापेक्ष बीस प्रतिशत घरों में भी नही मिलता नल से जल

मीजापुर। अहरौरा क्षेत्र में केन्द्र सरकार की अत्यंत ही महत्व पूर्ण योजना हर घर नल से जल अहरौरा नगर के आसपास के गांवो में हाथी दात साबित हो रहा है।

और लक्ष्य के सापेक्ष बीस प्रतिशत घरों में भी शुद्ध जल नल से नही मिल पा रहा है।

बता दें की जमालपुर विकास खंड के 63 गांवो में नल से शुद्ध जल उपल्ब्ध कराने के लिए अहरौरा नगर के दक्षिण तरफ स्थित हिनौता लतीफपुर गांव में पेयजल का ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। जहां से जमालपुर विकास खंड के 63 गांवो मे नल से जल देने के लिए पांच पानी की टंकियां लतीफपुर,कंचनपुर,जफराबाद, दोहरी , चकलठिया में बनाई गई है। इन पानी की टंकियों से विकास खंड के 63 गांवो में पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन निर्धारित समय के बाद भी मात्र 20 गावों में पेयजल की आपूर्ति शुरू हो पाई है। वैसे किसी भी गांव में नियमित पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाती हैं। क्षेत्र के जसवा, बिंदपुरवा, मानिकपुर, मझवा, रोशनहर, आनंदीपुर, खाजगीपुर, इत्यादि गांवो के ग्रामीणों का कहना है की कभी पानी आता तो कभी कई कई दिन तक पाणी नहीं आता।

अहरौरा जलाशय से पेयजल आपूर्ति के लिए लिया जाता हैं पानी

हिनौता लतीफपुर गांव में बने जल नल के ट्रीटमेंट प्लांट के लिए अहरौरा जलाशय से पानी लिया जाता हैं जलाशय में पानी कम होने से भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है।

क्या कहते हैं जिमेदार

लतीफपुर हिनौता पेयजल प्लान्ट के प्रभारी त्रिपुरारी सिंह ने बताया की जमालपुर विकास के 63 गांवो को लतीफपुर से जल नल योजना के तहत पानी देने का लक्ष्य है लेकिन अभी तक मात्र बीस गांवो में ही पानी की आपूर्ति शुरू हो पाई है।

अहरौरा जलाशय में पानी कम होने से आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है।वही, जरगो जलाशय से भी पानी कम होने से बांधा उत्पन्न हो रही हैं, नहरों नदी नालों में पानी नहीं होने से पशु, पंक्षी,भी पानी के लिए तरस रहे हैं, कुंआ,के साथ सभी के नल की पानी छोड़ दिया है,पानी की लेबल नीचे पहुंच गया है,

इसके निराकरण के लिए विभागीय बातचीत चल रही है।

मतदान एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा

● साइकिल चलाना एक अच्छा व्यायाम विरेन्द्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य इंटरमीडिएट कॉलेज दुर्गागंज

जागरूक मतदान करेंगें, अपने मन का राज चुनेंगे - अताउल अंसारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक सप्ताह की तरह इस रविवार भी सुबह 4ः00 बजे भोर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज से साइकिल यात्रा निकाली गयी । वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस एस यादव के साथ समाजसेवी बेचन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया । लोगों को मतदान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सभी लोग गोपीगंज से जंगीगंज, सुफीनगर, वहीदा मोड़, सुधवै, मंगापट्टी, बनकट ख़ास होते हुए बिछिया रामलीला मैदान में पहुंचे ।

वहां पहुँचने पर इंटरमीडिएट कॉलेज दुर्गागंज के प्रधानाचार्य विरेन्द्र प्रताप सिंह भारी संख्या में गाँव वालो के साथ मौजूद रहे और सभी साइकिल चालकों का माला पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया और कहा कि आजकी भागदौड़ भरी ज़िंदगी में सबकी दिनचर्या ख़राब हो गयी है, देर रात से सोना और देर से उठना सबकी आदत हो गयी है जो बीमारी का मुख्य कारण है । सभी को सूर्योदय से पहले उठकर कुछ न कुछ योग व्यायाम के साथ साइकिलिंग जरुर करना चाहिए जिससे सभी स्वस्थ रहें । प्रधानाचार्य ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और साथ ही साथ साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए ।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर सिकिचौरा, चक प्रेमगिरी, बेलहुआ, सुभाष नगर बाज़ार, बनकट ख़ास का भ्रमण करते हुए *जागरूक मतदान करेंगें अपने मन का राज चुनेंगे, भारत भाग्य विधाता हूँ अब तो मैं मतदाता हूँ, आओ मिलकर अलख जगाएँ शत प्रतिशत मतदान कराएँ, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और मतदान के बारे में जागरूक करते हुए बिछिया ग्राम में इसका समापन हुआ ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा कई प्रदेश में पहुचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है।

साइकिल यात्रा में अताउल अंसारी, डॉ एस एस यादव, बेचन सिंह, प्रेमधर तिवारी, विनोद सिंह आर्मी, राकेश गुप्ता, ओम प्रकाश तिवारी, अशोक जायसवाल, दिलीप जायसवाल, अंश जायसवाल, अजीत सिंह, रंजीत सिंह, राजधर तिवारी, गुलाम गॉस, हरी कृष्णा तिवारी, मनीष जायसवाल, मोहन तिवारी, रामराज सिंह, नरेन्द्र तिवारी, राजीव जायसवाल, अबरार हाश्मी, ,मंजूर आलम, प्रमोद मौर्या, आजम अंसारी, इम्तियाज़ अहमद, प्रदीप बिन्द, अजहर अंसारी, अनिल बिन्द, शेर मो0 अली समेत आदि रहे।

एसिडा भवन राजपुरा में परिषद के नए सत्र के दायित्व ग्रहण और मतदाता जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

भदोही भारत विकास परिषद कालीन नगरी शाखा द्वारा कल भदोही एसिडा भवन राजपुरा में परिषद के नए सत्र के दायित्व ग्रहण और मतदाता जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी स्वीप प्रभारी यशवंत सिंह ने सदस्यों पदाधिकारी को मतदान करने की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि मतदान से ही देश आगे बढ़ सकता है इसलिए आप सभी लोगों को मतदान करना चाहिए और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी करना चाहिए सदस्यों ने मतदान जागरूकता के लिए अभियान चलाने का।संकल्प लिया उन्होंने कहा कि यह संस्था काफी बेहतर कार्य कर रही है उसी प्रकार मतदान बढ़ाने के सहयोग और अभियान चलाना चाहिए वही परिषद ने भी इस वर्ष प्रशासन का नारा 80 पर का है उसे संकल्प को पूरा करने के लिए परिषद प्रयास करेगी क्योंकि 25 में को भदोही का मतदान है, मुख्य विकास अधिकारी ने सामाजिक कार्य करने वाले को संस्था की तरफ से दो सदस्यों शाल देकर सम्मानित किया गया जिसमें वालों को सम्मानित भी किया,जिसमें एके ठुकराल द्वारा प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए मेरिट परीक्षा कराकर उन्हें वजीफा देकर आगे बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया वहीं भदोही के स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर हेम पाल द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बैंक द्वारा राजपुरा कॉलोनी में बने पार्क का सुंदरीकरण के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया ।

इसके उपरांत परिषद के काशी प्रांत से आए सुशीलं जी नई कार्यकारिणी के लिए शपथ ग्रहण कराया अध्यक्ष रामू शर्मा सचिव संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष रमेश पुरोहित और महिला संयोजिका श्रीमती मधु को फिर से चुन लिया गया है जिसके उपरांत सचिव संजय श्रीवास्तव वर्ष की कार्ययोजना रखी गई पिछले किए गए कार्यों को सदस्यों को समझ रखा और भविष्य में प्रमुख रूप से गांव गोद लेने चौराहे का सुंदरीकरण और एक स्कूल भी गोद लेने का संकल्प लिया जिसे पूरा करने के लिए सदस्यों ने सहयोग का आश्वासन दिया । वही कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष रमेश पुरोहित में पुराने और नए वित्त वर्ष में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया अध्यक्ष रामू शर्मा ने परिषद की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस वर्ष परिषद का लक्ष्य है कि कुछ नए कार्य किया जाए पिछली वर्ष चौराहे का सुंदरीकरण स्टेशन पर गमले और ऐसे कई आयोजन किए गए लेकिन इस वर्ष इन आयोजनों को और गति दी जाएगी कार्यकर्म का संचालन रमेश काबरा ने किया बेचेलाल लाल जी सभी का आभार व्यक्त किया श्री एसपी गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किया गया।कार्यकम में प्रमुख रूप से, एके ठुकराल, हेम पाल, गौरव अग्रवाल,डॉ. एस. पी. गुप्ता, सैलेश पाठक, रमेश पुरोहित,राज गुप्ता, महेश जायसवाल, संजय श्रीवास्तव , नरेश चंद सुशील कुमार श्रीवास्तव, गौरव मिश्रा, सरोज काबरा, रमेश काबरा, रोमानन्द नेहरा दीपक, जे एस जैन, कृष्णा श्रीवास्तव, मधु श्रीवास्तव, रंजन गुप्ता,सरोज काबरा,ज्योति शर्मा,विनीता शर्मा, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, खुशी मोदन वाल, चांदनी यादव, रितु मोदनवाल, दिनेश श्रीवास्तव, ललित बरनवाल, जे.एस. जैन, वीना जैन, मुरली मनोहर बोड़ा, जितेंद्र जैन, वीना जैन, नीरज गुप्ता, सुनील खुल्लर, संदीप कनोड़िया, अशोक साबू, ज्योति मिश्रा, विष्णु गुप्ता, कौशल कुमार ।

नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत, परिजनों में कोहराम

● ड्रमंडगंज स्थित सेवटी नदी में नहाते समय हुई घटना

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज स्थित सेवटी नदी में रविवार सुबह दस बजे के करीब नहाते समय गहरे पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में दोनों भाइयों को नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला।उपचार हेतु नैड़ी कठारी स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। महोगढ़ी गांव निवासी लवकुश केसरी का नौ वर्षीय पुत्र लक्ष्य और सात वर्षीय पुत्र रूद्र अपने चचेरे भाई आठ वर्षीय आदर्श पुत्र सोनू केसरी के साथ घर वालों को बिना बताए घर से पांच सौ मीटर दूर ड्रमंडगंज स्थित सेवटी नदी के अमहवा घाट पर नहाने चले गए। जहां नहाते समय गहरे पानी में जाने से दोनों सगे भाई लक्ष्य और रुद्र पानी में डूबने उतराने लगे तो साथ में गया चचेरा भाई दोनों भाइयों को बचाने के लिए चीख-पुकार करते हुए घर पहुंचा। स्वजन आनन-फानन में नदी पर पहुंचे ग्रामीण मुनिराज ने दोनों भाइयों नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु नैड़ी कठारी स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सक ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया।मृत बालकों का शव घर पहुंचने पर परिजनों रोने बिलखने लगे। वहीं घटना की जानकारी होने पर तहसीलदार लालगंज आशीष पांडेय, ग्राम प्रधान महोगढ़ी सुरेश केसरी देवहट कौशलेंद्र गुप्ता ने स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक लक्ष्य कक्षा तीन और रुद्र कक्षा एक में ड्रमंडगंज स्थित एक निजी विद्यालय के छात्र थे। मृतक भाइयों की एक दो वर्षीया बहन है। घटना से पूरा गांव शोक में शोक की लहर व्याप्त हो गई है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के घर पहुंच रहे ग्रामीणों की आंखें नम हो जा रही है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से महोगढ़ी गांव निवासी दो सगे भाइयों की मौत हो गई है। घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

मतदाता जागरूकता हेतु अन्नपूर्णा एग्रो एलएलपी की अनूठी पहल

● अपने मजदूरो को मतदान के लिए किराया और मतदान दिवस का देंगे बेतन वेतन

चुनाव बाद अंगूली का निशान दिखाने वाले को 10 किलो चावल भी मिलेगा

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। मतदाता जागरूकता हेतु जिले की प्रतिष्ठित एवं ख्यातिलब्ध अन्नपूर्णा एग्रो एलएलपी ने अनूठी पहल की है। मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मतदाता जागरूकता के तहत एक अच्छी पहल करते हुए मजदूरो को मतदान के आने जाने का किराया देने के साथ ही मतदान दिवस का बेतन कटौती नही किये जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही चुनाव बाद मतदान के समय लगे अंगूली का निशान दिखाने वाले सभी श्रमिको को 10 किलो चावल भी दिया जाएगा। रविवार को कंपनी के मुहकुचवां स्थित गोदाम मे सभी श्रमिको को सम्मानित भी किया गया। डायरेक्टर केशव नाथ तिवारी की ओर से सम्मान कार्यक्रम कर सभी को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन कर मजदूरो एवं आसपास के लोगो को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाते हुए जागरूक किया गया। विहिप के केन्द्रीय मंत्री अंबरीश सिंह जी ने कहाकि मतदाता किसी भी राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है, उसका एक एक मत राष्ट्र की दवा और दिशा बदलने की ताकत रखता है। इसलिए सभी मतदाता राष्ट्रहित मे अपना मतदान अवश्य करें।

इस दौरान विहिप के केंद्रीय मंत्री अमरीश सिंह जी, प्रांत संघ चालक अंगराज सिंह जी, जिला संघचालक शरद चंद्र उपाध्याय, विभाग कार्यवाह सच्चिदानंद त्रिपाठी जी, विभाग संपर्क प्रमुख केशव नाथ तिवारी जी, लोक सभा समन्वयक विद्याभूषण दुबे जी भी साथ रहे। अंत मे आभार ग्यापन कंपनी के डायरेक्टर एवं विभाग संपर्क प्रमुख केशव नाथ तिवारी ने किया।

बांस काटकर घर लौट रहा श्रमिक गश खाकर खेत में गिरा, अरहर की खूंटी मुंह में घुसने से हुई मौत

● सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। थाना क्षेत्र के मुड़ेल गांव में रविवार सुबह दस बजे के करीब बांस काटकर घर लौटते समय श्रमिक गश खाकर खेत में गिर पड़ा।खेत में गिरने से अरहर की खूंटी मुंह में घुसने से श्रमिक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई।मुड़ेल गांव निवासी 55 वर्षीय श्रमिक मैकू मड़हा छाने के लिए घर से करीब दो सौ मीटर दूर बांस काटने के लिए गया था।बांस काटकर कंधे पर बांस लेकर श्रमिक घर लौट रहा था कि रास्ते में अरहर के कटे खेत में अचानक गश खाकर मुंह के बगल खेत में गिर पड़ा।खेत में गिरने से अरहर की खूंटी श्रमिक के मुंह में घुस गई। गंभीर रूप से घायल श्रमिक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।पास में खेल रहे बच्चों ने श्रमिक को खेत में गिरा देखकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे श्रमिक के पुत्र परवेश और भाई रामसागर मौके पर पहुंचे। श्रमिक को मृत अवस्था में देखकर दोनों लोग रोने बिलखने लगे। सूचना पर पहुंचे एस आई काशी सिंह ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक सूर्य भान व ग्राम प्रधान सियाराम मिश्र ने मृत श्रमिक के परिजनों को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।मृत श्रमिक को दो पुत्र हैं जिसमें एक पुत्र अविवाहित है। मृतक मेहनत मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करता था। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सरोज ने बताया कि बांस काटकर घर लौटते समय अरहर के कटे खेत में गिरकर गंभीर रूप से घायल श्रमिक की मौत हो गई है। घटना की जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हिंदी श्री काव्य वाटिका काव्य संकलन का हुआ विमोचन

● साहित्य का उद्देश्य ही लोकहित है- भोलानाथ कुशवाहा

हिंदी श्री काव्य वाटिका की रचनाओं में आज का समय बोलता है- डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव



स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर । हिंदी श्री काव्य वाटिका का विमोचन मिर्ज़ापुर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि गाजियाबाद के साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव रहे। ऑनलाइन विमोचन समारोह में हिंदी श्री काव्य वाटिका के 27 रचनाकार, संपादक- आशा दिनकर (दिल्ली), उपसंपादक- वेद प्रकाश प्रजापति (प्रयागराज) सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन मिर्ज़ापुर की साहित्यकार सृष्टि राज ने किया।

अपने वक्तव्य में भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि साहित्य का उद्देश्य ही लोकहित है और यह लंबी साधना से आता है। मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश ने सभी रचनाकारों को बधाई देते हुए कहा कि %हिंदी श्री काव्य वाटिका% एक उत्कृष्ट काव्य संकलन है। जिसमें आज का समय बोलता है। पुस्तक में शामिल सभी रचनाकारों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। संपादक आशा दिनकर ने सभी रचनाकारों का आभार प्रकट किया। हिंदी श्री काव्य वाटिका में देश के विभिन्न क्षेत्रों से चुने हुए 27 रचनाकारों की कविताओं का संकलन है। इस पुस्तक में कविता झा, जालिम प्रसाद, वेद प्रकाश प्रजापति (मुम्बई), आयुष्मती आयुष, डॉ जय प्रकाश प्रजापति, आकाश शर्मा आगरा, कु. सृष्टि राज, केदार नाथ सविता, डॉ. अमरेंद्र पौत्स्यायन, अनिता चौधरी, रितु खेतान, जय कुमार भारद्वाज, कर्मेश सिन्हा, प्रेम टण्डन, आरडी गौतम विनम्र, शैफालिका सिन्हा, प्रीति शर्मा, रामस्वरूप, गीता विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम प्रजापति, प्रमिला कौशिक, सोनल जी, गुजरात, सेवा सदन प्रसाद नवी मुम्बई, शिब्बू गाजीपुरी, अशोक कुमार 'मयंक', वेद प्रकाश वेद (प्रयाग), आशा दिनकर %आस% की कविताएं शामिल हैं।

दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल मंडलीय चिकित्सालय रेफर

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हलिया लालगंज मार्ग स्थित मझियार इंद्रा वाटिका के पास रविवार को दो बाइकों की भिड़ंत होने से दोनों बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट अरुण कुमार ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए ज़हां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया लालगंज थाना क्षेत्र के सहजी गांव निवासी 67 वर्षीय शांति



प्रसाद व 65 वर्षीय रंगीलाल बाइक से बबुरा कला जा रहे थे बाइक सवार जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मझियार इंद्रा वाटिका के पास पंहुचे कि विपरीत दिशा से आ रहे दिघुली गांव निवासी 25 वर्षीय गोविंद की बाइक से भिड़ंत होने से दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा पर दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा के ईएमटी संतोष भारतीय व पायलट अरुण कुमार ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए ज़हां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद रंगीलाल के बांये पैर में गंभीर चोट देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया जबकि गोविंद की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया मौके पर पहुंचे घायलों के परिजनों ने एंबुलेंस सेवा वाहन से मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए हैं।

क्लासिकल, सेमी क्लासिकल बॉलीवुड कत्थक की क्लास नार घाट में चलाई गई

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के तत्वाधान से आठ दिवसीय कत्थक की वर्कशॉप 5 मई से 12 मई तक में क्लासिकल ,सेमी क्लासिकल बॉलीवुड कत्थक की क्लास नार घाट में चलाई गई। कत्थक नृत्य उत्तर भारतीय शास्त्रीय नृत्य है।जिसमें शहर के 20 से 25 बच्चों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के लिए काशी की प्रसिद्ध नृत्यांगना संगीता सिन्हा जी जो कि पद्मभूषण पंडित बिरजू महाराज जी की वरिष्ठ शिष्या हैं इन्होंने स्वयं इन बच्चों को कत्थक की विभिन्न शैली सिखाई और साथ में उनकी सुपुत्री उर्वशी श्रीवास्तव जिन्होंने बिरजू महाराज जी से बचपन से कत्थक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है ,उन्होंने भी अपना योगदान दिया ।इस आठ दिवसीय वर्कशाप का मेगा शो 12 मई को लोहिया तालाब में डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के सभागार में शाम 5ः00 बजे शहर के गणमान्य लोगों के बीच प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित उर्मिला श्रीवास्तव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कथक एक शास्त्रीय नृत्य है और इसके प्रचार प्रसार के लिए यह वर्कशॉप चलाया गया । संगीता सिंह जी के सही मार्गदर्शन में जिले के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कत्थक शैलियों को सीखा । मेगा शो के इस कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में संगीता सिंन्हा जी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल की निर्देशिका श्रीमती अपराजिता सिंह जी थी उन्हीं के दिशा निर्देशन में मिर्जापुर की जनता के लिए कत्थक का आठ दिनों तक चलने वाला वर्कशॉप रखा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशु शर्मा व प्रेरणा तिवारी का भी पूर्ण सहयोग रहा।

संक्षिप्त ख़बरें

प्रयागराज कमिशनरेट कोर्ट ने रचा इतिहास गुंडा एक्ट के 712 मामलों का एक दिन में किया निस्तारण

साल 2008 से गुंडा एक्ट का दंश झेल रहे लोगो को मिली कमिशनरेट कोर्ट से माफी।

बेकाबू कार की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

प्रयागराज। के शहर पूरामुफ्ती कोतवाली के एयरफोर्स मनौरी गेट के समीप शनिवार भोर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मय कार मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मादपुर गांव निवासी अरविंद कुमार पटेल (36) जगन्नाथ पटेल किसानी के साथ साथ सब्जी बेचने का भी काम करता था। शनिवार भोर वह बाइक से मुंडेरा मंडी सब्जी लेने जा रहा था। जैसे ही वह एयरफोर्स मनौरी गेट के समीप पहुंचा, इसी बीच पीछे से आ रही बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार घायल होकर सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। हादसे के बाद चालक मय कार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस से एसआरएन के लिए भेजा। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। युवक के मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। इस संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। भाई विजय कुमार पटेल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार नंबर के जरिये आरोपी की तलाश की जा रही है।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के देवरिया कला ग्राम पंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने भाजपा के पक्ष में जनता से मुलाकात कर मांगा समर्थन

गोण्डा। 2024-25 लोकसभा चुनाव की सरगम में लगातार तेज होती जा रही है जहां पर लगातार अपने-आप प्रत्याशियों के समर्थन में उनके समर्थकों के द्वारा अपने-अपनी पक्ष में लोगों से मुलाकात कर मांगा जा रहा समर्थन आपको बता दें कि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र द्वारा अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से मांगा समर्थन वही कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरिया कला में पूर्व प्रधान श्रीकांत तिवारी के घर पहुंचे जहां पर जिला अध्यक्ष द्वारा कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी करण भूषण शरण सिंह के समर्थन में वोट व सपोर्ट मांगा वहीं मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि 1952 से लेकर के ग्राम पंचायत देवरिया कला में बीजेपी ना कभी हारी है ना कभी हारेगी हम लोगों का पूरा समर्थन बीजेपी के साथ है सैकड़ो ग्रामीण मौजूद है जिसमें श्रीकांत तिवारी ब्रह्म शंकर मिश्रा उर्फ भोला मिश्रा अमरनाथ तिवारी पाटन दिन तिवारी देवकीनंदन तिवारी देवेंद्र दुबे महेश मुन्ना सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

सीनियर सिटीजन के चेहरों पर आई मुस्कान

मथुरा। आवासीय वृद्धाश्रम लक्षिता गार्डन नगला खूबी बलदेव रोड महावन में करीब चार दर्जन महिला पुरुष वृद्धजनों को पूज्य सिंधी जनरल पंचायत मथुरा के तत्वाधान में अक्षया तीज पर महाराज मोहन लाल शर्मा के आशीर्वाद के चलते पंचायत की ओर से फल फ्रूट कोल्ड ड्रिंक पानी की बोतल चप्पल पेस्ट ब्रुश साबुन तेल कंघा शैंपू विक्स के पैकिट बना कर दिए गए जिसे पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इसके अलावा आश्रम में चावल चीनी रूह अफजा शरबत बोतल एवं शीशे एंव नहाने के लिए बाल्टिया आदि सामग्री भी भेंट की गई। इस अवसर पर नारायण दास लखवानी अध्यक्ष रामचंद्र खत्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीवतराम चंदानी तुलसीदास गंगवानी प्रदीप उकरानी वसंत कुमार मंगलानी गुरमुख दास गंगवानी सुरेश मेठवानी जितेंद्र भाटिया चंदन लाल आडवानी झामनदास नाथनी सुदामा खत्री सुंदरलाल खत्री तरुण लखवानी आदि मौजूद थे।

चुनाव में पैसा एवं अन्य लालच देने वालों पर कड़ी नज़र। चेकिंग में लाखो रुपए पकड़े गए

स्वतंत्र प्रभात

यमुनापार,प्रयागराज। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग काफी सख्त और कड़ाई के साथ निष्पक्ष रुप से मतदान कराने के लिए कमर कसती नजर आ रही है। जैसा कि बताते चलें लगातार संदिग्धों की चेकिंग अभियान एफएसटी उड़नदस्ता एवं पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों की चेकिंग अभियान कराया जा रहा है। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों या किसी भी पार्टी प्रत्याशियों द्वारा अन्य प्रकार के लालच देकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने वालों के ऊपर लगातार क्षेत्र में चुनाव आयोग प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निगाह बनाई हुई है। इसी तरह अभी एक मामला सोरांव में देखने को मिला कि एफएसटी उड़नदस्ता टीम द्वारा एक कार की तलाशी के दौरान एक लाख रुपए जब्त किए गए तो वहीं अभी बीते दिन बुधवार को खीरी थानांतर्गत लालतारा चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान के दौरान दस लाख सत्ताइस हजार सात सौ सतहत्तर रुपए एवं लेडियारी चेकपोस्ट पर एफएसटी टीम द्वारा तीन लाख तीस हजार आठ सौ रुपए जब्त किए गए। जैसे जैसे मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पैदा करने वालों के खिलाफ चुनाव आयोग सख्त होता नजर आ रहा है और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वह पुलिस प्रशासन एवं फाइंग स्क्वॉड टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है।

बरौत में दो ट्रकों के आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल रिफर

स्वतंत्र प्रभात

फूलपुर। हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत क्षेत्र के नेशनल हाईवे के तिलकपुर गांव के सामने रविवार को दो ट्रकों के आमने-सामने भिड़ंत में दोनों ट्रैकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतना जोरदार था कि दोनों ट्रैकों के अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने सूचना 108 एम्बुलेंस व पुलिस को दिया। सूचना पाकर चौकी प्रभारी सौरभ पांडेय मौके पर पहुंचकर घायल पड़े दोनों ट्रैकों के चालकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहा भेज कर जेसीबी द्वारा दो ट्रैकों को अलग-अलग कराकर यातायात को बहाल कराया।

बताया जाता है की हंडिया थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बरौत क्षेत्र के नेशनल हाईवे के तिलकपुर गांव के सामने रविवार सुबह लगभग 11:00 के आसपास दो ट्रकों के आमने-सामने भिड़ंत में दोनों ट्रैकों चालक घायल हो गए। जहां आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दिया जहां सूचना पाकर पायलट बलवंत सिंह यादव टेक्नीशियन अजय यादव तत्काल घायल अजीत कुमार यादव पुत्र राजन यादव उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी आम घाट जनपद मिर्जापुर व भिखालाल उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी झारखंड को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहा ले जाए गए

जहां भिखालाल की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज भेज दिया। वही चौकी प्रभारी बरौत सौरभ पांडेय ने क्षतिग्रस्त दोनों ट्रकों को जेसीबी के द्वारा अलग-अलग कराकर यातायात को बहाल कराया।

विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास से मनाया भगवान परशुराम का जन्म उत्सव

स्वतंत्र प्रभात

गोपालगंज (बिहार) विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के राष्ट्रीय प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में दुर्गा कालोनी भोलेपुर फर्रूखाबाद में भगवान विष्णु के छठवें अवतार श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया इस कार्यक्रम में हरदोई, शाहजहांपुर तथा फर्रूखाबाद से विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के सभी पदाधिकारी तथा सभी सदस्यों के साथ साथ भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम के भक्त शामिल हुए। आपको बता दें कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा की मंच का संचालन जिला प्रभारी निर्दोष कुमार चतुर्वेदी ने किया मुख्य अतिथि भगवान परशुराम जन्मस्थली न्यास के अध्यक्ष अशित पाठक विशिष्ट अतिथि जिला शाहजहांपुर जिला प्रभारी इन्द्रेश कुमार द्विवेदी मंडल प्रभारी अनुज पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला राष्ट्रीय प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद द्विवेदी एवं अशित पाठक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये कार्यक्रम में शामिल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हरदोई सूर्यांश पाण्डेय, विरेश कुमार द्विवेदी, संजीव द्विवेदी, शम्भू रतन पाण्डेय, विनीत मिश्रा, अभिनव मिश्रा, दिलीप कुमार, रिषभ मिश्रा,अवनिश दुबे, मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा,बच्चू लाल दीक्षित, आशिष मिश्रा, विजय पाण्डेय कोषाध्यक्ष फतेहगढ़, आशिष मिश्रा जिलाध्यक्ष इत्यादि भक्तों ने भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से मनाया जिसमें कलश यात्रा, अखंड रामायण पाठ , भव्य शोभायात्रा तथा हवन और भंडारा जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल था।

मां के आशीर्वाद से ही समाज में सम्मान मिलता है

स्वतंत्र प्रभात

मातृ दिवस के शुभ अवसर पर किसान कामगार मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार क्रांतिकारी समाजसेवी ने बुजुर्ग माताओं से पैर छूकर आशीर्वाद लिया और बताया हर बात को भूलो भले मां-बाप को मत भूलना उपकार इनके लाखों हैं इस बात को मत भूलना समाजसेवी अनिल कुमार ने बताया दुनिया की सबसे बड़ी ताकत एक औरत में होती है जो की इतना कठिन दर्द सहकर एक औरत होते हुए भी एक मर्द पैदा करती है एक मर्द को जन्म देती है मां शब्द जन्म में बाद में और मां मृत्यु में पहले आता है बड़ा ही निराला मां शब्द कहलाता है समाजसेवी अनिल ने बताया हमें अपनी और दूसरे की मां में बिल्कुल फर्क नहीं मानना चाहिए क्योंकि मां तो मां होती है इसलिए सभी मित्रों की मम्मी से भी अनिल क्रांतिकारी क्षेत्र की सभी मित्रों दोस्तों की मम्मी को भी मम्मी बोलते हैं अनिल का कहना है बुजुर्ग मैया से आशीर्वाद लेने वाले को हमेशा हर जगह समाज में सम्मान मिलता है दूर कितना भी रहो लेकिन कीमत कम नहीं होती मां की ममता की मोहब्बत कभी कम नहीं होती मां जाने बच्चों की खातिर कितनी भरै तबाई मां जैसी ममता दुनिया में दूजी नहीं बताई मां तो मां ही होती है इसलिए इज्जत करें सम्मान करे इस मौके पर भूरी देवी पुष्पा देवी गुड्डो देवी सहित अन्य माताएं भी मौजूद रहीं।

मातृ दिवस पर किया मातृ शक्ति का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में ब्रजवासी सेवा समिति द्वारा महिला सदस्यों का सम्मान व उपहार प्रदान किये गये व गुलाबी पगड़ी पहनाकर सभी महिलाओं को शक्ति स्वरूप को मां, बहन व ग्रहणी के रूप में परिभषित किया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सभी उपस्थित महिला सदस्यों को कुमकुम का टीका व पगड़ी उपहार प्रदान कर सम्मानीत किया गया व देष पर मर मिटने वाली वीरागंनाओं व देष का नाम रोषन करने वाली महिलाओं के विषय में जिन्होंने विविध क्षेत्रों में महारत हासिल भी है के विषय में विभिन्न महिलाओं द्वारा अपने विचार रखे महिलओं द्वारा हास परिहास के विविध कार्यक्रम आयोजित किये। इस अवसर पर मोनिका अग्रवाल, लता अग्रवाल, प्राची बंसल, रितु, मोना अग्रवाल, रति, काजल, खुषी, विनीता, नविता, बबिता, लक्ष्मी, सजनी, जया भार्गव, निधि, रेनू गर्ग, बीना अग्रवाल, शालिनी, मीनू, पिंकी, सजनी, षिखा, प्रिती, उर्वषी, अलका, रेखा, सुधा, गायत्री आदि थे ।

अग्निशमन यूनिट ने हॉस्पीटलों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। अग्निशमन केन्द्र अतरौली यूनिट द्वारा श्री राधे हास्पिटल छर्रा अतरौली और सबरी हास्पिटल छर्रा अतरौली अलीगढ का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया तथा पायी गयी कमियों को दूर करने के दिशा-निर्देश दिये गये और उपस्थित स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं अग्नि से बचाव व उपाय संबंधी जानकारी प्रदान की गयी।

अग्निशमन केन्द्र बन्नादेवी व तालानगरी यूनिट द्वारा सिघंल क्लीनिक रामघाट रोड, नारायणी हास्पिटल रामघाट रोड, अमृत छाया नर्सिंग होम अतरौली अड्डा, सहगल नर्सिंग होम अतरौली अड्डा, श्री राधा माधव हास्पिटल विद्यानगर कालोनी, नन्दलाल क्लीनिक एटा चुंगी जीटी रोड, राधारानी हास्पिटल धनीपुर जीटी रोड, होटल ओमेक्स पैलेस सिधौली जीटी रोड, होटल अमरावली पैलेस सिधौली जीटी रोड, होटल काव्या सिधौली जीटी रोड, शिवालय हास्पिटल सिधौली जीटी रोड अलीगढ का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया तथा पायी गयी कमियों को दूर करने के दिशा-निर्देश दिये गये तथा उपस्थित स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं अग्नि से बचाव व उपाय संबंधी जानकारी प्रदान की गयी।

ब्रज में ग्रामीण पर्यटन को रोप वे, क्रूज से लगेंगे पंख

● - यमुना में क्रूज, बरसाना रोप वे बनेंगे आकर्षण

बरसाना में पहाड़ी पर बने लाडली जी मंदिर तक रोप वे से पहुंचेंगे श्रद्धालु

बरसाना में बन रहे रोप वे का प्रगति पर कार्य।

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। ब्रज में ग्रामीण पर्यटन को पर लग रहे हैं। यमुना में क्रूज के बाद बरसाना में रोप वे आकर्षण का केन्द्र होंगे। इसके अलावा भी कई योजनाएं जल्द पूरा होने जा रही हैं। इन योजनाओं के पूरा होने के बाद मथुरा तक पहुंचने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर भी तेजी से काम चल रहा है। हालांकि ब्रज क्षेत्र में पहले रोप वे का इंतजार बेचैनी बढा रहा है। बरसाना में सात साल पहले रोप वे प्रोजेक्ट का उद्घाटन हुआ था। अभी भी लोगों को रोप वे का इंतजार है। बरसाना की पहाडी पर बने लाडली मंदिर तक श्रद्धालुओं के पहुंचने और ग्रामीण पर्यटन को बढावा देने के लिए रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। गत दिनों में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की बैठक में बरसाना रोपवे को लेकर मण्डलायुक्त रितु महेश्वरी के सख्त निर्देश के बाद भी रोप वे का कार्य रेंगता नजर आ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में सामिल बरसाना के रोपवे को बनते बनते आज सात वर्ष से अधिक होने जा रहे हैं। उच्चाधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद भी मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी और रोपवे निर्माणक कंपनी पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा। बरसाना में निर्माणधीन रोपवे का पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सन 2016 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर विश्व विख्यात श्रीराधारानी मंदिर के दर्शनार्थियों के लिए रोपवे का शिलान्यास कर सरकार ने बजट भी पास कर दिया। 15 से 20 करोड़ की लागत से बनने वाले रोपवे को एमवीडीए ने कंपनी से अनुबंध कर प्राधिकरण ने उद्यान विभाग से 3600 वर्गमीटर जमीन भी हासिल कर इसका प्रस्ताव भी मंजूर कर दिया। एडवोकेट संजय गोस्वामी पूर्व मन्दिर रिसीवर का कहना है कि बरसाना का श्रीराधारानी मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। वहीं योगी सरकार द्वारा बरसाना को तीर्थ स्थल भी घोषित कर दिया है। लेकिन बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि सात वर्षों में भी रोपवे का काम पूरा नहीं हुआ है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा रोपवे को लेकर कार्यवाही के लिए भी कहा गया। लक्ष्मण प्रसाद शर्मा पूर्व जेल विजिटर का कहना है कि विश्व विख्यात लाडली जी मंदिर की 350 सीढियां है, वृद्धजनों एवं दिब्यांगजनों के लिए चढ़ना बहुत कठिन है।

ग्रीष्मकालीन रासलीला प्रशिक्षण कार्यशाला 15 मई से

● - 45 दिवसीय कार्यशाला में बालक बालिकाओं को अनुभवी रासाचार्य व कलाकारों द्वारा गीत, संगीत, कत्थक नृत्य और अभिनय का प्रशिक्षण दिया जाएगा

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में विगत वर्ष की भांति 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन रासलीला प्रशिक्षण कार्यशाला 15 मई से प्रारंभ होगी। इसमें बालक बालिकाओं को अनुभवी रासाचार्य व कलाकारों द्वारा गीत, संगीत, कत्थक नृत्य और अभिनय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की अवकाश प्राप्त प्रवक्ता डा. मीरा दीक्षित इस कार्यशाला में कत्थक नृत्य का प्रशिक्षण देंगी। विगत वर्ष भी डा. दीक्षित ने ये प्रशिक्षण दिया था। गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक व बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षित बालक-बालिकाएं वृंदावन में गीता शोध संस्थान परिसर स्थित ओपन एयर थियेटर (ओएटी) में रासलीला का मंचन प्रस्तुत करेंगे। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। वृंदावन शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि निदेशक प्रो. खन्ना के अलावा उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद्र शर्मा की देखरेख में अनुभवी रासाचार्य व कलाकार कार्यशाला प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।3

डीपीआरओ इलेवन ने 97 रन से तीजा मैच

● - डीपीआरओ किरन चौधरी ने वितरित किए पुरस्कार

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। एलेन क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर डीपीआरओ इलेवन एवं सीई इलेवन के मध्य टी-20 क्रिकेट मैच खेला गया। डीपीआरओ इलेवन के कप्तान प्रवीन यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। डीपीआरओ इलेवन की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट के नुक़सान पर 246 रन का विशाल स्कोर किया जिसमें अमित बाल्यान ने 56 गेंद पर 22 चौके मारकर 107 रन अतुल ने 29 रन, अनिल पांडे ने 26 रन का योगदान दिया। दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करने उतरी सीई इलेवन की टीम 20 ओवर में सात विकेट के नुक़सान पर अमित चौधरी के 43 रन सुनील के 45 रन एवं भूपेंद्र के 18 रनो के सहयोग से मात्र 149 रन ही बना सकी। सीई एलेवन ने प्रेम रावत के चार रन देकर दो विकेट, प्रवीन यादव के 12 रन देकर एक विकेट और तरूण गौतम 23 रन देकर दो विकेट की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिए और मैच 97 रन से से हार गई। मैच के उपरांत मुख्य अतिथि डीपीआरओ किरन चौधरी द्वारा विजेता, उपविजेता एवं अन्य पुरस्कार वितरित गए। मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बैटर का पुरस्कार अमित बाल्यान बेस्ट बॉलर का प्रेम रावत, एवं बेस्ट फील्डर का पुरस्कार रोहित को मिला।

ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाडी।

गोवर्धन की जुलहेंदी गांव में 11 जोड़ों की कराई शादी

● - बड़े धूमधाम से 11 नवदम्पति विवाह के बंधन में बंधे स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र प्रभात

सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद नव दंपति एवं अन्य।

मथुरा। गोवर्धन क्षेत्र के ग्राम पंचायत जुल्हेदी में शनिवार को 11 जोड़ो को विवाह के बंधन में बाधा गया। विवाह पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह का कार्यक्रम श्री केला देवी माता मंदिर सेवा संस्थान द्वारा कराया गया। सभी नव दंपत्त्यो के लिए संस्थान की तरफ से विवाह के समय संपूर्ण समान प्रदान किया गया। संस्थान के अध्यक्ष यादवीर सिंह ने बताया कि आज माता रानी की कृपा से वह सभी सामाजिक लोगों की सहायता से 11 जोड़ो का सामुहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया गया है। संस्थान का एकमात्र उद्देश्य सभी गरीब कन्याओं की बिना किसी परेशानी और खर्च के विवाह करना है। आगे भी भविष्य में संस्थान द्वारा इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

नर्सिंग हॉम एवं अस्पतालों में रही विश्व नर्स दिवस की धूम

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। दवाएं भी तभी रोगी को ठीक कर पातीं हैं, जब उसका हौंसला मजबूत हो और जीने की इच्छाशक्ति हो। अस्पताल में मरीज के भर्ती होने के बाद जब मरीज की हिम्मत जवाब देने लग जाती है, तब नर्स ही उसे हौसला देतीं हैं। जीने की इच्छाशक्ति जगाती हैं। मरीज के नजदीक रहकर उसकी मनोदशा को भांपती हैं और उसी के अनुरूप स्वास्थ्य लाभ लेने में मदद करतीं हैं। मोहनलाल गौतम महिला चिकित्सालय में तैनात एलिस मोनिका बताती हैं कि कोरोना काल के खौफनाक मंजर को वह आज तक नहीं भुला पायी हैं। उन्होने कहा कि सिर्फ एक नर्स ही थीं जो उस समय कोरोना संक्रमितों के साथ रहकर उनका हौसला बढ़ाती थीं। एलिस मोनिका ने बताया संक्रमित होने के डर से कुछ दिन परिवार से भी अलग रहना पड़ा था।

कोरोना काल में जब संक्रमित से अपनों ने ही मुंह मोड़ा था, तब इन नर्सों नें ही मरीज का हाथ पकड़ा था। बिना डरे मरीजों का हौसला बढ़ाया था। इस मौके पर नर्सों ने कोरोना दौर के मुश्किल पलों को साझा किया। कोरोना काल में अपनों कि चिंता कम लगती थी। कोरोना काल में ड्यूटी के आगे वह अपनों के दुःख में भी शामिल होने नहीं जाती थीं। चूंकि जो मरीज अस्पताल में भर्ती थे, उनके परिजन भी उनके पास नहीं थे। ऐसे नर्स मरीजों का हौंसला बढ़ाते थीं। संक्रमितों से भरे अस्पताल में खुद को सुरक्षित रखना बेहद मुश्किल था, फिर भी नर्सों ने खुद को सुरक्षित रख मरीजों की देखभाल बखूबी की। लेकिन सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होने से वह चिंता दूर हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अलीगढ़ जिला की जिला समीक्षा योजना बैठक का आयोजन संघ कार्यालय अतरौली पर किया गया बैठक में मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष सौरव सेंगर एवं विभाग संगठन मंत्री विश्वेंद्र शर्मा जी का प्रवास रहा बैठक में वर्ष भर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा और सदस्यता पर चर्चा हुई और आने वाले वर्ष में सदस्यता का लक्ष्य तय किया गया बैठक का संचालन जिला संयोजक अभिमन्यु चौधरी ने किया बैठक में नगर अध्यक्ष अतरौली आशीष चौधरी जिला संगठन मंत्री सर्वेश शर्मा नगर उपाध्यक्ष सचिन कुमार नगर मंत्री आकाश भारद्वाज नगर सह मंत्री नितेश राजपूत तहसील संयोजक प्रवीण कुमार तहसील सहसंयोजक देवेश भारद्वाज तहसील सहसंयोजक मनोज कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

संक्षिप्त ख़बरें

कांग्रेस की गारंटी कार्ड को जन-जन तक पहुंचाएं - निसार खान

हजारीबाग- हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निसार खान ने कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में पांच न्याय युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के साथ पच्चीस गारंटी कार्ड को गठबंधन के कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार के द्वारा किये गए झुठे वादे जैसे काला धन वापस, खाते में पंद्रह लाख, भ्रष्टाचार समाप्त, नमामि गंगे, एक सौ स्मार्ट सीटी, सस्ता गैस सिलेंडर, दो करोड़ युवाओं को रोजगार, बेटी बचाओ, बुलेट ट्रेन, किसानों की आय दुगना, पांच ट्रिलियन इकांनमी, परिवार के लिए मकान, पैतिस रूपए पेट्रोल का पर्दाफाश करें। उन्होंने कहा है कि इस समय देश का लोकतंत्र और डॉ भीमराव आम्बेडकर द्वारा लिखी गई संविधान खतरे में है उसे बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशीयों को भारी बहुमत से जिताने की भी अपील की है।

नवाडीह में एनसीपी का उर्दू डिप्लोमा कोर्स की परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में हुआ संपन्न

शत प्रतिशत परीक्षार्थी हुए उपस्थित

नावाडीह, लोहरदगा- भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन नई दिल्ली के अंतर्गत नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज का डिप्लोमा कोर्स सत्र 2023-24 की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। यहां लोहरदगा जिले के नवाडीह स्थित मदरसा अल जामियातुल अताईयां अंकुर अभियान केंद्र में रविवार को उर्दू डिप्लोमा की परीक्षा सुबह 10ः00 से दोपहर 1ः00 बजे तक हुई। जिसमें शत प्रतिशत 75 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग ली। मौके पर केंद्राधीक्षक हाफिज व कारी रजाउल मुस्तफा, वीक्षक हसनैन अंसारी, अता पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जियाउल हक, कलीमुल्लाह , आसिफ़ अंसारी, कारी अब्दुल रज्ज़ाक, केंद्र प्रबंधक लोकनाथ महतो, अतहर अंसारी, अजहर अंसारी, आसिफ अंसारी व अन्य मौजूद थे।

दो मासूम भाई बहन को चैनपुर के तिगावाल गांव में छोड़कर पिता फरार

चैनपुर- चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल गांव से शनिवार की देर शाम पुलिस ने दो मासूम बच्चों को बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर पुलिस को सूचना मिली कि दो बच्चे पिछले तीन दिनों से तिगांवाल गांव में है। जिनके परिजनों का कुछ आता-पता नहीं है। जिसके बाद चैनपुर पुलिस ने उक्त दोनों बच्चे को अपने साथ चैनपुर थाना ले आई है। पुलिस के पूछताछ में बच्चों ने बताया कि हम दोनों भाई बहन हैं लड़के का नाम आनंद कुमार 5 वर्ष वही लड़की का नाम रीता कुमारी 4 वर्ष बता रहा है। आनंद कुमार ने बताया कि पिता का नाम महिल है माता का नाम रानी देवी है गांव रानीगंज है। बातचीत से दोनों बच्चे बिहार के लग रहे हैं। उसने बताया कि पिता हमें शादी घर जाने के नाम से लाकर छोड़ दिया और यहां से भाग गया है। वही चैनपुर पुलिस ने बताया कि दोनों मासूम बच्चों के गार्जियनों की खोजबीन की जा रही है। वही जेएसएलपीएस महिला समूह के पास दोनों बच्चों को जिमा दिया जाएगा।

हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने मातृ दिवस पर गौशाला मे की गौ माता की सेवा

सुनवाई पर टिकी सभी की नजरें

हजारीबाग- शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाला हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने मातृ दिवस के पावन दिन पर अपनी जन्मदाता मां की सेवा करने के उपरांत शहर से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता को गुड़, चोकर सहित अन्य सामग्री खिलाकर उनकी सेवा किया। उनके साथ हजारीबाग जिले के सुप्रसिद्ध डॉक्टर बी वेंकटेश मौजूद रहें उन्होंने भी गौ माता की सेवा किया। हमेशा चंद्र प्रकाश जैन गौ माता की सेवा करने गौशाला जाया करते हैं। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि मातृ दिवस पर मातृशक्ति की सेवा के साथ गौ माता कि सेवा कर मन काफी प्रसन्न हुआ है मैंने अपनी जीवनशैली में दो मां को माना है। एक जन्मदाता और दूसरी गौ माता। दोनों को प्रणाम कर अपनी दिन की शुरुआत करता हूं, मुझे ऐसे कार्य करने से बहुत खुशी मिलती है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर की बोल भारत विरोधी तत्वों को करेगा प्रोत्साहित- हिन्दु विचार मंच

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर की बोल को हिन्दु विचार मंच ने आपत्ति जताते हुए इसे,भारत विरोधी तत्वों को मनोबल बढ़ाने बाला बताया।मंच ने कहा है इस क्रम में अय्यर ने भारत को चेतावनी भरे शब्दों दो टूक कह दिया कि,पाकिस्तान आणविक शक्ति सम्पन्न देश है। इसके पूर्व भी अय्यर ने नरेन्द्र मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की पैरवी पाकिस्तान ऐसे देश से कर, भारत की बढ़ती साख गिराने का असफल प्रयास किया जो निंदनीय है। हिन्दु विचार मंच ने जोर देकर पूरे दावे के साथ कहा भारत पर एक हजार वर्ष पूर्व,विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण एवम मुगलकालीन शासन में भारत पर कितने अमानवीय अत्याचार, हिन्दुओं पर किया गया क्या भारत के लोग इसे भूल पायेंगे? तदुपरांत देश विभाजन के बाद पाकिस्क्षतान बनने से क्या उसने कभी भी, भारत के साथ मैत्री पूर्ण सम्बन्ध रखने की पहल की? पाकिस्तान बनने साथ ही भारत के अभिन्न अंग जम्मू-काश्मीर पर आतंकी हमला करते हुए काश्मीर को पाकिस्तान में, मिला लिया और तत्कालीन सरकार देखती रह गयी जिसे आज हम गुलाम काश्मीर कहते हैं। इसके बाद भी पाकिस्तान आतंक गति विधियों को जारी रखते हुए, हिन्दुओं पर अनगिनत अत्याचार किये क्या ऐसे कृत्य सम्बन्ध सुधारने के लक्षण है?मंच ने कहा इन दिनों भी 370हटाये जाने के साथ भारत के काश्मीर पर अपना दावा जताते हुए,पाकिस्तान विश्व मंच से उठाने पर बाज आ रहा है? मंच ने कहा क्या अटल बिहारी वाजपेयी तथा तथा नरेन्द्र मोदी ने प्रधान मंत्री बनने पर पाकिस्तान जाकर नवाज शरीफ से मैत्री का हाथ बढ़ाने की पहल नहीं की? बदले में पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण नहीं क्या? अब भी पाकिस्तानी आतंकी भारत को लहु लुहान करने से बाज आ रहे हैं क्या ऐसी भारत विरोधी मानसिकता रखने बाला देश पाकिस्तान से मित्रता सम्भव है? कांग्रेस के नेता सिर्फ वोट की खातिर पाकिस्तान से सम्बन्ध सुधारने का असफल प्रयास करते रहे हैं यदि,मणिशंकर,शशि थरूर,दिग्विजय आदि ऐसे नेता पाकिस्तान और भारत के सम्बन्धों को सुधारना के चिर अभिलाषी हैं तो वे, पाकिस्तान सरकार को यह क्यों नहीं कहते कि भारत से मधुर रिस्ता के लिए आतंकी गतिविधियों सदैव के लिए बंद करते हुए,मैत्री का हाथ बढ़ावे और नरेन्द्र मोदी सरकार भी ऐसा कहा कि आतंकी गतिविधियां जब तक बंद नहीं करेगा पाकिस्तान तब तक,कोई बातचीत भारत नहीं करेगा।

क्या कांग्रेस के नेता पाकिस्तान को ऐसा निर्णय लेने की सलाह देने का साहस दिखायेंगे या सिर्फ मोदी सरकार की निंदा कर, भाजपा सरकार को मुस्लिम तथा पाकिस्तान विरोधी बताते हुए वोट हासिल करते रहेंगे और उधर पाकिस्तान विश्व मंच पर भारत को बदनाम करता रहे।

गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने निकाली साइकिल रैली

● एनएसएस इकाई की ओर से शहर में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

हर हाल में 20 मई को लोगों से वोट देने की अपील की

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- मतदाता जागरुकता अभियान के तहत गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के एनएसएस कार्यकर्ताओं ने रविवार की सुबह साइकिल रैली निकाली। यह रैली जिला स्कूल से प्रारंभ होकर झील परिसर होते हुए पुलिस लाइन पहुंची। वहां से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हास्पिटल से झंडा चौक, अन्नदा चौक से बस स्टैंड और स्टेडियम से पोस्ट आफिस होते हुए सिदो-कान्हो चौक पर रैली का समापन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने सभी मतदाताओं से 20 मई को अपने-अपने बूथ पर वोट अवश्य देने की अपील की। साथ ही वोट हमारा लोकतांत्रिक अधिकार..., पहले मतदान, फिर जलपान...हर हाल में वोट देंगे...जैसे नारे बुलंद कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान प्राचार्य डा.अरविंद कुमार यादव ने लोगों को वोट का महत्व समझाया और इसे हरेक हिन्दुस्तानी का लोकतांत्रिक अधिकार बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वच्छ और ईमानदार प्रत्याशी का चुनाव करें। इसके लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। मौके पर एनएसएस समन्वयक एस एस मैती, सहायक प्राध्यापक जगेश्वर रजक, गुलशन कुमार, डा पुष्पा कुमारी और डा. अनुरंजन कुमार मौजूद थे।

झामुमो ने पाकुडिया प्रखंड के दर्जनों गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

● केन्द्र सरकार ने दस साल जनता को बांटने और ठगने का काम किया- प्रो. स्टीफन मरांडी

स्वतंत्र प्रभात

पाकुडिया - प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाकर राजमहल लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी श्री विजय हांसदा के पक्ष में ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा वोट कर जीताने का अपील किया। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी उपस्थित रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रखंड क्षेत्र के बालको, मोहनपुर, आलुदहा, फुलझींझरी, सलगापड़ा, सपादहा, गणपुरा, बाबुझुटी, फुलोपानी, तिरिलडीह, सिंहपुर आदि गाँवों में ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट कर जिताने का अपील किया। विधायक ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने व समरसता कायम रखने की लड़ाई है। क्योंकि केन्द्र की बीजेपी सरकार ने लगातार दस वर्षो से देश के जनता को बांटने और ठगने का काम किया है। बीजेपी ने चुनाव में नही आने देने के लिए देश के एकमात्र आदिवासी पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित विपक्ष के अनेक बड़े चेहरे को जेल में डलवाने का काम किया है। कहा की किसी को जेल में डाल देने से जनता को नही दबाया जा सकता है। जनता इसका जबाब इस लोकसभा चुनाव में वोट के जरिए केन्द्र के बीजेपी सरकार को देगी। विधायक ने भी उपस्थित ग्रामीणों से झामुमो प्रत्याशी को जीताने की अपील किया। ताकि केन्द्र में इंडिया गठबंधन

की सरकार बन सकें मौके पर केन्द्रीय कमेटी सदस्य हरिवंश चौबे, केन्द्रिय कमेटी सदस्य देबीलाल हाँसदाक, खुरशेद आलम, प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी,उपाध्यक्ष अशोक भगत, मुखिया अरविंद टुडू, निवारण मरांडी, मंजर आलम, पुर्णेंदु कु.विमल,झा. यु.मो. अध्यक्ष मुनीराम मरांडी, कालीदास टुडू, परमेश्वर मरांडी,मंटू भगत, गमालियल टुडू, मोइन आलम,विनोद भगत, मंजुर अंसारी, सिंकदर आलम,नरेश हाँसदा सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता थे।

ईडी हलफनामा दाखिल के बाद राजमहल पहाड़ मामले में एनजीटी में पहली सुनवाई आज

● सुनवाई पर टिकी सभी की नजरें

स्वतंत्र प्रभात

साहिबगंज- साहिबगंज जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा जिला के ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ के संरक्षण व संवर्धन हेतु व जिले में अवैध रूप से संचालित सभी स्टोन माईस व क्रशर को संपुर्ण रूप से बंद कराने को लेकर एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में माह जनवरी 2017 में दायर याचिका संख्या-23/2017 की आज पीठ के जुडिशियल मेंबर जस्टिस बी.अमित स्थालेकर व एक्स्पर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा दिन के 10:30 बजे से सुनवाई करेंगे।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामा के बाद एनजीटी में आज पहली सुनवाई है।बताते चले की ईडी द्वारा एनजीटी में दाखिल हलफनामा में जिले में एक हज़ार करोड़ रूपया से अधिक का अवैध खनन का पुष्टि करते हुए इसका किंगपिन सुबे के पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को बताते हुए जांच जारी रहने की बात कही है।फिलहाल पंकज मिश्रा लंबी अवधि से रांची के होटवार जेल में बंद हैं।सुनवाई में भाग लेने के लिए

अरशद नसर भी कोलकाता पहुँच गए है।आज की सुनवाई के चलते पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत पत्थर माफियाओं की दिल की धड़कने तेज़ हो गई है। आज की सुनवाई पर सभी लोग नजरें गड़ा दिए है।

पूर्व विधायक ने भगहर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसम्पर्क अभियान

● भगहर के दर्जनों कांग्रेसियो ने थामा भाजपा का दामन, पूर्व विधायक ने पार्टी में किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण हजारीबाग झारखंड- बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भगहर पंचायत के लोहरा, घरसरी, परसातरी, अम्बातरी व भगहर गांव में जनसम्पर्क अभियान व पथ सभा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान व तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पूरे देश मे भाजपा के पक्ष में माहौल है।

कहा आपका एक एक मत मोदी सरकार को मजबूती प्रदान करेगा व मनीष जायसवाल जी का जीत सुनिश्चित करेगा। राष्ट्रहित में भाजपा को अपना मत दे। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भुनेश्वर यादव उर्फ पहलवान ने कहा कि भगहर में भाजपा का माहौल है। मंडल अध्यक्ष सुरेश साव ने मोदी जी के गारन्टी व घोषणा पत्र की जानकारी दिया। राजदेव यादव ने कहा कि मोदी सरकार सभी जाति, धर्म के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय मुखिया कृष्णा रविदास ने किया।

इनलोगों ने थामा भाजपा का दामन

भगहर में आयोजित भाजपा के जनसम्पर्क के दौरान लोहरा निवासी डिलर यादव उर्फ अमन यादव लोहरा, पिन्टू भुइयाँ लोहरा, संतोष भूईयाँ, बिनय यादव, अशोक दाँगी, रेणु वर्मा, सुनीता देवी, बेबी देवी, अनिता वर्मा ग्राम भंडार निवासी प्रमोद प्रजापति, श्रीकांत यादव, भगहर निवासी विसुन यादव, अमरीका यादव, अजय शर्मा, रामानंद भुइयाँ, घरसरी निवासी गज्जू भुइयाँ, रामजू भुइयाँ, परसातरी प्रकाश यादव, नरेश यादव, अम्बातरी निवासी लालू यादव आदि भजपा में शामिल हुए।

मौके पर भाजपा नेता राजेन्द्र चनद्रवंशी, सुनील सिंह, अरविंद सिंह, सियाराम सिंह, संतेन्द्र सिंह, संतोष रविदास, प्रमोद रविदास, राजकुमार यादव, रामानंद भुइयाँ, जयराम प्रजापति, सुखदेव यादव, भोला भुइयाँ, कुलेश्वर भुइयाँ, बिनोद भुइयाँ, दीपक यादव, पप्पू यादव, रामचन्द्र यादव, बासुदेव यादव, प्रमोद दाँगी, सहदेव यादव, मुन्ना दाँगी, अशोक दाँगी, रमानंद भुइयाँ, मनोज भुइयाँ, नागो भुइयाँ, भोला यादव, सुखदेव चौधरी, प्रकाश यादव, ओम विश्वकर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज झारखंड- झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहेबगंज के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नशीले पदार्थों के पीड़ितों को कानूनी सेवाएं, दुरुपयोग, नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन और अवैध तस्करी के खिलाफ साहेबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति और नशा उन्मूलन के लिए, नई पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहने की सलाह दी गई । बताया गया की ड्रग का उपयोग समाज और मानव जीवन के लिए अभिशाप बन गया है।नई पीढ़ी छात्र जीवन में ही नशा की लत का शिकार हो रहे हैं । इससे मानसिक समस्याएं बढ़ती जा रही है बल्कि पूरे परिवार व समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। अगर कोई व्यक्ति नशे का शिकार होता है तो नशा उपचार केंद्र में इसका इलाज कराने की आवश्यकता है । वाहन दुर्घटना दावा के बारे में भी जानकारी दी गई 7 प्राधिकार के सचिब सह वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने बताया की जिले के एक ङ्क एक प्रखंडो में पारा लीगल स्यवं सेवकों, पैनल अधिवक्ताओं द्वरा नशा मुक्ति एवं अन्य विधिक जानकरियों के लिए जागरूक किया जा रहा है7 उन्होंने कहा की नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। इस मौके पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कामिनी शर्मा, रविन्द्र श्रीवास्तव, पारा लीगल स्यवं सेवक अमरेन्द्र ठाकुर, रंजन सिंह, अरुण तांती, दिलनवाज सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला के अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात

ह्द्र2ह्य 8

साहेबगंज झारखंड- जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव संयुक्त रूप से चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक मे लोकसभा चुनाव- 2024 को परिपेक्ष्य जिला के विभिन्न अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया।दोनो पदाधिकारियो ने जिला के अति संवेदनशील बूथ नंबर 224 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरमसिया तालझारी, बूथ नंबर 13 भीमराव अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय बरहरवा, बूथ नंबर 232,233 प्राथमिक विद्यालय सीता पहाड़ पतना का निरीक्षण किया।मतदान स्थलों का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं का जायजा लिया, साथ ही एएसडी सूची, मतदाता वोटर सूची, प्रपत्रों की जांच किया गया । दोनों पदाधिकारी ने अधिनस्थ बीएलओ को उचित दिशा निर्देश दिए।साथ ही बताया गया की पूर्व की घटनाओं के आधार पर इन मतदान केंद्र को अतिसंवेदनशील की श्रेणी रखा गया है।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र में अतिसंवेदनशील क्षेत्र के मतदान बूथ में शौचालय, पानी, बिजली, शौचालय में नल की व्यवस्था एवं पूर्व में उस बूथ पर घटी घटनाओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं इस मतदान बूथ के क्षेत्र के मतदाताओं से बात कर उनके वोटर कार्ड की जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा उपस्थित मतदाताओं अपील की किसी भी प्रलोभन में आकर अपने मताधिकार का प्रयोग गलत ना करें एवं इस बार अपने मतदान बूथ पर मतदान कर चुनावी प्रक्रिया को समावेशी, स्वच्छ, चुनाव में भागीदार बने। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल, प्रखंड विकास पदाधिकारी तालझारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतना, राजमहल एसडीपीओ, बरहरवा एसटीपीओ, संबंधी थाना प्रभारी, संबंधित बूथ के सुपरवाइजर, बीएलओ उपस्थित थे।

समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

● क्रम संख्या 16 के हेलमेट चुनाव चिन्ह पर वोट देने का किया अपील

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर यादव द्वारा लगातार जेबीकेएसएस नेता सह हजारीबाग लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी संजय मेहता के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के बरही प्रखंड अंतर्गत धुरगडगी, माधोपुर, सिंहपुर, तेलोडीह केन्दुआ तथा चौपारण प्रखंड के बेला एवं केवला में जनसंपर्क अभियान चलाकर क्रम संख्या 16 के हेलमेट चुनाव चिन्ह पर वोट देने की अपील किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि संजय मेहता झारखंडी मुद्दों की आवाज उठाता है। स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, विस्थापन और सामाजिक न्याय की बात करता है। समर्पित सेवा भाव से अपनी माटी का सेवा करना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए संजय मेहता को अवश्य वोट करें। वहीं मतदाताओं ने भरपूर समर्थन का भरोसा दिया।

माँ बच्चे की प्रथम शिक्षिका, माँ का जीवन में अनमोल महत्व- अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात

सिरसागंज- मदर्स डे के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक एवं श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि यह दिन विशेष रूप से सभी माताओं को समर्पित है परन्तु जीवन का प्रत्येक क्षण सभी माताओं के प्रति सम्मान के लिए होता है। वर्तमान में यह दिन माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर उनके अथाह प्रेम और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करने के लिए किया जाता है। माँ प्रत्येक बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती है। माँ का प्रत्येक बच्चे के जीवन में अमूल्य योगदान है। माँ शब्द जितना लघु होता है, उसका महत्व वृहद होता है। जन्म से लेकर माँ बच्चे की सबसे बड़ी शुभचिंतक होती है। बोलने से लेकर दुनियां के चाल चलन को सीखना, किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने बच्चे के साथ खड़े होना। माँ का प्रत्येक बच्चे के जीवन में अनमोल महत्व है।

जैन ने बताया कि मदर्स डे ग्राफटन वेस्ट वर्जिनिया में एना जॉर्विस ने सभी माताओं और उनके मातृत्व को सम्मान देने के लिए आरंभ किया गया था। इसे दुनिया के हर कोने में अलग-अलग दिनों में मनाया जाता हैं। इस दिन कई देशों में विशेष अवकाश घोषित किया जाता है। कुछ विद्वानों का दावा है कि मां के प्रति सम्मान यानी मां की पूजा का रिवाज पुराने ग्रीस से आरंभ हुआ है। कहा जाता है कि स्म्बेले ग्रीक देवताओं की मां थीं, उनके सम्मान में यह दिन मनाया जाता था। यूरोप और ब्रिटेन में मां के प्रति सम्मान दर्शाने की कई परंपराएं प्रचलित हैं। उसी के अंतर्गत एक खास रविवार को मातृत्व और माताओं को सम्मानित किया जाता था। जिसे मदरिंग संडे कहा जाता था। मदरिंग संडे फेस्टिवल, लितुर्गिकल कैलेंडर का हिस्सा है। यह कैथोलिक कैलेंडर में लेतारे संडे, लेंट में चौथे रविवार को वर्जिन मेरी और %मदर चर्च% को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता हैं। चीन में मातृ दिवस बेहद लोकप्रिय है और इस दिन उपहार के रूप में गुलनार के फूल सबसे अधिक बिकते हैं। 1997 में चीन में यह दिन गरीब माताओं की मदद के लिए निश्चित किया गया था। खासतौर पर उन गरीब माताओं के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों, जैसे पश्चिम चीन में रहती है। थाईलैंड में मातृत्व दिवस थाइलैंड की रानी के जन्मदिन पर मनाया जाता है। भारत में इसे कस्तुरबा गांधी के सम्मान में मनाए जाने की परंपरा है।

फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में मनाया गया मदर्स डे

● आईएमए पदाधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों को वितरित किए फल

स्वतंत्र प्रभात

फिरोजाबाद - रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा मेडिकल कॉलेज में मदर्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों को फल वितरित किए गए। साथ ही मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं भी दी गई। सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन ने आईएमए द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती महिला मरीज को आज डॉक्टर्स ने उनके मां होने पर गर्व का एहसास कराया। उन्हें बताया कि वह जगत जननी हैं जगत माता हैं। उन जैसी माता के दम पर ही आज सृष्टि का संचालन हो रहा है। आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर पूनम अग्रवाल ने अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों को फल वितरित करते हुए कहा कि मां अपने बेटे के लिए हर दुख दर्द सहन करती है। यह सहनशीलता केवल एक मां के अंदर ही हो सकती है। अगर इस संसार में मां नहीं होती तो कोई नहीं होता। मां जिंदगी का वह तोहफा है जिसे कोई दोबारा नहीं दे सकता। बच्चों के जन्म लेने से पहले और जन्म लेने के बाद तक मां उसे अपने कलेजे से लगा कर रखती है। बड़ा होने पर भी वह उसे उतना ही प्यार देती है जितना कि छोटे पर। इस दौरान माता

का फूल माला पहनकर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर गौरव अग्रवाल, डॉक्टर एलके गुप्ता, डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. रचना जैन, डॉ. मिली अग्रवाल, डॉ. मनोरमा गुप्ता, डॉ. दिव्या चौधरी समेत अन्य आईएमए के पदाधिकारी, अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारी उपस्थित रहे।

फोटोग्राफरों की समस्या के निदान को कार्य करता रहेगा संगठन- अध्यक्ष

आशीर्वाद पैलेस पर हुई टूण्डला फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की बैठक

फोटोग्राफरों की विभिन्न समस्याओं का कराया गया निराकरण

स्वतंत्र प्रभात

टूण्डला- फोटोग्राफर्स की विभिन्न समस्याओं के निदान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए रविवार को टूण्डला फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की बैठक असन रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस में हुई। जिसमें समस्याओं के निदान के साथ ही संगठन के उद्देश्यों को भी बताया गया। सभी फोटोग्राफर्स से मिल जुलकर कार्य करने की अपील की गई। अध्यक्ष अरुण रावत ने कहा कि कोई भी बुकिंग करने से पहले फोटोग्राफर्स उसकी रसीद ग्राहक को अवश्य दें। रसीद पर अपने हस्ताक्षर के साथ ही बुकिंग कराने वाले के हस्ताक्षर भी कराएं। यदि कोई ग्राहक काम कराने के बाद पैसा देने में आना कानी करता है तो कानून का सहारा लें। समय के साथ अपने आप को अपग्रेड करें।

लेन देन की सूचना डिजीटल तरीके से ग्राहक के मोबाइल पर भेजें। उपाध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि संगठन मजबूत होगा तो कोई भी आपका बाल भी बांका नहीं कर सकेगा। बुकिंग करते समय स्पष्ट तरीके से बात करें। शूट करते समय यदि आपको कोई परेशान करता है या अभद्रता करता है तो उसकी शिकायत संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही पुलिस से भी करें। बैठक में विभिन्न

फोटोग्राफर्स की समस्याओं का निदान किया गया। इस मौके पर सचिव देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, बाबूलाल, वंशी सिंह, अजय शर्मा, गोविंद, लाल सिंह, जेपी सिंह, अजय कुमार, सचिन उपाध्याय, राहुल सिंह, पीपी सिंह, संजय गुप्ता, सूरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

मोदी बनाम मुद्दा बना चुनावी विमर्श

देश में 18 वीं लोकसभा निर्वाचित करने का चुनावी दौर जैसे जैसे आगे बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे चुनावी माहौल में भी तल्ख़ी बढ़ती जा रही है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से ऐसी तमाम बातें सुनी जा रही हैं जिसकी देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति से उम्मीद भी नहीं की जा सकती। वैसे तो प्रधानमंत्री पद पर बैठते ही मोदी ने अपने बड़पोलेपन और झूठ से देश और दुनिया को आश्चर्य चकित करना शुरू कर दिया था। परन्तु उससे भी बड़े आश्चर्य की बात तो यह कि उन्होंने अपने इस बड़पोलेपन,झूठ और अवैज्ञानिक बातों पर विराम लगाने के बजाये इसे और भी बढ़ाना शुरू कर दिया। शायद उन्होंने देश की जनता को मूर्ख और अनपढ़ समझ रखा था। नाली से गैस निकालकर चाय बनाना,ट्रैक्टर के ट्यूब में गोबर गैस भरकर उससे इंजन चलाकर खेतों की सिंचाई करना, बादल में रडार का काम न करना जैसी अनेक बेतुकी व तथ्यविहीन बातें बोलकर प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को दाग़दार किया। इसके अतिरिक्त उनका दूसरा प्रिय मिशन रहा गांधी नेहरू परिवार का निम्न स्तर तक विरोध,कांग्रेस मुक्त भारत की उनकी दिली मनोकामना, मुसलमानों का हद दर्जे तक विरोध और विपक्षी नेताओं विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा बोली गयी बातों को अपनी सुविधा के हिसाब से ट्विस्ट देना और बात का बतंगड़ बना देना। मिसाल के तौर पर राहुल गाँधी ने 21 मार्च को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित करते हुये कहा था, कि ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं...एक शक्ति से लड़ रहे हैं। बाद में उन्होंने %शक्ति % शब्द की और व्याख्या करते हुये कहा कि - वह शक्ति क्या है? हमारी लड़ाई 'नफ़रत भरी आसुरी शक्ति' के ख़िलाफ़ है। 'हमारी आसुरी शक्ति से लड़ाई हो रही है, नफ़रत भरी आसुरी शक्ति से ।'परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'शक्ति' शब्द का प्रयोग अपनी सुविधानुसार करते हुये कहा कि %उनके लिए हर मां-बेटी 'शक्ति' का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाज़ी लगा देंगे। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिससे यह साबित होता है कि मोदी सिर्फ़ फ़ुज़ूल की बातों में लोगों को उलझाकर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं।

परन्तु 2024 के इस ऐतिहासिक चुनाव में इंडिया गठबंधन के नेता विशेषकर राहुल व प्रियंका गांधी अपने चुनाव प्रचार अभियान को जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर केंद्रित करने में पूरी तरह सफल रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस नेता, मोदी की घटिया व निम्नस्तरीय बातों से भी लोगों को अवगत कराकर यह बताने में भी सफल रहे हैं कि जनता से मोदी का निरर्थक इकतरफ़ा संवाद दरअसल जनता का ध्यान भटकाने के लिये है। और यह भी कि प्रधानमंत्री कि इस तरह की संवाद शैली देश के प्रधानमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अशोभनीय है तथा देश की बदनामी का सबब भी है। साथ ही विपक्ष जनता को यह बताने में भी कामयाब हुआ है कि किस तरह मोदी फ़ुज़ूल की बातों में लोगों को उलझाकर और लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर जनसरोकार से जुड़ी वास्तविक समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकने की कोशिश कर रहे हैं। जब मोदी कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में देश के लिये कुछ बनाया ही नहीं तो प्रियंका गाँधी उसके जवाब में मोदी से ही पूछ रही हैं कि जिन दर्जनों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी एस यू) को आप अपने चंद मित्रों के हवाले कर रहे हैं वह कांग्रेस के नहीं तो किसके बनवाये हुये हैं ? विपक्ष मोदी से उन्हीं के वादों को याद दिलाते हुये यह भी पूछ रहा है कि 10 साल पहले आपने लोगों के खाते में 15 लाख रुपये डालने को कहा था, वह क्यों नहीं आये ? जबकि चंद पूंजीपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये क़र्ज़ मुआफ़ कर दिये गये ? कहाँ हैं आपके वादे के 10 वर्ष पूर्व घोषित किये गये 100 स्मार्ट सिटी ? कहाँ हैं आपके वादों के 2 करोड़ रोज़गार ? 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वचन कहां गया ?

आर जे डी नेता तेजस्वी यादव ने तो अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक नये तरीक़े का प्रयोग किया। उन्होंने पूर्व में नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से किये गए वादों का एक ऑडियो उन्हीं की आवाज़ में अपनी जनसभा में सुना डाला। अपनी तरह का यह अनूठा प्रयोग था। मोदी को उन्हीं के वादों की याद दिलाकर उन्हें कटघरे में खड़ा करना कितना विपक्ष के लिये कितना कारगर साबित हो रहा है इसका अंदाज़ा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के दिनोंदिन बिगड़ते जा रहे लहजों व उनके द्वारा उठाये जा रहे निरर्थक व बचकाना क़िस्म के मुद्दों से लगाया जा सकता है। कभी कहते हैं कि कांग्रेस के लोग मटन बनाने का मौज ले रहे हैं। कभी बोलते हैं कि अगर आपके पास दो भैंस है तो कांग्रेस उसमें से एक भैंस छीन कर ले जाएगी। कभी कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन को हिन्दू विरोधी बताते हुये कहते हैं कि यह हिन्दू धर्म को ख़त्म करना चाहते हैं। तो कभी यह कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो क्रिकेट टीम में मुसलमानों को भर देगी। यहाँ तक कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो बहनों का मंगल सूत्र छीन लेगी और आपका सोना ले लेगी। यानी अजीब अजीब सी बदहवासी भरी बातें जिसका राजनीति से कोई वास्ता ही नहीं, इसतरह की बातें कर वह उन सवालों से बचना चाहते हैं जो जनता के वास्तविक सवाल हैं। नरेंद्र मोदी के फ़ुज़ूल,निम्नस्तरीय,ग़ैर राजनैतिक व साम्प्रदायिक विद्वेष से भरे बयान निश्चित रूप से इस बात का सुबूत हैं कि वे विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों के सामने बौखला से गए हैं। जब कांग्रेस व इण्डिया गठबंधन सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना ख़त्म कर सैनिकों की पूर्ववत भर्ती करने की बात करती है तो देश के युवाओं में उम्मीद जगती है। किसानों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य का क़ानून बनाने की बात कर विपक्ष किसानों में आस जगाता नज़र आता है। कांग्रेस पार्टी की 5 गारंटी ने तो नरेंद्र मोदी को इतना असहज कर दिया है कि वह बौखला कर कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताने लगे हैं। बेशक यह हालात इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि विपक्षी इंडिया गठबंधन चुनावी विमर्श को मोदी बनाम मुद्दा बनाने में पूरी तरह कामयाब रहा है।

मतदान अपील कविता

लोकतंत्र के खातिर भैया चलो चले मतदान करें
सारे कामों से पहले अपना यह पहला काम करे
लोकतंत्र की जड़ को पानी वोट से अपनी से दे आए
लोकतंत्र के मीठे फल मिलकर हम सब खाए

लोकतंत्र की रक्षा में अपना यह पहला काम करे
सारे कामों से पहले हम चलो चले मतदान करें
विकासशील से विकसित भारत का सफर आसान करें
मिल जुलकर हम सब पहले चलो चले मतदान करें

मतदाता भारत के भाग्यविधाता हम सब बन जाए
लोकतंत्र का अद्भुत परचम दुनिया में हम सब लहराए
पूरे भारत के मतदाताओं से *स्वतंत्र प्रभात* की यह सुंदर अपील सुनो
शत प्रतिशत मतदान करके अपने मन की सरकार चुनो

सचिन बाजपेई

संपादकीय

सियासी वार से जनता को क्या फायदा

लोकसभा चुनाव चल रहे हैं आज चौथे चरण का मतदान चल रहा है। लेकिन इस चुनाव में एक दूसरे पर जितने सियासी वार चले हैं शायद इतने कभी न चले हों। लेकिन आज का मतदाता सब जानता है और उसके मन में पहले से तय होता है कि उसका वोट किधर जाना है। जनसभा या रोड शो में उमड़ी भीड़ को आप जीत का पैमाना नहीं मान सकते पिछले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने पूरे प्रदेश में रथ यात्रा की थी और उन्हें देखने के लिए विशाल जनसमूह उमड़ा था लेकिन नतीजा क्या हुआ आपके सामने है। अभी कल ही जेल से निकले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 75 वर्ष के होने जा रहे हैं और यदि भारतीय जनता पार्टी जीतती है तो वह केवल एक साल और प्रधानमंत्री पद पर रहेंगे उसके बाद वह अमित शाह को सरकार की बागडोर सौंप देंगे। यह सभी जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी में या देश में नरेंद्र मोदी की अहमियत कितनी है। अरविंद केजरीवाल के इस बयान से भारतीय जनता पार्टी घबड़ा गई। अमित शाह का तुरंत बयान आया कि नरेंद्र मोदी अपना पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि 75 वर्ष के होने पर प्रधानमंत्री पद पर नहीं रह सकते। कहने का मतलब है कि इन सब बातों से जनता को क्या लेना देना है। आप जनता के हित की बात क्यों नहीं करते। क्या केवल आरोप प्रत्यारोप की ही राजनीति अब चलनी है। क्या देश में अब मुद्दे नहीं बचे हैं। लेकिन राजनैतिक पार्टियां यह जानती हैं कि मुद्दों की बात करके चुनाव नहीं जीता जा सकता। और इसीलिए अब मतदाताओं में भय व्याप्त कराके ही हम वोट पा सकते हैं।

जनता अब दो तरह से आंकलन करती है एक यह कि जिस पार्टी के प्रत्याशी को हम वोट दे रहे हैं तो उसकी विचारधारा से हमारी विचारधारा मेल खाती है या नहीं और दूसरा जिस प्रत्याशी को हम वोट दे रहे हैं उसने हमारे क्षेत्र में कितने विकास कार्य किए और जब हमने कोई मदद मांगी तो उसने कितनी सुनी। इसलिए राजनैतिक दल जनता को बहलाना बंद करके मुद्दे की बात करें तो जनता पर ज्यादा असर होगा। कुछ एक को छोड़ दें तो जनता की निगाह में कोई भी किसी भी पार्टी का प्रत्याशी ऐसा नहीं होता जो शत् प्रतिशत खरा उतरा हो और ऐसे में जनता यह सोचने के लिए मजबूर हो जाती है कि आखिरकार वह अपना वोट दे तो किसे दे। शायद नोटा का आप्शन इसी लिए दिया गया है। लेकिन मेरी समझ से यह नोटा का आप्शन सही नहीं है हमको वोट किसी न किसी प्रत्याशी को तो देना ही चाहिए। आज की राजनीति में एक दूसरे पर ज्यादा से ज्यादा कीचड़ उछाला जा रहा है। मतलब साफ है कि आप हमसे ज्यादा खराब हैं यह समझाने की कोशिश की जा रही है। यह जनता के चुनने के लिए रहने दीजिए। आप केवल अपनी खूबियां गिनवाइये कि आप सत्ता में रहे तो क्या क्या किया और आगे सत्ता में आएंगे तो क्या क्या करेंगे।

सियासी वार चारों तरफ से हो रहे हैं कोई किसी से पीछे नहीं है लेकिन इससे जनता का क्या भला होने वाला है। आजकल मेच्योर आदमी ने राजनेताओं की रैलियों में जाना बंद कर दिया है। रैली में वही भीड़ जा रही है जो किसी न किसी रूप में उस पार्टी से जुड़ी है। या कहीं न कहीं उसमें उसका हित है। पहले भी नेताओं के भाषण होते थे रैलियां होती थीं लोग दूर-दूर से उनको सुनने आते थे लेकिन तब नेताओं की बातों में बजन होता था। तालियां बजाने के लिए इशारा नहीं करना पड़ता था तालियां अपने आप बजती थीं। और एक आज का दौर है जहां केवल आरोप प्रत्यारोप की राजनीति हावी है। किसी पार्टी ने यदि कुछ अच्छा किया है तो दूसरी पार्टियां उसमें बुराइयां ढूंढने के पूरे प्रयास में लग जातीं हैं। और यदि आप किसी रैली में किसी भी नेता के भाषण सुने तो उसका ज्यादातर समय दूसरी पार्टी की बुराई करने में ही निकल जाता है। केवल एक दूसरे पर कीचड़ उछलने की ही राजनीति हो रही है। यदि किसी नेता से पूछ भी लिया जाए कि आपने अपने शासनकाल में क्या किया तो वह अपने कार्यों को बताने की जगह दूसरे की बुराइयां गिनाना शुरू कर देगा। किसने क्या किया यह आंकलन जनता को करने दीजिए। आप केवल दूसरे को नीचा दिखाकर वोट हासिल नहीं कर सकते। आपको अपने काम भी गिनाने होंगे नहीं तो इस राजनीति में जनता पिसती रहेगी और नेता मौज करते रहेंगे।आज हर नेता गली गली, शहर शहर की ख़ाक छान रहा है ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क करने की कोशिश कर रहा है लेकिन जीतने के बाद पांच साल में शायद ही आपको एक बार भी इनके दर्शन हुए हों। नेता को पहचानने का यह एक पैमाना हो सकता है। आपको किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए उस क्षेत्र के विधायक, पार्षद और स्थानीय लोगों की मदद लेनी पड़ रही है क्योंकि उस क्षेत्र में न तो आप किसी को जानते हैं और न ही लोग आपको जानते हैं। आप चुनाव जीतने के बाद बंद कार में फर्राटे से निकल जाते हैं और लोग आपको देखते हैं। जनप्रतिनिधि का मतलब ही आज के नेता भूल चुके हैं। इसमें हमारा भी दोष कम नहीं है हम भी बार बार उन्हें जिताकर सदन में भेजने का कार्य करते हैं। जो जनता की नहीं सुनता हो ऐसों को सबक सिखाना जरूरी है। क्यों कि यदि हम ऐसे ही आंख बंद करके मतदान करते रहेंगे तो हम स्वयं दोषी कहलाएंगे। शिक्षा, महंगाई, भ्रष्टाचार, और बेरोजगारी पर आज कोई बात नहीं कर रहा है। जातियों और धर्मों में लोगों को बांट दिया गया है। हम अपनी अच्छाई और बुराई को समझ नहीं पा रहे हैं। इसलिए हमको वोट अवश्य करना चाहिए। लेकिन बहुत कुछ सोच समझ कर क्यों की आने वाले पांच सालों में हमें इन्हीं से उम्मीद होगी। यदि आप जाति और धर्म को आगे मानते हैं तो उसपर वोट कीजिए और यदि हम समाज के विकास को चाहते हैं तो हमें बहुत कुछ सोचना होगा। क्यों आज जो राजनीति का दौर चल रहा है यह हमको बहुत पीछे ले जाएगा।

(युवा चिंतन) बिना असफलता के सफलता का कोइ आस्वाद नही होता। सफलता-असफलता जीवन के दो अहम पहलू

(संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी)

असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती हैद्यअसफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी आस्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है।

आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित

कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है।

देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फल स्वरुप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऐतिहासिक महत्व को बढ़ाना

प्रकाश व्यवस्था भारत की स्थापत्य विरासत को बहुत बढ़ाती है, ऐतिहासिक स्थलों को मनोरम दृश्यों में बदल देती है भारत की स्थापत्य विरासत इतिहास, संस्कृति और परंपरा के मिश्रण को दर्शाती है। हलचल भरे शहरी वातावरण में, हमारे विरासत स्मारक हमारे समृद्ध अतीत के शाश्वत गवाह के रूप में खड़े हैं। हालाँकि, शहर के जीवंत दृश्यों के बीच ये वास्तुशिल्प चमत्कार अक्सर पृष्ठभूमि में फीके पड़ जाते हैं। फिर भी, प्रकाश व्यवस्था के रणनीतिक अनुप्रयोग के माध्यम से, इन संरचनाओं को जीवंत बना दिया जाता है, जो कल्पना को मंत्रमुग्ध कर देती हैं और शाम ढलने के बाद उनके आकर्षण को बढ़ा देती हैं। प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऐतिहासिक महत्व को बढ़ाना सावधानीपूर्वक डिज़ाइन की गई बाहरी प्रकाश व्यवस्था विरासत स्थलों में नई जान फूंकने, उनके जटिल विवरण और ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने की शक्ति रखती है। प्रौद्योगिकी, जो अपनी ऊर्जा दक्षता और नियंत्रणीयता के लिए प्रसिद्ध है, इन स्मारकों को आधुनिक दर्शकों को लुभाने के साथ-साथ उनकी विरासत का सम्मान करने वाले तरीके से प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। प्रकाश समाधानों का लाभ उठाकर, भारत भर के शहर अपने वास्तुशिल्प खजाने को पुनर्जीवित कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक बने रहें। प्रकाश व्यवस्था के साथ भारतीय वास्तुकला परिदृश्य को बदलना कोणार्क के राजसी सूर्य मंदिर से लेकर लखनऊ के प्रतिष्ठित रूमी गेट तक, प्रकाश व्यवस्था ने भारत के स्थापत्य दृश्य को बदल दिया है, जिससे इन संरचनाओं में नई भव्यता और भव्यता आ गई है। सूर्य मंदिर, मोढेरा- गुजरात के मध्य में स्थित, सूर्य मंदिर प्राचीन शिल्प कौशल और स्थापत्य प्रतिभा के प्रमाण के रूप में खड़ा है। गतिशील प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से, सूर्यास्त के बाद मंदिर की जटिल नक्काशी और राजसी रूपरेखा को जीवंत बना दिया जाता है। पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं क्योंकि मंदिर एक उज्ज्वल दृश्य के रूप में उभरता है, जो उन्हें समय और इतिहास के माध्यम से यात्रा पर जाने के लिए आमंत्रित करता है। रूमी गेट, लखनऊ- लखनऊ की समृद्ध मुगल विरासत के प्रतीक के रूप में, रूमी गेट भव्यता और ऐतिहासिक महत्व दर्शाता है। गतिशील प्रकाश व्यवस्था गेट के जटिल रूपांकनों और वास्तुशिल्प विशेषताओं को निखारती है, जिससे एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली चमक आती है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। रात के आकाश में रोशनी से जगमगाता रूमी गेट शहर की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों को इसकी सुंदरता से आश्चर्यचकित होने के लिए आमंत्रित करता है। गुजरात भवन- नई दिल्ली के केंद्र में स्थित, गुजरात भवन गुजरात की जीवंत विरासत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है। गतिशील प्रकाश व्यवस्था के एकीकरण के माध्यम से, भवन बदल जाता है, एक चमकदार श्रद्धांजलि बन जाता है जो राज्य की समृद्ध परंपराओं का सम्मान करता है। प्रकाश की परस्पर क्रिया इसकी विशिष्ट विशेषताओं को बढ़ाती है, जिससे आगंतुकों और राहगीरों के लिए एक मनोरम दृश्य कथा का निर्माण होता है। सिग्नेचर ब्रिज- सिग्नेचर ब्रिज की पूरी संरचना को रोशन करने का दिल्ली सरकार का निर्णय शहर के वास्तुशिल्प स्थलों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शहर के क्षितिज के ऊपर ऊंचा यह पुल अब रात में चमकता है, जिससे आगंतुकों और निवासियों को एक शानदार दृश्य दिखाई देता है। मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या- इस वास्तुशिल्प चमत्कार में गतिशील प्रकाश व्यवस्था है जो मंदिर वास्तुकला की नागर शैली से प्रेरित इसके अद्वितीय डिजाइन को पूरा करती है। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक सुविधाओं का मिश्रण, हवाई अड्डा यात्रियों और आगंतुकों के लिए एक मनोरम अनुभव प्रदान करता है। प्रकाश व्यवस्था भारत की स्थापत्य विरासत को बहुत बढ़ाती है, ऐतिहासिक स्थलों को मनोरम दृश्यों में बदल देती है। इस तकनीक को अपनाने से अनुमति मिलती हैशहर अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करें और जीवंत सार्वजनिक स्थान बनाएं, जिससे निवासियों और आगंतुकों का जीवन समृद्ध हो। जैसे-जैसे भारत प्रगति कर रहा है, प्रकाश व्यवस्था नवाचार का प्रतीक है, जो इसके वास्तुशिल्प परिदृश्य के उज्जवल भविष्य की ओर मार्गदर्शन करती है

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
स्वतंत्र प्रभात
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

एग्रीमेंट कराने के नाम पर भूमि का करा लिया बैनामा एसएसपी को शिकायत

सहजनवा गोरखपुर - हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बुदहट एक व्यक्ति को साजसाज ने भूमि का एग्रीमेंट कराने के नाम 15 डिसमिल भूमि बैनामा करा लिया है।पीड़ित ने एसएसपी को शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। मिली जानकारी से बुदहट निवासी राम गोविंद पुत्र ज्वाला प्रसाद जिनका आराजी संख्या 1096 गांव में है। पीड़ित के दामाद का दोस्त जो घर पर आता जाता था। इलाज कराने के लिए रुपए की जरूरत थी। और अपनी जमीन बेचना चाहते थे। दामाद के दोस्त से जमीन बेचने के संबंध में बात हुई तो उसने कहा की बैनामा करने के लिए पूरा रुपया नही है। एग्रीमेंट कर दे। और इलाज कराने के लिए 2 लाख रुपया दे देगे। 23 फरवरी 2023 को एग्रीमेंट करने के लिए निबंधक कार्यालय ले गया। और एग्रीमेंट कराने के नाम पर 15 डिसमिल जमीन का बैनामा करा लिया। और कहा की रूपये की व्यवस्था 6 माह में होने के बाद भूमि का बैनामा करा लिया जाएगा। 11 मई को वह भूमि पर कब्जा करने पहुंचा। जिसका विरोध किया तो गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। और जेब में रखा 1 हजार रुपया छीनकर फरार हो गया। पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाया है। इस संदर्भ एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की प्रकरण की जानकारी है। दोनो पक्षों को थाने पर बुलाया गया है।

सहजनवा पत्रकार के पिता का निधन, शोक की लहर

सहजनवा / गोरखपुर । पत्रकार बिष्णु शुक्ल के पिता लक्ष्मण प्रसाद शुक्ल (85) का रविवार को निधन हो गया। कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार आज अयोध्या धाम में सरयू नदी के किनारे किया जाएगा। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। लक्ष्मण प्रसाद शुक्ल कुछ समय से गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। दो सप्ताह पहले इलाज के लिए उन्हें के बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। रविवार को सुबह उन्होंने अपने गाँव कोड़रा मुंडा पोस्ट सहजनवा में अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु की सूचना आने के बाद जिले में कई संगठनों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।सहजनवा तहसील रोड स्थित पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय पर सत्यप्रकाश त्रिपाठी, अरुण मिश्रा, हामिद अंसारी, उपेंद्र त्रिपाठी, अमित पांडेय, अशोक चौधरी, बेचन शर्मा, अमित उपाध्याय , चन्दन त्रिपाठी सुदर्शन शुक्ला, आदि पत्रकारों ने शोकाकुल परिवार को संबल देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की व दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

बसपा सुप्रीमो ने उपचुनाव में हारिस बाबा पर जताया भरोसा

जनपद के पचपेड़वा ब्लॉक के छोटे से गांव गुरुचिवा से बसपा के पुराने ईमानदार व कर्मठ कार्यकर्ता पर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ-साथ लोकसभा श्रावस्ती के गैसड़ी विधानसभा में हो रहे उपचुनाव मे बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने हारिस बाबा पर भरोसा जताते हुए उम्मीदवार बनाया तथा आज श्रावस्ती के एक जनसभा में लोकसभा प्रत्याशी के साथ-साथ गैसड़ी विधानसभा के विधानसभा प्रत्याशी हारिस बाबा का समर्थन करते हुए जनसभा को संबोधित किया जिसमे हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने राज्य व देश में बढ़ती बेरोजगारी और महगाई , शिक्षा की बात की और भाजपा और सपा सरकारो में सबसे ज्यादा ब्राह्मणों का शोषण हुआ है, उन्होंने इस बात पर भी अफसोस जताया कि सपा ने बड़ी मुस्लिम आबादी वाले निर्वाचन क्षेत्र में एक मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा क्योंकि वह एक परिवार से परे नहीं सोच सकती। बसपा को छोड़ सभी दल दलित वर्ग के संतों गुरुओं और महापुरुषों से करते हैं नफरत ,पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बसपा उत्तर प्रदेश में सत्ता में थी तब मैं बहुत काम किया, पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने विधानसभा प्रत्याशी हारिस बाबा को मतदान के दिन खुलकर मतदान करने की और अपने प्रत्याशियों का समर्थन करने की अपील की है।

आदि गुरु शंकराचार्य जी का मनाया गया जन्मोत्सव

● जगतगुरु आदि शंकराचार्य स्वयं शिव के अवतार हैं, जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब तब अत्याचारियों के दमन के लिए के भगवान का अवतार होता है,

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर । गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ के बैनर तले आदि गुरु शंकराचार्य जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम काफी हर्षोल्लास के साथ विकास खण्ड पडरौना के जंगल बनबीरपुर गिरि टोला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक महा मंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामबालक दास त्यागी जी रहे। संचालन अजय गिरि प्रदेश संगठन मंत्री ने किया।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिले के गोस्वामी बंधुओं ने भागीदारी किए। शंकराचार्य जी के जीवनी और कार्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए दीनानाथ गिरि पूर्व प्रधानाचार्य एवं संरक्षक गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ दुदही कहे कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य स्वयं शिव के अवतार हैं और प्रत्येक गोस्वामी शिव के अंश हैं। ओमप्रकाश गिरि जी पूर्व शिक्षक और प्रदेश उपाध्यक्ष गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ कहे कि शंकराचार्य जी के विचारोपदेश आत्मा और परमात्मा की एकरूपता पर आधारित हैं जिसके अनुसार परमात्मा एक ही समय में सगुण और निर्गुण दोनों ही स्वरूपों में रहता है। मुख्य अतिथि रामबालक दास त्यागी जी राष्ट्रीय संरक्षक गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ ने कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब तब अत्याचारियों के दमन के लिए के भगवान का अवतार होता है। आदि शंकराचार्य को शिव का अवतार माना जाता है। रामवृक्ष गिरि जी प्रदेश अध्यक्ष गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ ने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए अकेले चले थे और समस्त धर्मों के मठाधीशों को शास्त्रार्थ में परास्त कर अपना शिष्य बनाए थे और समाज को एक डोर में पिरोए थे। कार्यक्रम को दिग्विजय गिरि जी प्रदेश महामंत्री, सुरेश गिरि, अमरेंद्र पूरी की राष्ट्रीय महामंत्री, सत्यनारायण गिरि मंडल अध्यक्ष, राजेश गिरि जिला संरक्षक, आरसी गिरि जिला उपाध्यक्ष, बासुदेव गिरि जिलाध्यक्ष, दिनेश्वर गिरि, पुण्य प्रकाश गिरि, महेश गिरि, रमेश गिरि, पिंटू गिरि, विंदेश्वरी गिरि प्रदेश महामंत्री, देवानंद गिरि जी मंडल उपाध्यक्ष आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर विश्वनाथ गिरि, रामदेव गिरि, राधेश्याम गिरि, भोलू गिरि, अनिरुद्ध गिरि,राजेंद्र गिरि, रामू गिरि, ब्रह्मा गिरि, राजन गिरि, शिवा गिरि, नीतीश गिरि, देवेंद्र यति, सुरेश गिरि, अंब्रिश गिरि, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने एमपीएस ऐप का लिया प्रशिक्षण

● मतदान प्रतिशत संकलन ऐप, सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता द्वारा दिलाया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मतदान दिवस पर मतदान के प्रतिशत को संकलित किये जाने हेतु आयोग द्वारा तैयार किये गये एम0पी0एस0 (मतदान प्रतिशत संकलन) ऐप का प्रशिक्षण समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को आज दो पालियों में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा की चुनाव में आप सब की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मतदान (पोलिंग) पार्टी की रवानगी से लेकर संग्रहण स्थल तक आपको सौपे गए दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी तत्परता एवं कटिबद्धता से करें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो तत्काल सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि सभी मतदेय स्थलों पर निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप (एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज एएमएफ) न्यूनतम सुविधा उपलब्धता की जांच कर लें, अगर कोई कमी हो तो संबंधित विधानसभावार सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराए तथा जिन मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग होनी है उनकी सूची प्राप्त कर पहले ही जांच कर ले की स्विच, विद्युत, नेटवर्क आदि की व्यवस्था ठीक है। इसके साथ-साथ मतदेय स्थलों पर पानी ,छाया तथा रैंप की व्यवस्था की उपलब्धता की जांच कर अवगत कराए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता पर्ची वितरण की भी जांच कर ले। पोलिंग पार्टी रवानगी से पहले पीठासीन अधिकारी से वार्ता कर लें किसी प्रकार की कोई समस्या अगर आ रही है तो वार्ता कर तत्काल उसका निवारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पडरौना (सदर) व्यास नारायण उमराव , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित निर्वाचन कार्यालय के सहायक, लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शशि आदि उपस्थित रहे।

गाय चुरा कर पीकप से भागे चोर ,तेनुआ टॉप प्लाजा के पहले चोर पिकप छोड़ हुए फरार

● सूचना पर पहुंची खजनी पुलिस पिकप सहित गाय को किया बरामद, चोर के तलाश में जुटी

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र उनवल पुलिस चौकी के ग्राम गोरसैरा में बीती रात सक्रिय चोर पिकप से दुधारू गाय को लेकर भाग गए ,वही पशु मालिक चोरों का पीछा किया ,चोर गाय व पिकप छोड़ फरार हो गए ,खजनी पुलिस चोर को ट्रेस कर खोज में जुट गई ,बौर गाय सहित पिकप बरामद कर लिया, मिली जानकारी के मुताबीत गोरसैरा निवासी राकेश साहनी पुत्र मुन्ना लाल साहनी की गाय बीते रात 12-30 बजे चोर पी कप पर गाय लाद कर उनवल बाईपास से होकर गाय लेकर भाग रहे थे । गाय मालिक की नींद खुली तो गाय खूंटे से गायब देखकर अगल बगल के लोगों के बताने के अनुसार खोजने लगे कुछ लोग बताए कि अभी एक पीकप गई है। गांव के उमा सिंह, राकेश साहनी, शांतनु, राहुल साहनी,मंगल यादव,सूरज साहनी, मुलायम यादव, हरिओम यादव मोटर साइकिल से उनवल बाईपास होते जब चौकी महुआडाबर के बरडांड़ पहुंचे तो गाय पीकप पर लदी तेज रफ्तार में जा रही थी। गाड़ी का पिछा कर रहे युवको ने बताया कि ड्राइवर बार बार ब्रेक मार देता था और बगल से दबाने का भी प्रयास किया हमलोग पी कप से 50 मीटर की दूरी बनाकर चलने लगे, तब तक छपिया टोल टेक्स से 100 मीटर की दूरी पर चोर और ड्राइवर पीकप छोड़कर भाग गए ,हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गाय व पीकप को कब्जे में ले लिया। पीकप लोकल का बताया गया , जिसका नंबर यूं पी 60 A T1147है, चौकी पुलिस पीकप मालिक को बुलाकर पूछ ताछ कर रही है कि पी कप कौन लेकर गया था और ड्राइवर कौन था।

क्या कहती पुलिस

खजनी थानां के उनवल चौकी प्रभारी सोनेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पी कप रमेश यादव ग्राम नकदह की है तथा नकदह निवासी अंगद यादव गाड़ी का ड्राइवर था अभी दोनों पकड़े नहीं गए हैं दोनों जब पुलिस के हाथ लगेंगे तभी गाय चोरी का मामला खुलेगा । इस संबंध में गाय मालिक राकेश साहनी पुत्र मुन्ना लाल साहनी द्वारा खजनी थाने पर तहरीर दिया गया है, थानाध्यक्ष खजनी गौरव राव कनौजिया ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

न्यायालय से मुकदमा देखकर आ रहे युवक पर हुआ प्राणघातक हमला ,जिला अस्पताल में जीवन व मृत्यु के बीच कर रहा संघर्ष

● घायल युवक सहित अन्य निर्दोषों पर गोला थाने में दो घण्टे बाद एससी /एसटी का दर्ज हुआ मुकदमा

प्राणघातक हमला करने वालो पर मेहरबान बनी गोला पुलिस,

गोला थाने में पीड़ित का मुकदमा दर्ज होते ही पीड़ा देने वालो का भी होता है मुकदमा दर्ज

पांच दिन बाद भी नामजद अभियुक्तों की नही हुई गिरफ्तारी

पीड़ित पक्ष को मिलेगी कैसे न्याय*

पुलिसिया कार्य वाही पर क्षेत्र के लोगो मे भारी आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर । सूबे के मुखिया के जनपद में गोला थाने पर गजब का का खेल चल रहा है।पहले तो पीड़ा देने वालो का मुकदमा दर्ज होता है।पीड़ित पक्ष दूर रह जाते है।अगर पीड़ित का मुकदमा दर्ज हो गया तो पीड़ा देने वालो का भी मुकदमा दर्ज होना तय माना जाता है ।और अगर अनुसूचित जाति से है तो उनके द्वारा घटना कारित करने के बाद भी उनका मुकदमा पहले दर्ज होगा।और मार खाने वाला ब्यक्ति दूर रहेगा। पीड़ा देने वाला खुले सड़क पर सीना तान कर घूमेगा और पीड़ित पक्ष न्याय के लिए थांने से अधिकारियों के यहा चक्कर लगाने को मजबूर बनेगा।अब यक्ष प्रश्न खड़ा है कि सुशासन वाले इस सूबे में पीड़ित को न्याय मिलेगा कैसे। प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के बारा नगर निवासी विशाल 8 मई को जिला मुख्यालय पर अपना मुकदमा देखने गया था। मुकदमा देखकर घर आ रहा था।रात साढ़े आठ बजे के लगभग अपनी चाय की दुकान पर पहुचा।कि गांव के ही हरिजन बस्ती के शंकर जयहिंद विजय बबिदेवल और बबलू पांच लोग लाठी डंडा लोहे का सब्बल लेकर आये और विशाल को बाहर बुलाकर गाली गुप्ता देते हुए जान मारने की नीयत से हमला कर दिए ।सब्बल से विशाल के सर के पिछले भाग पर मार दिए जिससे वह लुहलुहान होकर अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा।और लाठी डंडों से बुरी तरह पीट दिया।अगल बगल के लोगो ने बीच बचाव किया ,जाते समय जान मारने की धमकी देते हुए गया।विशाल को तत्काल वाहन में लादकर परिजन गोला थाने पर पहुचे।कोतवाल ने स्थिति को देखा और पुलिस के साथ सी एच सी गोला पर इलाज के लिए भेज दिया।वहां डॉक्टर ने स्थित नाजुक देख प्राथमिक उपचार देकर पुलिस के साथ ही जिला अस्पताल पर भेज दिया। विशाल का इलाज 8 मई से जिला अस्पताल में चल रहा है।घायल विशाल के बड़े पिता लाल साहब सिंह ने थाने पर लिखित तहरीर दिया ।गोला पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 249/24 धारा 147 308 323 504 506 आई पी सी में दर्ज कर लिया।दूसरे दिन मारने वाले लोग भी थाने पर पहुचे उन लोगो ने लिखित तहरीर दिया ।जिसमें जिला अस्पताल में जीवन व मृत्यु के बीच संघर्ष के रहे विशाल सहित मुकदमा बादी लाल सिंह सूरज अंश व आशीष को मुलजिम मुकदमा अपराध संख्या 250/24धारा 147 323 504 506व एस सी एस टी का बना दिया गया। और इस तहरीर में घटना का समय 8 बजे दिखाया गया। अब प्रश्न उठता है कि अगर 8 बजे घटना घटी तो क्या इन लोगो द्वारा गोला पुलिस को सूचना दिया गया। अगर कोई सूचना नही दिया गया तो गोला पुलिस उनके आवेदन का बिना जांच किये घायल विशाल का मुकदमा दर्ज होने के बाद कैसे दर्ज कर लिया। जबकि वहाँ पर सी सी टी वी कैमरा भी मौजुद है। खैर यह पुलिस का खेला पहला नही है।वही बीते बर्ष भी घटना हुआ था जिसमे गांव के ही दिनेश सिंह को बुरी तरह लोग पीटे थे। और उनकी तहरीर पर मुकदमा न दर्ज करते हुए निर्दोष लोगोंपर पीटने वालो के तरफ से एस सी एस टी एक्ट के मुकदमा दर्ज कर घायल दिनेश को जेल भेज दिया गया। और कई निर्दोष लोगों को विवेचक द्वारा मुलजिम करार कर दिया गया। इतना ही नही उस मुकदमा 575/23 में मुकदमा वादिनी द्वारा एक शपथ भी विवेचक को व कप्तान को दिया गया था कि उपरोक्त मुकदमे में इंद्रजीत सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह का नाम गलत पड़ गया है।घटना में यह नही थे।इनका नाम बिबेचनाद्वारा हटा दिया जाय। लेकिन विवेचक द्वारा शपथ पत्र को अनदेखी करते हुए चार्जशीट प्रेषित कर दिया गया। इस तरह के पुलिसिया कारनामे से क्षेत्र के लोग पूरी तरह असंतुष्ट है साथ ही लोगो मे भारी आक्रोश ब्याप्त है। जब इस प्रकरण पर कोतवाल गोला से वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि विशाल के तरफ से मुकदमा दर्ज हो गया है ।सात बर्ष या उससे कम की सजा वाले धारा में गिरफ्तारी नही है ।जिले के मेंडिकल का इंतजार है ।उस मेडिकल के हिसाब से कार्यवाही की जाएगी ।जब यह पूछा गया कि मारने वाले पक्ष का भी मुकदमा दर्ज कर लिया गया तो उन्होंने कहा कि ऊपर के अधिकारियों का दबाव आ गया। बहरहाल कुछ भी हो लेकिन गोला पुलिस अपनी पुलिसिया कार्यवाही को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

शिक्षकों को सस्पेंड कराने वाले बीईओ के खिलाफ पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा, एडी बेसिक बोले होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

बरेली। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने एडी बेसिक विनय कुमार से शिक्षकों को निलंबित करने वाले बिथरी चैनपुर के बीआईओ की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कई साक्ष्य भी सौंपे हैं। एडी बेसिक ने निलंबित शिक्षकों को तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए हैं। एक कैंसर पीड़ित वरिष्ठ शिक्षिका को बीएलओ कार्य में लगाने की भी शिकायत की गई है।

बीआरसी में हुई चोरी की रिपोर्ट तक थाने में दर्ज नहीं कराई गई

मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद शर्मा ने एडी बेसिक को जो साक्ष्य दिए हैं उसके मुताबिक पिछले दिनों बीआरसी में हुई चोरी की रिपोर्ट तक थाने में दर्ज नहीं कराई गई, जबकि लाखों रुपये का विभागीय सामान, कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क सहित शिक्षकों के कई गोपनीय दस्तावेज भी चोरी हुए थे। कैंसर पीड़ित होने पर भी एक वरिष्ठ शिक्षिका को बीएलओ कार्य में लगाया।

एडी बेसिक को दिए पत्र में एक कैंसर पीड़ित वरिष्ठ शिक्षिका को बीएलओ कार्य में लगाने की भी शिकायत की गई है। पिछले दिनों फरीदापुर इनायत खां के उच्च प्राथमिक स्कूल से कम्प्यूटर ले जाने के मामले में शिक्षिका फरहा नरगिस ने बच्चों की कम्प्यूटर शिक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की थी। इससे तिलमिलाए बीईओ ने उन्हें पत्र भेजकर कड़ी कार्रवाई की धमकी दी है।

पदाधिकारियों का आरोप संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि सिमरा के अजूबा बेगम स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में परिचारक के रूप में तैनाती के बावजूद वह बीईओ के ड्राइवर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और आए दिन शिक्षकों पर भी रौब दिखाते हैं। इसके अलावा कई शिक्षकों ने भी खंड शिक्षा अधिकारी पर डरा कर कार्रवाई की धमकी देने और अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

विनय कुमार,एडी बेसिक ने बताया कि संगठन की ओर से साक्ष्यों सहित बीईओ की शिकायत की गई है। बीईओ की संस्तुति पर किए गए शिक्षकों के निलंबन को तत्काल प्रभाव से बहाल करने को कहा गया है। चोरी के बावजूद एफआईआर नहीं होना गंभीर विषय है। इस संबंध में जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

सपा ने हाईकमान को भेज दी भितरघातियों की सूची मची हलचल

स्वतंत्र प्रभात

बरेली। समाजवादी पार्टी में भितरघात का अंदेशा पहले से ही था और ऐसा हुआ भी। पार्टी नेताओं के मुताबिक भितरघातियों की सूची हाईकमान को भेज दी गई है। उन पर कार्रवाई होना तय बताया जा रहा है। इसके साथ निष्क्रिय पदाधिकारियों की भी सूची तैयार की गई है।पार्टी सूत्रों के मुताबिक चुनाव में सपा के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों के विपरीत काम किया। चुनाव के बीच उन्हें आगाह भी किया गया लेकिन वे बाज नहीं आए। विरोधी राजनीतिक दल की साठगांठ से उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाया है। इन नेताओं की सूची तैयार करके मुख्यालय भेज दी गई है। बताया जा रहा है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद इन भितरघातियों पर कार्रवाई होगी।उधर, निष्क्रिय पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। दरअसल कई जगह काफी कम मतदान हुआ है। पार्टी ने वन बूथ 20 यूथ का नारा देकर मतदान बढ़ाने के लिए बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी ओर जोन प्रभारी को जिम्मेदारी दी थी लेकिन मतदान वाले दिन वे वोटरों को बूथ तक नहीं ला सके। अब समीक्षा की जाएगी कि किस पार्षद, पदाधिकारी और नेता के बूथों पर पार्टी की क्या स्थिति रही।

बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

अम्बेडकरनगर। बसखारी थानाक्षेत्र अन्तर्गत भिदूण में बकरी चराने को लेकर उपजे विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें संदीप पुत्र राम अजोर निषाद डडियवां भिदूण थाना बसखारी की तहरीर पर छ- लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डडियवा निवासी संदीप निषाद की बकरी चरते हुए विपक्षीगणो के घर चली गयी थी जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। इसके बाद बुद्धिराम,मोहन,राजेन्द्र पुत्रगण मोतीलाल, जगदीश पुत्र रामअशोक, राम अशोक पुत्र साधू, फागू पुत्र साधू, मनोज पुत्र राममूरत गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे। जिससे संदीप, रामअजोर, प्रमिला देवी, मीरा देवी, प्रियंका देवी, अंजनी को काफी चोट आयी है।शोर मचाने पर गांव वालो को आता देख विपक्षी गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।इस सम्बन्ध में बसखारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

बीडीए में शामिल होंगे 35 गांव, कैबिनेट ने दी हरी झंडी, निर्माण से पहले प्राधिकरण देगा एनओसी, पास करेगा

बरेली। विकास प्राधिकरण सीमा विस्तार करते हुए 35 गांवों को शामिल करेग। यूपी कैबिनेट ने इसको लेकर हरी झंडी दे दी है। कुछ विभागों से एनओसी मांगी गई है। वर्तमान में प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 264 राजस्व गांव हैं। अब इसमें 35 गांव और शामिल होंगे। बीडीए अध्यक्ष कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में प्राधिकरण के सीमा विस्तार का प्रस्ताव रखा गया था। जिस पर शासन ने अपनी मंजूरी दे दी है।

बीडीए का सीमा विस्तार होने से इन गांवों में विकास के रास्ते खुलेंगे। पहले तीनों तहसीलों के 31 गांवों को बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव था, अब इनकी संख्या बढ़ाकर 35 कर दी गई है। आंवला के 14 और सदर तहसील के पांच गांव बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव है। फरीदपुर के 12 गांव बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव था, अब इनकी संख्या सर्वाधिक 16 कर दी गई है। शासन ने पिछले महीने तीनों तहसीलों से इन गांवों के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई थी लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद यह प्रक्रिया रुक गई थी।

प्राधिकरण विकास क्षेत्र में 264 राजस्व गांव शामिल हैं

दरअसल, पिछले साल बीडीए बोर्ड की अध्यक्ष कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्राधिकरण के सीमा विस्तार का प्रस्ताव रखा गया था। प्राधिकरण विकास क्षेत्र में अभी 264 राजस्व गांव शामिल हैं। बरेली की जनसंख्या वर्ष 2031 में 18 लाख 94 हजार 211 अनुमानित की गई है, अगले 25 वर्षों में जनसंख्या वृद्धि की दर देखते हुए यह आबादी 25 लाख 2 हजार 889 हो जाने की संभावना है। कैबिनेट से पास हो चुका है बीडीए के विस्तार का प्रस्ताव।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बताया कि बीडीए के विस्तार का प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो चुका है। कुछ विभागों से एनओसी मांगी गई है। अधिसूचना अभी नहीं जारी हुई है। एनओसी होने के बाद उसी दिन कट ऑफ डेट होगी। आचार संहिता खत्म होने के बाद सीमा विस्तार की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

बीडीए में इन गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव

सदर तहसील के लहबरी, भगवतीपुर, कमुआ कलां, नरोत्तमनगला, भीकमपुर माफी गांव को शामिल किया जाएगा। आंवला तहसील के अखा एहतमाली, अखा मुस्तिकल, कोहनी परतापुर, मजनूपुर, रफियाबाद, कैमुआ, सरदार नगर, चाड़पुर, आलमपुर जाफराबाद, नवदिया, बढरई कुइया, मिलक मंशारामपुर, वाहनपुर गांव शामिल होंगे। पहले फरीदपुर के गांव दहलऊ ई जेढ़, समोची ई जेढ़, खमरिया ई जेढ़, बाहनपुर, जेड़, मेगीनगला, गौसगंज सराय, नौगवां, उदयपुर मोहनलाल, सरायपट्टी सब्दलपुर, सरकड़ा, इनायतपुर को बीडीए में शामिल करने की योजना थी। अब प्रस्ताव में मकसूदपुर, रसुइया, नेवदिया देहा जब्ती, मटिया नगला के नाम भी शामिल कर दिए गए हैं।

ईरान को खतरा हुआ तो देश में परमाणु बम बनाएंगे-कहा

● - बोला-इजराइल के हमले की जवाबी कार्रवाई के लिए हम तैयार

स्वतंत्र प्रभात

ईरान ने कहा है कि अगर उसके अस्तित्व को कोई भी खतरा हुआ तो वह इसका सामना करने के लिए परमाणु बम बनाएगा। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के एडवाइजर कमाल खर्राजी ने शनिवार को यह बयान दिया।

खर्राजी ने कहा, "हमने अब तक परमाणु बम पर कोई फैसला नहीं किया है, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो हम अपना यह सिद्धांत बदल भी सकते हैं। अगर इजराइल ने हमारी न्यूक्लियर फैसेलिटीज पर हमला किया तो हमें अपनी रक्षा के लिए यह कदम उठाना पड़ेगा।"

'ईरान- 5 महीने में 12 परमाणु बम बना सकता है '

इससे पहले जनवरी में ह्र के न्यूक्लियर इन्सपेक्टर और एक्सपर्ट डेविड अल्ब्राइट ने ईरान के एटमी प्रोग्राम को लेकर बड़ा दावा किया था। अल्ब्राइट ने कहा था कि इस वक्त ईरान सबसे बड़ा खतरा है। उसके पास एटम बम बनाने की न सिर्फ टेक्नोलॉजी मौजूद है, बल्कि इसके लिए यूरेनियम भी उपलब्ध है। डेविड ने कहा था, ÷जरूरत पड़ने पर ईरान कुछ हफ्तों में पहला बम तैयार कर सकता है। वो चाहे तो 5 महीने में 12 बम बना सकता है।"

परमाणु हथियारों के खिलाफ ईरान में 11 सालों से फतवा जारी

दरअसल, ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने साल 2003 में परमाणु हथियारों समेत हर उस हथियार के प्रोडक्शन के खिलाफ फतवा जारी कर दिया था, जिससे बड़े पैमाने पर तबाही हो सकती है। तब खामेनेई ने कहा था कि इन हथियारों को बनाना इस्लाम के मुताबिक हराम (वर्जित) है।

हालांकि, इसके बावजूद साल 2021 में ईरान के तत्कालीन इंटेलिजेंस मिनिस्टर ने कहा था कि पश्चिमी देशों की तरफ से बढ़ते दबाव के बीच इस फतवे को पलटा जा सकता है। अलजजीरा के मुताबिक, ईरान यूरेनियम को 60त्न तक एनरिच कर रहा है। इससे उसकी गुणवत्ता में सुधार आता है। वहीं हथियारों में इस्तेमाल होने वाले यूरेनियम को 90त्न तक इनरिच किया जा रहा है। एटमी हथियारों पर नजर रखने वाले एजेंसी द्बश्च ने कहा है कि अगर यूरेनियम को और एनरिच किया तो यह 2 परमाणु हथियारों की जरूरत को पूरा करने लायक हो जाएगा।

कैसे बढ़ा ईरान-इजराइल में तनाव

ईरान और इजराइल में पिछले डेढ़ महीने में तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, इजराइल ने 1 अप्रैल को सीरिया में मौजूद ईरान के दूतावास की एक बिल्डिंग पर हमला किया था। इसमें ईरान के 2 टॉप कमांडरों

समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान ने इजराइल से बदला लेने की बात कही थी। इसके ठीक 12 दिन बाद 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों-ड्रोन्स से हमला किया। इस दौरान नेवातिम एयरफोर्स बेस को निशाना बनाया गया। हालांकि, इजराइल, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने मिलकर ईरान के 99त्न हमले को नाकाम कर दिया।

इस हमले के बाद ईरान ने कहा था कि वह अपना बदला ले चुका है और अब विवाद को बढ़ाना नहीं चाहता है। हालांकि, इजराइल ने इसका बदला लेने की चेतावनी दी। हमले के 6 दिन बाद इजराइल ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान को टारगेट किया। इसके अलावा इराक और सरिया में भी एयरस्ट्राइक की गई। हालांकि, इस दौरान ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। इन हमलों के बाद दोनों देशों के बीच टकराव रुक गया, लेकिन जुबानी जंग जारी रही। ईरान-इजराइल लगातार एक-दूसरे को हमले की धमकी देते रहते हैं।

'परमाणु बम का इस्तेमाल करना हराम'

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा था कि परमाणु बम बनाना और इसका इस्तेमाल करना हराम है. हमारे पास परमाणु तकनीक है, लेकिन ईरान ने इससे परहेज किया है. ईरान के तत्कालीन खुफिया मंत्री ने भी 2021 में कहा था कि पश्चिमी दबाव तेहरान को परमाणु हथियार बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है. ईरान यूरेनियम को 60 प्रतिशत शुद्धता तक प्राप्त कर सकता है, जबकि हथियार-ग्रेड यूरेनियम 90 फीसदी तक एनरिच किया जाता है.अब इजरायल की तरफ से बढ़ते दबाव के कारण फिर से नियमों में बदलाव की बातें हो रही हैं।

संक्षिप्त ख़बरें

लोकसभा चुनाव-चौथे फेज में 13 मई को 10राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 96 सीटों पर वोटिंग आज

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनावों के चौथे चरण का आगाज सोमवार 13 मई को होने जा रहा है। इस फेज में 10राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए वोट डाले जाएगें। इस फेज में 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व क्रिकेटर भी चुनावी पिच पर है। इसके अलावा 5700 करोड की संपत्ति वाला सबसे अमीर प्रत्यक्षी भी मैदान में है।

2019 के चुनाव में 42 सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था। चुनाव आयोग के मुताबिक चौथे चरण के लिए कुल 1717 कैंडिडेट्स मैदान में है। जिनमें से 1540 पुरूष,और 170 महिलाए उम्मीदवार भी ताल ठोक रही है। अभी तक कुल 543 सीटों में से 284 सीटों पर मतदान हो गया है। चौथे

फेज की 96 सीटों को मिलाकर 380 सीटों पर मतदान हो पूरा हो जाएगा। बाकी की शेष 163 सीटों पर बकाया 3 चरणों में 1 जून को चुनाव संपन्न हो जाएगा। और 4 जून को सभी सीटों के परिणाम घोषित किए जाएगें।

बच्चों के लिए माँ के अरमान पर पिता का वार, पहुंचा दिया अस्पताल

त्रिवेणीगंज(सुपौल) जहाँ रविवार को लोग पूरे देश में मदर्स डे यानी मातृ दिवस मना रहे है। वहीं थाना क्षेत्र में अपने बच्चों के लिए एक मां के अरमान पर पिता ने वार कर दिया और उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया। घटना थाना क्षेत्र के कुशहा वार्ड नंबर 7 की है। जहाँ बिट्टू सरदार की 28 वर्षीय पत्नी मीरा देवी ने पति से अपने बच्चों का ट्यूशन फीस शिक्षक को जमा करने के लिए कहा, इसपर दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर पति ने पत्नी के ऊपर लोहे से वार कर दिया। इस घटना में 28 वर्षीय मीरा देवी की दाहिने हाथ में गंभीर चोटें लगी। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे परिजनों के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्युटी पर मौजूद चिकित्सक सूर्य किशोर मेहता ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए उसे बाहर रेफर कर दिया।

मदर्स डे पर प्रसूता एवं गर्भवतियों के बीच फलों का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात

त्रिवेणीगंज(सुपौल) मदर्स डे के अवसर पर रविवार को आर आर आर फाउंडेशन के तत्वाधान में अध्यक्ष ई रिंकेश कुमार, सचिव डॉ विश्वनाथ सरार्फ, डॉ प्रकाश कुमार, सुशीष यादव, कुंदन कुमार, सौरभ सुमन, तरुण सिंह राठौड़, अपराजिता सिन्हा एवं अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक शिवकिशोर मेहता और प्रवेश शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से अनुमंडलीय अस्पताल में आधा दर्जन प्रसूता एवं गर्भवतियों के बीच टोकरी युक्त विभिन्न प्रकार के फलों एवं जॉनसन बेबी किट का वितरण किया। जिसे पाकर महिला खुशी से

झूम उठे। साथ ही फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों ने महिलाओं को मातृ दिवस की बधाई दी। यही नहीं फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों ने अनुमंडलीय अस्पताल के अलावे कई निजी नर्सिंग होम में भी जाकर प्रसूता एवं गर्भवतियों के बीच दर्जनों टोकरी युक्त विभिन्न फलों एवं जॉनसन बेबी किट का वितरण किया। वहीं अध्यक्ष ई रिंकेश कुमार ने बताया कि आर आर आर फाउंडेशन लगातार सामाजिक कार्य मे बढ़ - चढ़कर हिस्सा लेते है। इसलिए मदर्स डे के अवसर पर फाउंडेशन ने इस तरह के सराहनीय कार्य किए है। इस मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के एएनएम एवं जीएनएम मौजूद रहे।

गोंडा में अवध केसरी सफल रही संगठन विस्तार पर चर्चा हुई

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा- रविवार को अवधकेसरी सेना कार्यालय गोंडा पर मीटिंग सफल संपन्न हुई जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और संगठन का विस्तार करने और कोष मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई उसके बाद संगठन के सभी पदाधिकारी जिलाअध्यक्ष धनंजय सिंह के अगुवाई में वृद्धा आश्रम पहुचें जहां पर उपस्थित वृद्धजनों को भोजन कराया और सभी वृद्धजनों को अंगवस्त्र प्रदान किया इस कार्यक्रम में अवध केसरी सेना के प्रमुख पदाधिकारी जैसे राष्ट्रीय संरक्षक राम नरेश पाण्डेय, अलोक सिन्हा, सेना प्रमुख नीरज सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री नील ठाकुर, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा सलहाकार प्रवीण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष , सूरज उपाध्यय, प्रदेश उपाध्यक्ष , अखंड सिंह, प्रदेश प्रभारी श्री अमित शुक्ला, अमर पाल सिंह मोनू, मोहित मिश्रा, सुनील यादव, बालमुकुद तिवारी, प्रवीन सिंह, प्रदीप चौबे, राहुल मिश्रा, सरवन मिश्र, बंशी लाल, राम देव, संजय मिश्रा, रितेश तिवारी, श्री मिश्रा, कृष्ण कुमार वर्मा, अवधेश कुमार मिश्रा, सुरेश प्रताप सिंह, समय कुमार शर्मा, शौरभ भटनागर, विवेक अज्ञानी, पंकज पाण्डेय, दीपक गिरी, सहित आदि सैकड़ो अवधकेसरी सैनिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वास्तविक जीवन और जीवन दर्शन भी है कि

खुद के बजाय शोषित, पीड़ित और वंचित के कितने काम आते हैं। हम आप जब इस प्रकार का सेवा का भाव अपने अंदर लाते हैं तो हम न सिर्फ प्रकृति के अनुपम रचना के रूप में अपनी सार्थकता को सिद्ध कर रहे होते हैं अपितु आने वाली पीढ़ी के लिए भी अनुकरणीय बन रहे होते हैं। हम सभी ऐसे ही नेकी के पथ पर चलते रहें। सौजन्य से- अवधकेसरी सेना कार्यालय गोंडा

भैरवपुर नेताजी मद्य इंग्रजी विद्यालय की स्वर्ण जयंती समारोह का सामुहिक सभा। स्वागत समिति गठन

स्वतंत्र प्रभात

असम धेमाजी -12 मई। धेमाजी जिले के सिलापथार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बृहत्तर भैरवपुर क्षेत्र में समाज को शिक्षा की किरण से प्रकाशित करणे के लिए कुछ दूरदर्शी व्यक्तियों के समर्पित प्रयास के बोदूलत 1975 मे नेताजी माध्यमिक विद्यालय नामक स्कूल का प्रतिष्ठा किया था । समय के चलते विद्यालय ने स्वर्ण जयंती वर्ष पदार्पण कर लिया । आज विद्यालय संचालन समिति ने इलाके की लोगों की सहयोग से विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक गोपाल चंद्र देव की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सामुहिक चर्चा के बाद लखीमपूर के सांसद प्रधान बोरूवा को प्रायोजक,जोनाई के विधायक भुवन पेगु,को अध्यक्ष विश्वजीत दास को कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के रूप में गिरिन चुटिया, देव कांत पेगु, विश्वजीत दास, विप्लव दास, सुलेखा दास, महासचिव असीम पुरकायस्थ, संयुक्त सचिव के रुप में

सुजीत नाथ, संभु दास को लेकर, 45 सदस्यों वाले मूल समिति के सहित 15 उप समितियां लेकर एक सशक्त स्वागत समिति गठन किया गया।

बैठक में स्कूल के प्रधानाध्यापक असीम पुरकायस्थ, पूर्व प्रधानाध्यापक अर्जुन वैद्य, चिचिबार गांव आंचलिक पंचायत के अध्यक्ष देव कांत पेगु, सिलापथार एम, वी स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक लोकनाथ वरदालोई, सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर दुवारा, ग्राम प्रधान मनोज ताय, स्कूल के शिक्षक समूह के साथ विभिन्न दल और संगठनों के पदाधिकारीओ सहित बड़ी संख्या में लोग

मजूद थे। 2025 के फरवरी महीने में स्वर्ण जयंती समारोह को सर्व सुंदर करने के लिए हेडमास्टर और पूर्व छात्रों ने बाहर में रहरहे विद्यालय के पूर्व छात्रों के सभी लोगों को हर प्रकार के सहयुगीता के लिए मीडिया के जरिए अनुरोध किया है।

बिहार सरकार के पिएचडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने राहुल गांधी को लेकर दिया बड़ा बयान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी लगाया बड़ा आरोप

बिहार पीएचडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी को लेकर कर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है। की माननीय प्रधानमंत्री पर डिबेट करने के लिए बाद में सोचे। उससे पहले हम जैसे नेता से बात करे। माननीय प्रधानमंत्री जी दुनिया के सबसे बड़े पॉपुलर लीडर है। उनसे डिबेट करने का सोचना भी छोड़ दे। वहीं साथ ही। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी निशाना सधते हुए कहा है। कि अरविंद केजरीवाल सबसे बढ़कर झूठे नेता है। वह पहले झूठ बोला करते थे अब लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम करते है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का नाम लिए बिना उनका दाल नहीं गलता है। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री इस बार भी 5 साल तक अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करेंगे। इसमें कहीं कोई संदेह नहीं है। किसी के भ्रम फैलाने से कुछ नहीं होगा।

11 मई 1998 में हुए न्यूक्लियर टेस्ट की सफलता और डॉक्टर कलाम पर भारत के दो वैज्ञानिकों ने क्यों उठाए थे सवाल?

● - हर साल 11 मई को नेशनल टेक्नोलॉजी डे मनाया जाता है. भारत से इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन यानी 11 मई 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया था.

स्वतंत्र प्रभात

भारत ने 11 मई 1998 को राजस्थान के पोखरण में दूसरी बार परमाणु परीक्षण करके पूरी दुनिया को चौंका दिया था. इस परमाणु परीक्षण की तैयारियों को इतने गुप्त तरीके से अंजाम दिया था कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए तक को भनक नहीं लगी थी जिसके सैटेलाइट लगातार पोखरण की निगरानी कर रहे थे.

भारत सरकार ने इस अभियान को 'शक्ति' नाम दिया था. इसमें दो बड़े विस्फोट शामिल थे जिनमें से एक थर्मोन्यूक्लियर 'हाइड्रोजन बम' का विस्फोट था और तीन छोटे विस्फोट थे जिनकी क्षमता एक किलो टन से कम थी.

सरकार ने अपने बयान में बताया था पहले विस्फोट की क्षमता 12 किलो थी और दूसरे विस्फोट में इस्तेमाल किया गया थर्मोन्यूक्लियर उपकरण 43 किलो का था. ये हिरोशिमा पर गिराए गए बम से लगभग तीन गुना ज्यादा ताकतवर था. बाकी तीन विस्फोटों की क्षमता एक किलो से भी कम थी.

पहले तीन विस्फोट 11 मई को किए गए थे और बाकी दो का परीक्षण 13 मई को राजस्थान राज्य के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित पोखरण रेंज में किया गया था. यह रेंज राजधानी जयपुर से करीब 600 किलोमीटर दूर है.

पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण के बाद भारतीय वैज्ञानिकों ने एक बयान में कहा था, ÷इन न्यूक्लियर टेस्ट से हमें विभिन्न क्षमताओं के परमाणु हथियारों को बनाने की हमारी काबिलियत को जांचने का मौका मिला. इन हथियारों को अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है और अलग-अलग तरीकों से पहुंचाया जा सकता है.÷

परमाणु परीक्षण का भारत पर क्या असर हुआ था?

पश्चिमी देशों ने भारत में हुए परमाणु परीक्षणों की बहुत निंदा की थी. अमेरिका, जापान और कनाडा ने भारत पर आर्थिक पाबंदियां लगा दीं थी. तब विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा था कि सिर्फ अमेरिका की पाबंदियों से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल 1 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है.

रक्षा मंत्री के साइंसटिफिक एडवाइजर और एटॉमी एनर्जी एंड डिफेंस रिसर्च डवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख एपीजे अब्दुल कलाम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत के परमाणु कार्यक्रम को इन पाबंदियों से रोका नहीं जा सकता.

तब अखबार 'संडे स्टेट्समैन' के मुताबिक, पोखरण के पास खेतोलाई गांव के रहने वाले कई लोगों ने विस्फोट के बाद नाक से खून आना, त्वचा और आंखों में जलन, उल्टी और दस्त होने की शिकायत की थी. हालांकि स्थानीय अधिकारियों ने रॉयटर्स से कहा था कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है. परमाणु परीक्षणों से कोई हानिकारक रेडियोधर्मिता नहीं फैली है.

1998 में परमाणु परीक्षण को लेकर क्या था विवाद?

1998 के परमाणु परीक्षण को लेकर कुछ विवाद भी हुआ था. होमी सेठना जिन्हें भारत के पहले परमाणु परीक्षण का जनक माना जाता है, उन्होंने इस परीक्षण पर सवाल उठाए थे. सेठना का कहना है कि एपीजे अब्दुल कलाम ये कहने वाले कौन होते हैं कि DRDO के पूर्व वैज्ञानिक सदाशिवन (के) संथानम गलत बोल रहे हैं. संथानम का दावा था कि ये परीक्षण पूरी तरह से सफल नहीं रहे थे. उन्होंने इसे 'फुस्स' (नाकाम विस्फोट) करार दिया था. संथानम के इस दावे के बाद कलाम को भारत की परमाणु रक्षा क्षमता को सही ठहराना पड़ा था.

1974 के परमाणु परीक्षणों को अंजाम देने वाले तीन बड़े वैज्ञानिकों में से एक पीके अयंगर भी पहले ही संथानम की बात का समर्थन कर चुके थे और सरकार के सफल परीक्षण के दावों पर सवाल उठाए थे. परमाणु ऊर्जा आयोग (एईसी) के पूर्व अध्यक्ष पीके अयंगर ने आरोप लगाया था कि 1998 के परीक्षणों को सरकार के कहने पर जल्दबाजी में किया गया था. अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली बीजेपी नीत एनडीए सरकार ने सत्ता संभालने के कुछ ही समय बाद भारत ने ये परीक्षण किए थे.

अयंगर का कहना था कि परीक्षण से दो महीने पहले मार्च 1998 में भारत की खुफिया एजेंसियों को शायद पता चल गया होगा कि पाकिस्तान भी परमाणु परीक्षण करने वाला है और वो इस बारे में गंभीर हैं. उन्होंने कहा, "तो सरकार की ओर से इन वैज्ञानिकों पर दबाव डाला होगा कि जल्दी से जल्दी परीक्षण कर लिया जाए. जल्दबाजी में काम करवाने का मकसद शायद ये था कि राजनीतिक तौर पर आगे निकला जा सके, क्योंकि बीजेपी अभी-अभी सत्ता में आई थी. अगर पाकिस्तान भारत से पहले परमाणु परीक्षण कर लेता, तो भारत की आम जनता को कैसा लगता?"

अब्दुल कलाम के बारें में क्या कुछ बोले साइंटिस्ट

होमी सेठना 1974 में एईसी चेयरमैन रहे थे. सेठना ने CNN-IBN को दिए इंटरव्यू में अब्दुल कलाम को बिल्कुल नहीं बख्शा. सेठना का कहना है कि "वह (कलाम) विस्फोटक बनाने के बारे में क्या जानते थे? उन्हें कुछ नहीं पता था. राष्ट्रपति बनने के बाद तो वो बड़े ज्ञानी लगने लगे. उन्होंने परमाणु ऊर्जा के सहारे अपना नाम और बढ़ाना चाहा."

सेठना यहीं नहीं रुके. उन्होंने आगे कहा, "मुझे ये बिल्कुल पसंद नहीं कि राजनेता इन मामलों में बीच में टांग अड़ाएं. मेरा मानना है कि उन्हें इससे दूर रहना चाहिए. जब हमने पहला परमाणु परीक्षण किया था तब कोई नेता शामिल नहीं था. वो एकदम नया परीक्षण था. हमारी किस्मत अच्छी थी कि सब कुछ ठीक से हो गया."

पोखरण-2 परीक्षणों को अंजाम देने वाले सदाशिवन (के) संथानम ने दावा किया था कि वहां किया गया हाइड्रोजन बम का परीक्षण असफल रहा था. इसे वह 'फुस्स' (नाकाम विस्फोट) बताते हैं.

भारत सरकार ने दूसरे परमाणु परीक्षण पर क्या कहा

परमाणु परीक्षण के वक्त देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार (1998-2004) थी. परमाणु परीक्षणों के कुछ समय बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सदन में संबोधित करते हुए कहा था, '11 मई को भारत ने तीन परमाणु परीक्षण सफलतापूर्वक किए. इसके बाद 13 मई को दो और परीक्षण हुए. ये हमारे देश के वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि है.' वाजपेयी सरकार ने इन परीक्षणों को सफल बताया था.